राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 58, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली गुरुवार 14 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

दयानंद वत्स ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रघुवंश प्रसाद सिंह की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित .... पेज 03

जौनपुर: धर्म परिवर्तन की प्रचार सामग्री के साथ एक महिला सहित चार गिरफ्तार .... पेज 05

विशेष अदालत ने सिफर मामले में इमरान, कुरैशी की न्यायिक हिरासत 26 सितंबर तक बढ़ाई .... पेज 07

# एमपी : दतिया में फायरिंग, 5 की मौत

## मवेशी भगाने को लेकर दो गुटों में हुआ विवाद, 8 घायल

एजेंसी



दतिया। दतिया में दो गुटों में फायरिंग में पांच लोगों की मौत हो गई। मामला जिले के रेड़ा गांव का है। यहां बुधवार सुबह खेत से मवेशी भगाने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए।8 लोग घायल बताए जा रहे हैं।

घायल ज्ञान सिंह पाल ने बताया कि मवेशियों को भगाने को लेकर दांगी समाज से विवाद हुआ है। अचानक गोलीबारी होने लगी। मुझे पैर में गोली लगी है। कुछ देर बाद मैं बेहोश हो गया। बड़ौनी एसडीओपी विनायक शुक्ला अस्पताल पहुंचे हैं। मामले की जांच की जा रही है।

### पुलिस ने 50 लोगों को राउंडअप किया

घटना के बाद चंबल रेंज के आईजी सुशांत सक्सेना और एसपी प्रदीप शर्मा ने मौका मुआयना किया।

एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि 2 दिन पहले दोनों पक्षों ने विवाद को लेकर थाने में आवेदन दिए थे। इसके बाद कल सुबह लगभग 25 लोग सुलह के लिए गांव से 100 मीटर दूर एकत्रित हुए थे।

इसी दौरान गोलीबारी हुई। पुलिस ने 50 लोगों को राउंडअप किया है।

### फायरिंग में इनकी हुई मौत

घटना में प्रकाश दांगी (पिता भैयालाल दांगी), सुरेंद्र दांगी ( पिता प्रकाश दांगी), रामनरेश दांगी (पिता भैयालाल दांगी), राजेंद्र पाल( पिता प्रीतम पाल) और राघवेंद्र पाल( पिता ठाकुर दास पाल) की मौत हो गई है। पुलिस ने अभी तीन घायलों के नाम बताए हैं। ज्ञान सिंह (पिता लालाराम पाल), ठाकुरदास (पिता रामचरण पाल) और मुकेश (पिता सिरनाम) घायल हैं।

### विरोध प्रदर्शन




जम्मू में विरोध प्रदर्शन के दौरान पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) समर्थकों को रोकने की कोशिश करते पुलिसकर्मी।

### जी-20 की सफलता पर प्रस्ताव पारित

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई बैठक में जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता की सराहना करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव में 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' विषय के विभिन्न पहलुओं पर प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण की सराहना की गई है। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री के जन भागीदारी के दृष्टिकोण से जी-20 कार्यक्रमों और गतिविधियों में समाज के व्यापक वर्गों को शामिल किया गया। भारत की जी 20 अध्यक्षता के दौरान 60 शहरों में 200 से अधिक बैठकें की गई। भारत की जी-20 अध्यक्षता वास्तव में जन-केंद्रित थी और एक राष्ट्रीय प्रयास के रूप में उभरी। प्रस्ताव में कहा गया है कि शिखर सम्मेलन के नतीजे परिवर्तनकारी थे और आने वाले दशकों में वैश्विक व्यवस्था को फिर से आकार देने में योगदान देंगे।

# अनंतनाग में मुठभेड़ : कर्नल समेत 3 अफसर हुए शहीद

## राजौरी में 2 आतंकी मार गिराए




जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के एक कर्नल सहित सुरक्षा बल के 3 जवान शहीद हो गए। अधिकारियों ने बताया कि अनंतनाग जिले के कोकेरनाग इलाके में यह एनकाउंटर हुआ। उन्होंने बताया कि कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष, जम्मू कश्मीर पुलिस के उपाधीक्षक हुमायूं भट गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बाद में उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने कहा कि भट की मौत अत्यधिक खून बह जाने के कारण हुई।

अधिकारियों ने बताया कि गाडोले इलाके में आतंकियों के खिलाफ अभियान मंगलवार शाम को शुरू हुआ था, लेकिन रात में इसे रोक दिया गया था।

उन्होंने कहा कि आज सुबह आतंकवादियों की तलाश फिर शुरू की गई, जब सूचना मिली कि उन्हें एक ठिकाने पर देखा गया है। सेना के कर्नल अपने दल का नेतृत्व कर थे, जिसने आतंकियों पर हमला बोल दिया। हालांकि, आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी की जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

### राजौरी में मुठभेड़ के दौरान दूसरा आतंकी मारा गया

दूसरी ओर, जम्मू-कश्मीर के राजौरी में बुधवार को मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने एक और आतंकवादी को मार गिराया।

जिले के सुदूरवर्ती गांव में तीन दिन से जारी अभियान के दौरान मारे गए आतंकवादियों की संख्या बढ़कर 3 हो गई है। सुदूरवर्ती नारला गांव में मंगलवार को हुई मुठभेड़ में एक संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। गोलीबारी में सेना का एक जवान और सेना की श्वान इकाई की 6 वर्षीय मादा लैब्राडोर केंट भी शहीद हो गई, जबकि तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) (जम्मू क्षेत्र) मुकेश सिंह ने कहा कि बुधवार को मुठभेड़ में एक और आतंकवादी को मार गिराया गया। अधिकारियों ने कहा कि खराब मौसम के बावजूद सुरक्षा बलों ने राजौरी शहर से 75 किलोमीटर दूर इलाके के चारों ओर पूरी रात मजबूत घेराबंदी की। सुबह आस-पास के इलाकों में तलाशी बढ़ा दी गई।

उन्होंने बताया कि रात में रुक-रुककर गोलीबारी होती रही जिससे स्थानीय निवासियों में भय बना रहा। स्थानीय निवासी क्षेत्र में स्थायी सुरक्षा चौकी की मांग कर रहे हैं।

### बैग, कुछ कपड़े और संदिग्ध सामान बरामद

अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने सोमवार को पतराडा इलाके के वन क्षेत्र में घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया और 2 लोगों की संदिग्ध गतिविधियां देखने के बाद कुछ गोलियां चलाई। दोनों संदिग्ध अंधेरे और घने जंगल की आड़ में भाग निकले। वे अपने पीछे एक बैग, कुछ कपड़े और अन्य सामान छोड़ गए जिन्हें खोजी दलों ने बरामद कर लिया। किश्तवाड़ जिले के शहीद राइफलमैन रवि कुमार के लिए बुधवार तड़के राजौरी में सेना चौकी में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। उपायुक्त (राजौरी) विकास कुंडल और सेना के सीनियर अधिकारियों के साथ-साथ अन्य रैंक के लोगों ने कुमार के ताबूत पर पुष्पचक्र अर्पित किए। पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार के लिए उनके पार्थिव शरीर को विमान से उनके गृहनगर ले जाया जा रहा है।

# रिटायर्ड आरएएस और बिजनेसमैन के लॉकर से मिला 9.5 किलो सोना

## कीमत 6 करोड़ से ज्यादा; जल जीवन मिशन घोटाले में ईडी का सर्च

जयपुर। देश की सबसे बड़ी पेयजल योजना जल जीवन मिशन में हुए करोड़ों के फर्जीवाड़े को लेकर प्रवर्तन निदेशालय की राजस्थान में कार्रवाई जारी है। ईडी की टीम को बिजनेसमैन ओपी विश्वकर्मा और रिटायर्ड आरएएस अमिताभ कौशिक के बैंक लॉकर्स में करीब 6 करोड़ की कीमत का गोल्ड मिला है।

ईडी से मिली जानकारी के अनुसार शहर के बड़े-बड़े लोगों का पैसा निवेश कराने वाले ओपी विश्वकर्मा के 2 लॉकर में ईडी टीम ने सर्च किया तो उनमें 8 किलो गोल्ड के बिस्किट मिले। इस गोल्ड की बाजार कीमत करीब 4 करोड़ 84 लाख रुपए बताई जा रही है। इसके अलावा ईडी ने रिटायर्ड आरएएस अधिकारी अमिताभ कौशिक के एक बैंक लॉकर को सर्च किया, जिसमें डेढ़ किलो सोना मिला। इस सोने की बाजार कीमत करीब 90



लाख रुपए बताई जा रही है। ईडी की टीमों ने पिछले तीन दिन में जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारियों और अब तक डिटेन किए गए लोगों के सील कराए गए बैंक लॉकरों को सर्च करना शुरू कर दिया है। सर्च में ईडी को बड़ी मात्रा में गोल्ड मिला है। इसके बारे में ओपी विश्वकर्मा और अमिताभ कौशिक से पूछताछ की, लेकिन उन्होंने सोने को लेकर अब तक कोई जानकारी नहीं दी और न ही गोल्ड उनके लॉकर में होने की बात स्वीकारी है।

# राजस्थान में हादसा, 12 की मौत

## बस सड़क किनारे खड़ी थी; ट्रक ने पीछे से टक्कर मारी और लोगों को कुचलता चला गया

**भरतपुर।** राजस्थान के भरतपुर में बुधवार सुबह एक बस और ट्रक की टक्कर में 12 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 12 से ज्यादा लोग घायल हैं। पुलिस और प्रशासन के मुताबिक, मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। बस में 57 से ज्यादा लोग सवार थे।

यह हादसा लखनपुर थाना क्षेत्र के आगरा-जयपुर नेशनल हाईवे-21 पर हंतारा के पास सुबह 5: 30 बजे हुआ। मरने वालों में 7 महिलाएं और 5 पुरूष हैं। सभी मृतक गुजरात के भावनगर के रहने वाले थे। पुलिस के अनुसार, बस भावनगर से मथुरा होते हुए हरिद्वार जा रही थी। सुबह भरतपुर-आगरा हाईवे पर अचानक बस का डीजल पाइप फट गया। करीब 10-12 यात्री ड्राइवर के साथ बस से उतर गए। ड्राइवर और उसके साथी पाइप रिपेयर करने के बाद डीजल लेने के लिए चले गए। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने बस को टक्कर मारी और पास खड़े लोगों को कुचलता हुए निकल गया। इस दौरान वहां से गुजर रहे अन्य वाहनों के ड्राइवर ने सड़क पर पड़े बेसुध लोगों को देखा तो



पुलिस को कॉल किया और एम्बुलेंस को बुलाया। सभी के शवों को भरतपुर जिला अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाया गया है।

### सड़क पर बिखरे शव, हाईवे पर लगा रहा जाम

हादसे के बाद शव हाईवे पर बिखर गए। वहां मौजूद लोगों ने एक-एक शव को बीच सड़क से हटाकर साइड में रखवाया। वहीं, हाईवे पर जाम भी लग गया। पुलिस ने बताया कि अभी तक ये पता नहीं चल पाया है कि किस वाहन ने टक्कर मारी। घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। होश में आने पर उनसे पूछताछ की जाएगी। लखनपुर पुलिस के अनुसार, मृतकों में अन्तुभाई पुत्र लालजी (55), नंदराम पुत्र मयूर (68), कल्लो बेन (60) भरत पुत्र भीखा, लल्लू पुत्र दयाभाई, लालजी पुत्र मनजीभाई, अम्बा पत्नी झीणा, कम्बू बेन पत्नी पोपट, रामू बेन पत्नी ऊदा, मधु बेन पत्नी अरविंद दागी, अंजू पत्नी थापा, मधु पत्नी लालजी चूड़ासमा शामिल हैं। सभी गुजरात के भावनगर जिले के डीहोर निवासी हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि देने का ऐलान किया है।

## नकली दवाओं के प्रसार के संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव को नोटिस

**नयी दिल्ली** ।राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने लीवर (यकृत) और कैंसर की नकली दवाओं के प्रसार की रिपोर्टों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव तथा भारत के औषधि महानियंत्रक को नोटिस जारी किया है। एनएचआरसी के बयान में कहा गया है कि आयोग ने इस मामले में एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है और इसमें जीवन रक्षक दवा के नकली संस्करणों की आपूर्ति एवं निकास की जांच करने के लिए प्रासंगिक कानूनों के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति शामिल होनी चाहिए, जैसा कि समाचार रिपोर्ट में बताया गया है। नोटिस की प्रतिक्रिया चार सप्ताह के भीतर मिलने की उम्मीद है। बयान में कहा गया है कि भारत सहित चार देशों में कथित तौर पर दवाओं के नकली संस्करण पाए गए हैं जो अक्सर रोगी की बहुत के अंदर होते हैं तथा अनियमित आपूर्ति श्रृंखलाओं (मुख्य रूप से ऑनलाइन) में वितरित होते हैं।

# संसद के स्पेशल सेशन में पेश होंगे 4 बिल

## मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़ा बिल भी शामिल

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया है।

इस दौरान संसद में चार बिल पेश किए जाएंगे। राज्यसभा की ओर से जारी संसदीय बुलेटिन में 13 सितंबर को इसकी जानकारी दी गई।

सत्र के पहले दिन यानी 18 सितंबर को राज्यसभा में 75 सालों की संसदीय यात्रा, उपलब्धियां, अनुभव, यादों और सीख पर चर्चा होगी।

उधर, राज्यसभा में पोस्ट ऑफिस बिल 2023 और मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़े बिल पेश किए जाएंगे। ये दोनों बिल राज्यसभा में पेश होने के बाद लोकसभा में रखे जाएंगे।

इसके अलावा लोकसभा में एडवोकेट्स अमेडमेंट बिल 2023 और प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल बिल 2023 पेश किए जाएंगे। ये दोनों बिल 2023 के मानसून सत्र के दौरान (3 अगस्त) को राज्यसभा में पास हुए थे। इसके बाद 4 अगस्त को इन्हें लोकसभा में पेश किया गया, लेकिन मणिपुर मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के चलते ये बिल पास नहीं हो सके।

## 'इंडिया' गठबंधन आम चुनाव में देशभर में करेगा संयुक्त सभाएं

एजेंसी

नयी दिल्ली। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) ने 2024 के चुनाव में देशभर में संयुक्त रूप से सार्वजनिक सभाएं आयोजित करने का निर्णय लिया है और इस क्रम में पहली आम सभा अक्टूबर के पहले सप्ताह में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में होगी।

समन्वय समिति के सदस्य तथा कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने बैठक के बाद बताया कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार के आवास पर आज शाम हुई समिति की पहली बैठक में भारतीय जनता पार्टी शासित राज्य में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दों के साथ ही देश में जाति जनगणना के मुद्दे पर चर्चा हुई जिसको लेकर सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त की।

### सेल्फी



बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. अमेरिका के कैलिफोर्निया में एप्पल परिसर में नए उत्पादों की घोषणा के दौरान सिंधु ने एप्पल के सीईओ टिम कुक के साथ सेल्फी ली।

### सड़क हादसा

## कई लोग घायल, ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक करने के दौरान हादसा

# कानपुर में डंपर से भिड़ी पिकअप, चार की मौत

घाटमपुर। कानपुर के बिधनू में बुधवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। ट्रैक्टर ट्राली को ओवरटेक करने के दौरान तेज रफ्तार पिकअप सामने से आ रहे डंपर से टकरा गई। हादसे में पिकअप सवार चार लोगों की मौत हो गई। वहीं छह से ज्यादा लोग घायल हैं। हादसे की सूचना पर डीसीपी रविंद्र कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को बिधनू सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

हादसा बिधनू थाना क्षेत्र के अफजलपुर गांव के पास शाम साढ़े चार बजे हुआ। बताया जा रहा है कानपुर से घाटमपुर जा रही तेज रफ्तार पिकअप ट्रैक्टर ट्रॉली को ओवरटेक कर रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहे डंपर से उसकी टक्कर हो गई। जिसके बाद चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची बिधनू पुलिस घायलों को सीएचसी लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने पिकअप सवार चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं आधा दर्जन से अधिक लोगों को घायल हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सीएचसी पहुंची भदरस गांव निवासी रुकसाना ने बताया कि उनकी बहन कानपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती थी। जिन्हें देखने उनकी मां शहनाज (45) के साथ उनकी मौसी



हाजरा, मौसिया कुदरतदीन (43), भोलू (5) पुत्र तौफीक, शिफा (2), सादिक (45), मुन्ना (50) कानपुर गए थे। वहां से पिकअप में सवार होकर घर लौट रहे थे, तभी ये हादसा हो गया। अभी कौन-कौन घायल है, किसकी मौत हुई ये, हमें पता नहीं चल पाया है। सभी घायलों को हैलट भेजा गया है। पिकअप में 12 लोग सवार थे। घटना की जानकारी मिलते ही कानपुर डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार समेत सर्किल फोर्स के साथ बिधनू सीएचसी पहुंचे है। वहां उन्होंने घायलों का हालचाल लिया। उनका उचित इलाज कराने के डाक्टरों को निर्देश दिए। पुलिस हादसे को लेकर जानकारी जुटा रही है। वहीं मृतकों की पहचान भी की जा रही है।

### डंपर चालक को ग्रामीणों ने पीटकर पुलिस को सौंपा

हादसे के बाद पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। जिससे पिकअप में सवार सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। कुछ सवारियां तो उछलकर हाईवे पर जा गिरीं। गनीमत रही की इस दौरान कोई वाहन नहीं आया, नही तो बड़ी घटना हो सकती थी। घटना के बाद चालक डंपर लेकर लगभग एक किलोमीटर भागा, लेकिन राहगीरों ने उन्हें डंपर चालक का पीछा करके थाना क्षेत्र के तेजीपुरवा के पास पकड़कर पीटने के बाद बिधनू पुलिस को सौंप दिया।

# सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया ब्रीफिंग नियमावली तीन महीने में बनाने का दिया निर्देश

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय को निर्देश दिया कि वह लंबित आपराधिक जांच के मामलों में मीडिया के समक्ष खुलासे की प्रकृति के संबंधित एक नियमावली तीन महीने के अंदर तैयार करे।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एनजीओ पीयूसीएल और अन्य की जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि लंबित आपराधिक मामलों पर मीडिया ट्रायल न्याय प्रशासन को प्रभावित करता है।

पीठ ने कहा कि मीडिया ट्रायल पीड़ितों के साथ-साथ अभियुक्तों के हित को



भी प्रभावित करता है। मीडिया ट्रायल का न होना पीड़ितों, आरोपियों और आम जनता के भी हित में है।

शीर्ष अदालत ने सभी पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) को दिशानिर्देशों पर अपने सुझाव गृह मंत्रालय को देने का भी निर्देश दिया।

पीठ ने कहा, केंद्र सरकार द्वारा दिशानिर्देश लगभग एक दशक पहले एक अप्रैल 2010 को तैयार किए गए थे। तब से न केवल प्रिंट मीडिया, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में भी अपराध की रिपोर्टिंग में वृद्धि हुई है। ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि एक संतुलन हो।

शीर्ष अदालत ने पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील बनाने की जरूरत पर जोर दिया कि जांच के विवरण किस स्तर पर सामने आ सकते हैं। यह तय करने की जरूरत है।

पीठ ने कहा कि मीडिया को बयान के दौरान पुलिस द्वारा किया गया खुलासा वस्तुनिष्ठ प्रकृति का होना चाहिए, न कि व्यक्तिपरक।

पीठ ने कहा कि मीडिया ट्रायल एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, क्योंकि इसमें पीड़ितों के हित और मामले में एकत्र किए गए सबूत शामिल हैं।

नई दिल्ली
गुरुवार 14 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## विश्व में बज रहा सनातन का डंका: विजयवर्गीय



ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने सनातन धर्म पर हो रहे हमले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए आज कहा कि सनातन धर्म को कोई हिला नहीं पाया है और आज इसका डंका पूरे विश्व में बज रहा है। विजयवर्गीय अपने ग्वालियर प्रवास के दौरान यहां पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा की एक दुर्भाग्य की बात है की देश में बना घमंडिया गठबंधन 'इंडिया एलाइन्स' के मुंबई के बाद सनातन पर हमला बोला गया। लेकिन कांग्रेस के ही अध्यक्ष के बेटे ने उदयनिधि की बात का समर्थन किया।

## शार्ट न्यूज

### कोटा के ऑक्सीजोन पार्क की खूबसूरती से अभिभूत गहलोत ने फोटो शूट करवाया

**कोटा।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को कोटा में ऑक्सीजोन सिटी पार्क का लोकार्पण किया, लेकिन बाद में भ्रमण के दौरान उसकी खूबसूरती को देखकर इतने अभिभूत हुए कि अतिथियों के साथ फोटो शूट भी करवाया। उन्होंने कोटा के इस पार्क की जमकर तारीफ की। मुख्यमंत्री गहलोत ने बुधवार को कोटा में ऑक्सीजोन सिटी पार्क (द गार्डन ऑफ जॉय) को लोकार्पण कर सौगात दी और इसके बाद उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी पी. जोशी, स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल और अन्य मंत्रियों के साथ पार्क का अवलोकन किया। श्री गहलोत ने पार्क में पौधारोपण भी किया और गन मेटल से बनी ट्री मैन प्रतिमा के सामने सामूहिक फोटो शूट कराया। चिल्ड्रन पार्क में बच्चों ने फूल देकर श्री गहलोत का स्वागत किया। उन्होंने बच्चों के लिए बधाई संदेश लिखा। उन्होंने बोट में बैठकर भी पार्क का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय विकास में राजस्थान मॉडल स्टेट बन गया है। इस पार्क में कोटावासियों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को खुशनुमा माहौल मिलेगा। यहां नेचर और म्यूजिक के बीच घूमकर तनावमुक्त होंगे।

### कोटा में एक और कोचिंग छात्रा ने की आत्महत्या

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में रहकर नीट की कोचिंग कर रही एक और कोचिंग छात्रा झारखंड के रांची निवासी रिचा (16) ने फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार कोटा के विज्ञान नगर थाना क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक कॉपलेक्स के एक हॉस्टल में कल रात 9.30 बजे बाद छात्रा रिचा ने फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। हॉस्टल के जिस कमरे में यह छात्रा रहती थी,वहां उसकी एक और अन्य छात्रा भी रुम पार्टनर थी। करीब 9: 30 बजे जब इस रुम पार्टनर छात्रा के पिता का फोन आया तो वह फोन पर बात करती हुई कमरे के बाहर की बालकनी में चली गई तो रिचा ने अचानक बालकनी का अन्दर से दरवाजा लगा दिया और फांसी के फंदे से लटक गई। दूसरी छात्रा के शोर मचाने और हॉस्टल वार्डन को फोन पर सूचना देने के बाद हॉस्टल वार्डन व अन्य लोग कमरे में पहुंचे और दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश किया तो छात्रा पंखे से फांसी के फंदे से लटकी हुई मिली। उसे तत्काल नीचे उतार कोटा में तलवंडी के एक निजी चिकित्सालय ले जाएगा जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर विज्ञान नगर पुलिस ने शव को बरामद किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

### गहलोत ने कोटा में सिटी पार्क का किया लोकार्पण

**कोटा।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को यहां झालावाड़ रोड स्थित सिटी ऑक्सीजोन पार्क का लोकार्पण किया। गहलोत सुबह करीब पौने ग्यारह बजे बजे हैलीकॉप्टर से कोटा हवाई अड्डा पहुंचने पर सीधे सिटी ऑक्सीजोन पार्क में गए और इसका लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने की जबकि लोकार्पण के मौके पर विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. सी पी जोशी , शिक्षा मंत्री बी डी कल्ला, राजस्व मंत्री राम लाल जाट, खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास सहित गहलोत सरकार के कई मंत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और विभिन्न निगमों, बॉर्डों के अध्यक्ष, विधायक एवं कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद थे। इसके बाद में श्री गहलोत ने अपने मंत्रिमंडल के हयोगियों एवं अधिकारियों सहित ऑक्सीजोन सिटी पार्क का भ्रमण किया और निर्माण कार्या का अवलोकन करते हुए उनकी प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि गहलोत को मंगलवार को चंबल रिवर फ्रंट लोकार्पण कार्यक्रम में भी मुख्य अतिथि के रुप में भाग लेना था लेकिन वह अपरिहार्य कारणों से नहीं पहुंच पाये।

### अजमेर में भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा 14 सितम्बर को पहुंचेगी

**अजमेर।** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा चुनाव के लिये प्रवर्तित चार में से एक ..परिवर्तन संकल्प यात्रा.. कल 14 सितंबर को सायं अजमेर शहर में पहुंचेगी। अजमेर भारतीय जनता पार्टी शहर अध्यक्ष रमेश सोनी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि संगठन ने प्रदेश में कांग्रेस सरकार की नाकामी के खिलाफ पूरे साढ़े चार साल से ज्यादा समय तक जनता के बीच रहकर आवाज उठाने का काम किया है और अब परिवर्तन संकल्प यात्रा के जरिये आखरी कील ठोकने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यात्रा दोपहर 3 बजे किशनगढ़ से अजमेर के लिये प्रस्थान कर यहां पहुंचेगी। जिसका सबसे पहले महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय चौराहे पर अभूतपूर्व स्वागत किया जायेगा। उसके बाद जिला न्यायालय के बाहर, अम्बेडकर सर्किल, अग्रसेन चौराहा, गांधी भवन सहित 24 स्थानों पर स्वागत होगा। अजमेर संगठन सहप्रभारी बीरमदेव सिंह ने कहा कि साढ़े चार साल निष्क्रिय रहने वाली गहलोत सरकार आखरी छह महिने लालीपॉप देने का काम कर रही है। उनके मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। भाजपा राज्य में बड़े अंतर से सरकार बनायेगी।

### मुकुंदरा हिल्स की उपेक्षा का आरोप,बाघों को शीघ्र बसाएं जाने की मांग

कोटा। राजस्थान में कोटा जिले के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में सरिस्का की तर्ज पर फिर से बाघों को आबाद किए जाने की पुरजोर मांग की गई है। मुकुंदरा-रामगढ़ टाइगर संस्था के अध्यक्ष दौलत सिंह शक्तावत, सचिव कौशल बंसल, कोषाध्यक्ष कृष्णेंद्र नामा, सदस्य देवव्रत हाडा की ओर से राज्य के वन एवं पर्यावरण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव शेखर अग्रवाल को भेजे ज्ञापन में कहा गया है कि कि सरिस्का में बाघों के विलुप्त होने के बाद जिस तरीके से अल्प अवधि में दो नर और तीन मादा का पुनर्वास करके उसे फिर से आबाद करने की कोशिश की गई थी, उसी तरह से कोटा जिले के इस टाइगर रिजर्व में भी दो नर और तीन मादा को लाकर उनका आबाद किया जाए। इस अभयारण्य में पहले से ही एक नर एवं मादा बाघ मौजूद हैं। ऐसी स्थिति में यदि नए बाघों के जोड़ों का पुनर्वास किया जाता है तो यहां बाघों की आबजी बढ़ने की संभावनाएं बहुत अधिक है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि बाघों के लिए शाकाहारी वन्यजीवों को निरन्तर मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में स्थानांतरित किया जाए। पूर्व में केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान से 500 चीतल लाए जाने थे लेकिन दो वर्ष की समय अवधि के बीत जाने के बावजूद अभी तक यह चीतल यहां नहीं लाए गए हैं।

### राधाचरण साह के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

पटना। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन के घटक जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विधान पार्षद राधाचरण साह उर्फ राधाचरण सेठ के अलग-अलग ठिकानों पर आज एक साथ छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि ईडी की टीम ने शाह के राजधानी पटना और भोजपुर जिले के आरा स्थित ठिकाने पर एक साथ छापेमारी की। बालू के ठेकों में कथित रूप से हेरफेर किए जाने के आरोपों को लेकर पहले भी श्री साह से पूछताछ की जा चुकी है। पिछले दिनों ही साह और उनके पुत्र से पूछताछ की गई थी। एक बार फिर से अब प्रवर्तन निदेशालय ने उनके खिलाफ शिकंजा कसा है और एक साथ बिहार में उनके प्रमुख ठिकानों पर छापेमारी की है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम जदयू विधान पार्षद साह के भोजपुर जिले के नवादा थाना क्षेत्र के अनाईठ मठिया स्थित फार्म हाउस पर छापेमारी कर रही है। छापेमारी करने गई टीम के साथ अर्धसैनिक बलों के जवान भी तैनात हैं। फार्म हाउस के अंदर से बाहर और बाहर से अंदर जाने की किसी को भी इजाजत नहीं दी जा रही है। छापेमारी के संबंध में अभी तक प्रवर्तन निदेशालय की ओर से मीडिया को कुछ नहीं बताया गया है। उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह पूर्व प्रवर्तन निदेशालय ने जदयू विधान पार्षद और उनके बड़े पुत्र कन्हैया प्रसाद को नोटिस भेजा था। निदेशालय की पटना इकाई ने श्री साह और उनके पुत्र से पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया है। दोनों को 15 दिनों के अंदर निदेशालय के कार्यालय में आने के लिए कहा गया है।

# महाराष्ट्र में लिव-इन पार्टनर की हत्या

## आरोपी ने महिला को पानी में डुबोया, शव सूटकेस में भरा; फिर 150 किमी दूर पहाड़ी से नीचे फेंक दिया

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर में 28 साल की लिव इन पार्टनर की हत्या मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने महिला को पहले पानी में डुबोकर मार दिया। इसके बाद शव को सूटकेस में भरकर गुजरात के वलसाड में एक खाड़ी में जाकर फेंक दिया। इस हत्या में आरोपी की पत्नी ने भी साथ दिया था, पुलिस ने उसे भी अरेस्ट कर लिया है।

### महिला ने लगाया था रेप का आरोप, इसी के चलते हत्या

आरोपी की पहचान मनोहर शुक्ला के रूप में हुई है जो मुंबई में कॉस्ट्यूम डिजाइनर का काम करता है। वह पांच साल से मेकअप आर्टिस्ट नैना महत के



साथ रिलेशनशिप में था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि नैना, मनोहर पर शादी के लिए दबाव बना रही थी।

जब उसने ऐसा करने से इनकार कर दिया, तो उसने पुलिस में मनोहर के खिलाफ बलात्कार की शिकायत दर्ज कराई। शुक्ला ने उससे केस वापस लेने के लिए कहा। जब नैना ने मना कर दिया तो मनोहर ने उसकी हत्या कर दी।

### 9 से 12 अगस्त के बीच की है घटना

पुलिस के मुताबिक, यह घटना 9 और 12 अगस्त के बीच हुई है। 12 अगस्त को नैना को उसकी बहन ने फोन किया। कई बॉर कॉल करने के बाद जब फोन नहीं उठा तो उसने मनोहर से इसके बारे में पूछा। मनोहर ने बताया कि नैना का फोन खराब हो गया है। अगले दिन भी जब बहन ने नैना के सोशल मीडिया पर कोई अपडेट नहीं देखे तो उसे शक हुआ।

14 अगस्त को पीड़िता की बहन ने नायगांव पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। एफआईआर के अनुसार, पीड़िता ने एक बार अपनी बहन से कहा था कि उसे डर है कि मनोहर उसकी हत्या कर देगा।

### पुलिस ने कर दिया था शव का अंतिम संस्कार

एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि पीड़िता का शव पड़ोसी राज्य गुजरात के वलसाड में एक खाड़ी में एक सूटकेस में बंद मिला था। उन्होंने कहा, वलसाड में पुलिस ने (आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट) दर्ज की थी और शव का अंतिम संस्कार कर दिया था, क्योंकि कोई भी शव लेने नहीं आया था।

इस केस में पकड़े गए आरोपी और उसकी पत्नी को मंगलवार को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जिसके बाद कोर्ट ने 16 सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

## मेघालय में जल्द शुरू होगा वैज्ञानिक कोयला खनन : संगमा

**शिलांग।** मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने कहा है कि राज्य में वैज्ञानिक तरीके से कोयला खनन जल्द ही शुरू होगा और केन्द्र सरकार ने चार खदानों के पट्टों को मंजूरी दे दी है।

संगमा ने कहा, खनन योजना जिसे प्रस्तुत किया जाना है , उसके अंतिम चरण की जांच की जा रही है और कुछ ही हफ्तों या एक महीने में हम इसे जमीन पर क्रियान्वित होता हुआ देखेंगे। इसकी प्रक्रिया अब बहुत अग्रिम चरण में है।

गौरतलब है कि अप्रैल 2014 में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने राज्य में कोयला खनन और परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था जिसके बाद खनन उद्योग को नकारात्मक स्थिति का सामना करना पड़ा।

इससे जीएसडीपी समग्र रूप से



प्रभावित हुई। उन्होंने कहा, हम एनजीटी के प्रतिबंध के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में लड़ रहे हैं और फिर केंद्र सरकार के साथ भी इस पर चर्चा कर रहे हैं। यह सब मायने रखता है , क्योंकि हम चाहते थे कि प्रक्रिया शुरू हो और यही हमारे लिए महत्वपूर्ण है। जब चर्चा हुई तो क्षेत्र, प्रौद्योगिकी इत्यादि जैसे विभिन्न कारक सामने रखे गए।

## अस्पताल मामले में अतिक्रमणकारियों को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने सरोवर नगरी नैनीताल में जिला अस्पताल की भूमि पर अतिक्रमण के मामले में बुधवार को कोई राहत नहीं दी है। अदालत ने सभी अतिक्रमणकारियों के प्रार्थना पत्र खारिज कर दिये। अब जिला प्रशासन अतिक्रमण हटाने के लिये स्वतंत्र है।

मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी की अगुवाई वाली पीठ ने अशोक कुमार साह बनाम राज्य सरकार मामले में दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए पिछले महीने 22 अगस्त को बीडी पांडे जिला अस्पताल की भूमि से तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये थे। इसके बाद जिला प्रशासन अतिक्रमण को चिन्हित करने में जुट गया था।

इसी क्रम में अतिक्रमणकारियों की ओर से आज 22 अगस्त के आदेश को वापस लेने के लिये रिकॉल प्रार्थना पत्र दायर किया गया। अतिक्रमणकारियों की ओर से कहा गया कि उच्चतम न्यायालय ने हाइकोर्ट में अपना पक्ष रखने के निर्देश दिये।

याचिकाकर्ताओं ने यह भी कहा कि प्रशासन की ओर से उनके बिजली कनेक्शन काटने के निर्देश जारी कर दिये गये हैं। कुछ अतिक्रमणकारियों की ओर से कहा गया कि उनका वाद सिविल न्यायालय में लंबित है।

अदालत ने अतिक्रमणकारियों को राहत देने से साफ इनकार कर दिया। अदालत के सख्त रूख के बाद अब अतिक्रमण हटाने का रास्ता साफ हो गया है।

## छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में कांग्रेस का रेल रोको आंदोलन

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ में ट्रेनों को रद्द करने को लेकर आज कांग्रेस का राज्यस्तरीय रेल रोको आंदोलन शुरू किया गया। जगदलपुर रेलवे स्टेशन में भी कांग्रेस कार्यकर्ता ने आन्दोलन किया। स्थानीय रेलवे स्टेशन में बड़ी संख्या के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे और जमकर नारेबाजी की गई। कार्यकर्ता रेलवे ट्रेक तक नही पहुंच पाये इसके लिये पुलिस ने तगड़ी व्यवस्था कर रखी थी। रेलवे स्टेशन के बाहर पुलिस ने बड़े बड़े बेरीकेट्स लगा रखे थे। आन्दोलन के दौरान एक भी कार्याकर्ता बेरीकेट्स पार नही कर सके। इस बीच कांग्रेस कार्यकताओं और पुलिस के बीच झुमा झटकी भी हुई।

## उद्यान घोटाला : सरकार की फजीहत जारी, हाईकोर्ट ने एसआईटी जांच पर मांगे जवाब

**नैनीताल।** उत्तराखंड के बहुचर्चित उद्यान घोटाला मामले में सरकार की फजीहत कम होने का नाम नहीं ले रही है। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को कहा है कि वह बताये कि भ्रष्टाचार के मुख्य आरोपी और उद्यान महकमे के पूर्व निदेशक हरमिंदर सिंह बावेजा और नितिन शर्मा के बयान विशेष जांच दल (एसआईटी) की ओर से अभी तक क्यों नहीं लिये गये हैं?

मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में हल्द्वानी निवासी दीपक करगेती की ओर से दायर जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। एसआईटी की ओर से आज अदालत में जांच की प्रगति रिपोर्ट सौंपी गयी।



अदालत की ओर से जांच रिपोर्ट का परीक्षण किया गया। एसआईटी की ओर से रिपोर्ट में माना गया है कि प्रथमदृष्टया भ्रष्टाचार का मामला बनता है।

दूसरी ओर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता विनय कुमार की ओर से कहा गया कि एसआईटी की ओर से मुख्य आरोपियों में शामिल पूर्व उद्यान निदेशक हरमिंदर सिंह बाजवा और अनिता ट्रेडर्स कंपनी के प्रोपराइटर नितिन शर्मा के बयान अभी तक दर्ज नहीं किये गये हैं।

साथ ही याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि एसआईटी बिना अभियोग पंजीकृत किये किस प्रावधान के तहत जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में जांच कर सकती है।

सरकार इस मामले में कोई संतोष जवाब नहीं दे पायी। अंत में अदालत ने सरकार को निर्देश दिये कि वह अगली तिथि पर बताये कि बावेजा और शर्मा के बयान क्यों नहीं लिये गये हैं? साथ ही एसआईटी किस प्रावधान के तहत आरोपी फर्मों के खिलाफ जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में अन्वेषण कर सकती है।

## चंद्रबाबू की याचिका पर हाईकोर्ट में 19 सितंबर को सुनवाई

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने कौशल विकास निगम घोटाले में अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के अनुरोध वाली पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर सुनवाई बुधवार को 19 सितंबर के लिए स्थगित कर दी।

न्यायालय ने कहा कि उसे दोनों पक्षों की दलीलें सुननी होंगी। न्यायालय ने आंध्र अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) पुलिस को जवाबी याचिका दायर करने का समय भी दिया।

साथ ही न्यायालय ने भ्रष्टाचार



निरोधक ब्यूरो (एसीबी) अदालत को श्री नायडू को आगे की पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में देने की एपी सीआईडी द्वारा दायर याचिका पर 18 सितंबर तक सुनवाई नहीं करने का निर्देश दिया।

गौरतलब है कि एपी सीआईडी पुलिस ने एसीबी अदालत में एक याचिका दायर करके पूछताछ के लिए नायडू की पांच दिन की हिरासत की मांग की थी। न्यायालय ने इनर रिंग रोड अनियमितताओं में अग्रिम जमानत पर नायडू की याचिका पर सुनवाई भी 19 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी। उल्लेखनीय है कि सीआईडी पुलिस ने इनर रिंग रोड निर्माण में हुई कथित अनियमितताओं पर पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ एक और मामला दर्ज किया है। सिद्धार्थ लूथरा के नेतृत्व में नायडू के वकीलों ने आग्रह किया कि पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ एफआईआर को रद्द कर दिया जाना चाहिए क्योंकि भ्रष्टाचार विरोधी धारा 13 आईपीसी 409 मामले में लागू नहीं होगी। वकीलों ने तर्क दिया कि श्री नायडू के खिलाफ दर्ज मामले राजनीति से प्रेरित हैं और वाईएसआरसीपी सरकार द्वारा प्रतिशोध की राजनीति का हिस्सा हैं।

पी सुधाकर रेड्डी के नेतृत्व में एपी सीआईडी के वकीलों ने तर्क दिया कि इस संबंध में सभी आवश्यक सबूत अदालत को सौंपे गए हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद राजमुंदरी सेंट्रल जेल में रखा गया है।

## हिमाचल : उपभोक्ताओं तक सीधे पहुंचेंगे प्राकृतिक खेती उत्पाद

**शिमला।** शुक्रवार से शिमला शहर के लोगों को प्राकृतिक खेती उत्पाद मिलना शुरू हो जाएंगे। 'प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना' के तहत उपभोक्ताओं को उनके घर के आसपास ही रसायन रहित फल-सब्जी एवं अन्य उत्पाद मिल सकें इसके लिए पायलट आधार पर मोबाइल वैन की व्यवस्था की गई है। इस वैन के माध्यम से प्रत्येक शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश सचिवालय, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय परिसर और कृषि भवन में प्राकृतिक खेती उत्पाद उपलब्ध करवाए जाएंगे। प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के राज्य परियोजना निदेशक हेमिस नेगी ने बुधवार को यहां बताया कि इस पहल से शहर के लोगों को रसायन रहित उत्पाद उनके आसपास ही मिल सकेंगे। शुरूआत में चुनिंदा स्थानों पर ही प्राकृतिक खेती के उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे और उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने पर अन्य स्थानों पर भी इस वैन के जरिए उत्पाद बेचे जाएंगे।

## संसद के विशेष सत्र में हिमाचल के मुद्दे को उठाएगी कांग्रेस : प्रियंका

शिमला। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्राने कहा कि प्रदेश में भारी बारिश से हुए नुकसान की व्यापकता को देखते हुए केंद्र सरकार को इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करना चाहिए। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण प्रदेश में विकट स्थिति बन गयी है और भारी क्षति हुई है।

वाड्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने के लिए दिन-रात अथक प्रयास कर रही है।

इससे पहले श्री सुक्खू और कांग्रेस महासचिव ने आज शिमला शहर के शिव बावड़ी, कृष्णानगर और कनलोग स्थित आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास कार्यों का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री और प्रियंका गांधी ने शिव बावड़ी में प्रभावितों से बातचीत कर उनसे संवेदनाएं व्यक्त कीं। वाड्रा ने मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश की स्थिति की गंभीरता को नहीं समझ पा रही है।

प्राकृतिक आपदा के कारण प्रदेश को भारी क्षति हुई है और इस समय राज्य सरकार को स्थितियां सामान्य करने के लिए केन्द्र सरकार से सहयोग की आवश्यकता है इसलिए केंद्र सरकार को राजनीतिक भेदभाव से दूर रह कर इस चुनौतीपूर्ण समय में राज्य के लोगों की उदारतापूर्वक मदद करनी चाहिए। उन्होंने इस विकट परिस्थिति में राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर कार्य करने में प्रदेश की सहायता के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

## बीएसएफ ने पाकिस्तानी नागरिक रेंजर्स को सौंपा

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल ने बुधवार को पंजाब के तरनतारन जिले में भारतीय सीमा में प्रवेश करने पर एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ कर पाकिस्तान के रेंजर्स को सौंप दिया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएफ जवानों ने एक पाकिस्तानी नागरिक को तरन तारन जिले के गांव राजोके में सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करते हुए पकड़ लिया था। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला कि पकड़ा गया पाक नागरिक अनजाने में भारतीय क्षेत्र में आ गया था। उसके पास से कुछ भी आपत्तिजनक बरामद नहीं हुआ। बीएसएफ ने पाकिस्तान रेंजर्स से संपर्क किया और मामले पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। लगभग 0400 बजे अपराह्न, अनजाने में सीमा पार करने के कारण पकड़े गए पाकिस्तानी नागरिक को मानवीय आधार पर पाकिस्तान रेंजर्स को सौंप दिया गया।

## एसपी कार्यालय के छह कर्मचारी भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार

अगरतला। त्रिपुरा के उनोकोटी जिले के कैलाशहर की स्थानीय अदालत ने 25.60 लाख रुपये के सरकारी धन के गबन के आरोप में एक पुलिसकर्मी सहित पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय के छह कर्मचारियों को बुधवार तड़के दो दिन की जेल हिरासत में भेज दिया गया।

एसपी कार्यालय में डीडीओ की शिकायत के आधार पर, कैलाशहर थाना से सुजान सेन, दीपांकर सिन्हा, पूर्णेंदु घोष, अलकमा अली, बिश्वनाथ सिन्हा और जहीर उद्दीन नाम के छह कर्मचारियों को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया। उन्हें आज दोपहर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। पुलिस ने



बुधवार को यहां कहा, देर रात लंबी सुनवाई के बाद, अदालत ने उन्हें दो दिनों के लिए जेल भेज दिया और जांच अधिकारी को गुरुवार को आरोपी व्यक्तियों के साथ केस डायरी जमा करने को कहा।

शिकायत में बताया गया कि यह मामला हाल ही में विभागीय ऑडिट के दौरान सामने आया था कि आरोपी व्यक्ति एक साल से कर्मचारियों की वेतन राशि से हर महीने पैसे निकाल रहे थे और कर्मचारी तथ्यों से अनजान थे।

इस महीने खातों में गड़बड़ी के कारण, कर्मचारियों को पांच सितंबर तक वेतन नहीं मिला, हालांकि त्रिपुरा सरकार के कर्मचारियों को पहले कार्य दिवस पर मासिक वेतन मिला। पकड़े जाने के डर से, आरोपी व्यक्तियों ने खातों को नियमित करने के लिए पैसे वापस कर दिए। एसपी उनोकोटि कांता जांगिड़ ने कर्मचारियों के धन की हेराफेरी के आरोपों की गहनता से जांच की है। जिसके बाद, छह आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उन्होंने कहा, जांच चल रही है और दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हमने सभी छह आरोपियों को पहले ही निलंबित कर दिया है।

## अभिषेक बनर्जी ईडी के सामने पेश हुए

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी राज्य भर के सरकारी प्रायोजित स्कूलों में शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में केंद्रीय एजेंसी के समन का जवाब देते हुए बुधवार को शहर के सीजीओ कॉम्प्लेक्स में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के सामने पेश हुए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। निर्देश के अनुसार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे बनर्जी सुबह 11 बजे के बाद साल्ट लेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स पहुंचे।

सूत्रों ने कहा कि वहां से वह सीधे छठी मंजिल पर ईडी अधिकारियों के पास गए।

तृणमूल कांग्रेस महासचिव को समन



की तारीख नयी दिल्ली में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की समन्वय समिति की बैठक के साथ मेल खाती है।

बनर्जी इंडिया समूह की समन्वय समिति के सदस्य हैं। उन्होंने रविवार को कहा कि ईडी के नोटिस के तहत उन्हें 13 सितंबर को एजेंसी के सामने पेश होना होगा।

बनर्जी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, भारत के समन्वय आयोग (समिति) की पहली बैठक 13 सितंबर को दिल्ली में है, जहां मैं एक सदस्य हूं। लेकिन प्रवर्तन निदेशालय ने मुझे उसी दिन उनके सामने उपस्थित होने के लिए नोटिस भेज दिया है।

कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद ईडी कथित शिक्षक भर्ती घोटाले के धन के लेन-देन की जांच कर रही है, जहां योग्य उम्मीदवार नौकरी पाने से वंचित रह गए और अयोग्य उम्मीदवारों को नकद राशि देकर नियुक्त किया गया था।

यह पहली बार नहीं है कि भर्ती घोटाले के सिलसिले में टीएमसी नेता को केंद्रीय एजेंसियों ने समन भेजा है।

ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) दोनों ने बनर्जी को समन जारी किया है।

## धनखड़ गुरुवार को जयपुर, अजमेर एवं टोंक का करेंगे दौरा

जयपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को अपनी एकदिवसीय यात्रा में राजस्थान के जयपुर, टोंक और अजमेर में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। धनखड़ अपने विशेष विमान द्वारा नई दिल्ली से राजस्थान के लिए रवाना होंगे जहां सबसे पहले वह टोंक जाएंगे और अविकानगर स्थित केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान का दौरा कर वहां के वैज्ञानिकों और स्टाफ से मुलाकात करेंगे। इसके बाद उपराष्ट्रपति जयपुर में बांध सुरक्षा पर अयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लेंगे और सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

## 74वां रामलीला एवं दशहरा महोत्सव 15 अक्टूबर से


सिरसा। श्री रामा कल्ब चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 74वें श्री रामलीला एवं दशहरा महोत्सव का आयोजन जनता भवन रोड श्री रामा कल्ब रामलीला ग्राउंड में 15 अक्टूबर से किया जाएगा जो 25 अक्टूबर तक चलेगा।

रामलीला एवं दशहरा महोत्सव को लेकर ट्रस्ट के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के प्रधान अश्वनी बठला ने की। बठला ने बताया कि सिरसावासियों के सहयोग से कल्ब इस बार 74वें महोत्सव का आयोजन करने जा रहा है। रामलीला एवं दशहरा महोत्सव के माध्यम से हम भगवान श्री राम का आदर्श जीवन चरित्र लोगों के सामने रखते हैं, ताकि लोग भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लें।

कल्ब के महासचिव गुलशन गाबा ने बताया कि निर्देशक गुलशन वधवा व विजय ऐलावादी के नेतृत्व में स्थानीय कलाकारों के द्वारा भगवान राम के आदर्श जीवन चरित्र को मंचित किया जाएगा। रामलीला आयोजन के लिए कलाकारों के द्वारा रिहर्सल शुरू कर दी गई है। रामलीला 15 अक्टूबर से आरंभ होगी। रोजाना रात्रि साढ़े आठ से साढ़े 12 बजे तक रामलीला मंचन किया जाएगा।

## शार्ट न्यूज

### दयानंद वत्स ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रघुवंश प्रसाद सिंह की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए



नई दिल्ली। अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय श्री रघुवंश प्रसाद सिंह को आज उनकी तीसरी पुण्यतिथि पर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि रघुवंश बाबू देश में मनरेगा के सूत्रधार थे। उन्होंने आजीवन संसद में और संसद के बाहर हमेशा देश के गाँव, गरीब, मजदूरों और किसानों की आवाज बुलंद की। वत्स ने कहा कि रघुवंश बाबू ने ग्रामीण भारत के चहुंमुखी विकास का सपना देखा था। जीवन के अंतिम क्षणों में भी उन्होने मनरेगा में छोटे किसानों की भूमि में भी काम करने को जोडने और वैशाली के विकास के लिए बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को पत्र लिखा था। राजद के उपाध्यक्ष पद पर रहे रघुवंश प्रसाद सिंह ने लालूप्रसाद यादव का राजद में 32 साल तक साथ निभाया। रघुवंश बाबू सादा जीवन उच्च विचार की जीवंत प्रतिमूर्ति थे।

### स्वामी प्रसाद मौर्य और उदय निधि स्टालिन के खिलाफ एसडीएम पंजाबी बाग को ज्ञापन दिया



इंडियन सवर्ण समाज पार्टी ने समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बेटे उदय निधि स्टालिन के खिलाफ एसडीएम पंजाबी बाग को ज्ञापन दिया गया सनातन धर्म तथा ब्राह्मणों के खिलाफ की गई टिप्पणी का विरोध करते हुए कानूनी कार्यवाही की मांग की जिसमें देवेन्द्र कुमार शुक्ला जी ( प्रदेश अध्यक्ष उ. प्र.), सुभाष चंदर तोमर जी ( उपाध्यक्ष उ. प्र.), सुजीत पाठक जी ( जिला अध्यक्ष सीतामढी),राकेश पांडे जी, गोपाल मिश्रा जी, घंनश्याम तिवारी जी, कामता तिवारी जी (प्रदेश सचिव दिल्ली प्रदेश) आदि सम्मानित साथी सम्मिलित हुए ।

### 2024 तक हिंडन एयरपोर्ट से 10 शहरों के लिए भरी जाएगी उड़ान

साहिबाबाद। छह माह के बाद हिंडन एयरपोर्ट से दो शहरों के लिए उड़ान सेवा शुरू हुई है। जल्द ही यहां से फ्लाइट्स की संख्या बढ़ेगी और मुख्य शहरों से हिंडन एयरपोर्ट को जोड़ा जाएगा। सांसद वीके सिंह का कहना है कि वर्ष 2024 तक हिंडन एयरपोर्ट से 10 अलग-अलग शहरों के लिए उड़ान सेवा शुरू की जाएगी। 10 में से पांच शहरों के लिए तो फ्लाई बिग एयरलाइंस कपनी ही उड़ान शुरू करेगी। इसमें छह सितंबर को लुधियाना और देहरादून के लिए उड़ान शुरू कर दी गई है। 12 सितंबर से बठिंडा के लिए उड़ान शुरू होनी थी लेकिन फिलहाल इसका ट्रायल चल रहा है। एयरलाइंस कंपनी अधिकारी लक्ष्मण राव ने बताया कि 18 सितंबर को उद्घाटन किया जाएगा। इसके बाद अक्तूबर तक पंतनगर और पिथौरागढ़ के लिए भी उड़ान सेवा शुरू कर दी जाएगी। वहीं, अन्य पांच शहर जिन्हें हिंडन एयरपोर्ट से जोड़ा जाएगा उनमें प्रयागराज, लखनऊ, शिमला, गंगानगर और अयोध्या है। सांसद वीके सिंह ने कहा कि सभी उड़ानों के लिए रूट की अनुमति पहले ही मिल चुकी है, इस संबंध में कई बड़ी एयरलाइंस कंपनियों से बात चल रही है।

### राजधानी में बीएस-6 के डीजल वाहनों के पंजीकरण को मिली मंजूरी

नई दिल्ली। राजधानी में बीएस-6 बसों और टेंपो ट्रैवलर के पंजीकरण के लिए दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग ने अनुमति दे दी है। दिल्ली में डीजल बसों का पंजीकरण फिर से शुरू हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद परिवहन विभाग ने इसकी अनुमति दी है। विभाग ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया। इसके तहत डीजल बसों और टेंपो ट्रैवलर (आठ सीट) का पंजीकरण हो सकेगा। ऐसे में इन वाहन चालकों को अब दिल्ली से अन्य राज्यों में पंजीकरण के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। वह दिल्ली में ही डीजल वाहन पंजीकृत करा सकते हैं। परिवहन विभाग ने आदेश जारी करते हुए कहा कि दिल्ली में इन वाहनों को मंजूरी दी गई है। यह अनुमति इंटर स्टेट कैरेज के लिए है, जिसमें ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट होल्डर हैं। अनुमति मिलने के बाद ट्रांसपोर्टरों ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि इस आदेश का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। वह कहते हैं कि अब इससे पंजीकरण आसान होगा। दिल्ली के ट्रांसपोर्टर्स परेशान होते रहे, बल्कि काफी ट्रांसपोर्टर्स ने डीजल बसों और टेंपो ट्रैवलर का रजिस्ट्रेशन दूसरे राज्यों से करवाया।

### ट्रेडिंग कराकर ठगे 2.54 करोड़, 3 गिरफ्तार

नोएडा। ऑनलाइन LEXATRADE.COM नाम से ट्रेडिंग कंपनी के नाम से वेबसाइट बनाकर डेल्टा इंटरप्राइजेज के नाम से फर्जी फर्म बनाई। इसके बाद लोगों से 2 करोड़ 54 लाख रुपए इन्वेस्ट कराकर धोखाधड़ी की। साइबर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये लोग अब तक 150 से ज्यादा फर्जी फर्म के नाम पर खाते खोल चुके है। जिनमें ये पैसा मंगवाते थे। इनके द्वारा खोले गए खातों का एक्सेस दुबई से किया जा रहा था। पकड़े गए आरोपी सिर्फ कमीशन का पैसा लेते थे। साइबर सेल प्रभारी रीता यादव ने बताया कि सेक्टर-30 निवासी अनिल कुमार शर्मा ने शिकायत दी थी कि कुल लोगों ने LEXATRADE.COM के नाम से ट्रेडिंग कंपनी के नाम से वेबसाइट बनाई और डेल्टा इंटरप्राइजेज के नाम से फर्जी फर्म तैयार की। इसके बाद उनसे स्काइप एप्प के जरिए कॉल किया और उनसे ऑनलाइन ट्रेडिंग कर पैसा कमाने का लालच दिया। पहले उन्होंने थोड़े पैसे इन्वेस्ट किए।

# दिल्ली पुलिस के 450 जवानों के साथ मोदी करेंगे डिनर

## कांस्टेबलों और इंस्पेक्टर्स की मांगी लिस्ट

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में जी20 सम्मेलन हुआ। जिसके सफल होने के बाद दिल्ली सरकार से लेकर पुलिस तक की तारीफ हो रही है। वहीं खबर है कि इसी सप्ताह पीएम मोदी दिल्ली पुलिस के जवानों के साथ डिनर करेंगे।

जी20 सम्मेलन के दौरान ड्यूटी करने वाले दिल्ली पुलिस के 450 जवानों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिनर कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट से मुताबिक, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से कुछ कांस्टेबलों और इंस्पेक्टर्स की लिस्ट मांगी गई है। जिन जवानों ने जी20 को सफल बनाया था। डिनर प्रगति मैदान में बने भारत मंडपम में होगा। जहां दिल्ली पुलिस के जवानों के साथ आयुक्त संजय अरोड़ा भी मौजूद होंगे।

सम्मेलन बिना किसी अप्रिय घटना के सफलतापूर्वक संपन्न होने से दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा खुश हैं। बताया जा रहा है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पुलिस आयुक्त की पीठ-पीठ थपथपाते हुए उन्हें व उनके



अधिनस्थ कर्मियों को शाबाशी दी है। ऐसे में पुलिस आयुक्त ने सभी जिला पुलिस उपायुक्त व यूनिट प्रमुखों को सोमवार सुबह टीपी मैसेज (नंबर-4038) कर सम्मेलन में लंबी व थका देने वाले ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को 48 घंटे रेस्ट देने का आदेश दिया। दिल्ली पुलिस के अधिकारी व कर्मी कई महीनों से 15 से 20 घंटे की ड्यूटी कर रहे थे।

पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने सोमवार को ही एक और टीपी मैसेज (नंबर-4037) में कहा कि सम्मेलन सफलतापूर्वक करवाने में सभी अधिकारियों व पुलिसकर्मियों की भागीदारी, प्रतिबद्धता व योगदान रहा है। ये पुलिसकर्मियों की साझा भावना से ही संभव हो सका। ऐसे में उन्होंने जिला डीसीपी व यूनिट प्रभारियों को आदेश दिया कि जी-20 सम्मेलन के दौरान ड्यूटी करने वाले उनके अधीनस्थ पुलिसकर्मियों के लिए सामूहिक भोजन आयोजित किया जाए और उन्हें उत्साहित किया जाए।

देश का सबसे बड़ा आयोजन रविवार को सफलतापूर्वक सपन्न होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। शाम तक ज्यादातर विदेशी मेहमान लौट गए थे। पुलिस एक साल से आयोजन से जुड़ी तैयारियों में जुटी थी। पुलिसकर्मियों को कमांडो ट्रेनिंग के अलावा आतंकी हमला होने पर बड़ी इमारतों में घुसने की ट्रेनिंग दी गई। पुलिसकर्मी सुबह चार बजे ड्यूटी पर जाते थे और शाम तक तैनात रहते थे। इसके बाद थानों में ड्यूटी करते थे। तबीयत खराब होने के बावजूद कई सीनियर पुलिस अधिकारी व विशेष पुलिस आयुक्त स्तर के अधिकारी ड्यूटी करते रहे।

### गन्ना भुगतान की मांग को लेकर भाकियू ने किया प्रदर्शन

मोदीनगर। मोदीनगर में गन्ना भुगतान व अन्य मांगों को लेकर भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने मोदीनगर तहसील पर प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। गन्ना विभाग व मिल प्रबंधन की और से कोई अधिकारी ना आने पर तहसीलदार को चार घंटे तक धरना स्थल पर ही बैठाकर रखा। लिखित आश्वासन के बाद ही किसान ने प्रशासन को दो दिन का समय दिया है। भाकियू अराजनैतिक के प्रदेश उपाध्यक्ष राजवीर सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों किसान एकत्र होकर मोदीनगर तहसील पहुंचे। प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। इसके बाद किसान उपजिलाधिकारी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। सूचना देने के बाद भी जिला गन्ना अधिकारी, मिल प्रशासन व बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी धरनास्थल पर नहीं पहुंचा। जिसके चलते किसानों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। किसानों ने तहसीलदार को धरनास्थल पर ही बैठा लिया। राजवीर सिंह ने कहा कि मोदी शुगर मिल का गन्ना भुगतान बकाया है। गन्ना भुगतान ना होने से किसानों की बेटियों की शादी नहीं हो रही और ना ही बच्चों की फीस जमा हो रही है।

# किसानों के आंदोलन में शामिल हुए सपा के प्रदेश अध्यक्ष

## भाजपा सरकार में नहीं हो रही किसानों की सुनवाई

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर चल रहे किसानों के धरने में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल पहुंचे। उन्होंने किसानों के धरने को अपना समर्थन देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से किसानों के साथ में खड़ी हुई है। भाजपा सरकार लगातार किसानों की अनदेखी कर रही है और इस सरकार में कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है।

गेटर नोएडा प्राधिकरण पर पिछले 120 दिनों से किसानों का धरना चल रहा है। बुधवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने आकर किसानों को अपना समर्थन दिया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि किसानों की इस सरकार में कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है। किसान मजदूर परेशान है और सरकार उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि नोएडा जैसी जगह पर किसान इतने दिनों से धरना दिए हुए बैठे हैं लेकिन अधिकारी उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक किसानों के साथ खड़ी है और उनकी



आवाज को लगातार उठाती रहेगी। किसान नेता रूपेश वर्मा ने कहा कि किसान सभा के 12 सितंबर के डेरा डालो घेरा डालो के दौरान कई कार्यकर्ता घायल हो गए ।किसान सभा के नेता मोहित नागर के पैर में फ्रैक्चर आ गया है, साथ ही प्रशांत भाटी ,डॉक्टर रुपेश वर्मा सहित कई लोग घायल हो गए। आंदोलन के मुद्दों पर काफी हद तक सहमति बन गई थी। प्राधिकरण में आज सुनील फौजी और डॉक्टर रुपेश वर्मा को मीटिंग मिनट बनवानी थी परंतु संबंधित अफसर की अनुपलब्धता के कारण के मीटिंग मिनट नहीं बन पाई, लिहाजा धरना अभी जारी रहेगा।

जगबीर नंबरदार ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि धरना ऐतिहासिक है। धरने के मुद्दों पर प्राधिकरण ने सहमति जाहिर की है। मीटिंग मिनट समय सीमा के साथ जारी होनी है।

# ग्रेनों में अधिवक्ताओं ने जमकर किया प्रदर्शन

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में वकीलों ने बुधवार को जमकर प्रदर्शन किया। अधिवक्ता इकट्ठा होकर सूरजपुर परी चौक मार्ग पर पहुंच गए और उन्होंने रोड पर जाम लगा दिया। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और वकीलों को समझा बुझाकर जाम को खुलवाया। हापुड़ में वकीलों पर किए गए लाठी चार्ज को लेकर इन लोगों के द्वारा यह प्रदर्शन किया गया था।

हापुड़ में पिछले महीने 29 अगस्त को प्रदर्शन कर रहे वकीलों पर पुलिस के द्वारा लाठीचार्ज किया गया था। इसी मामले में वकील लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं।

बुधवार को भी ग्रेटर नोएडा में सूरजपुर जिला न्यायालय के बाहर वकीलों ने जमकर प्रदर्शन किया। सैकड़ो की तादात में वकील इकट्ठा होकर बाहर आ गए और सभी लोग रोड पर आकर जमकर नारेबाजी करने लगे और इस दौरान वकीलों ने जाम भी लगा दिया।

गौरतलब है कि गौतम बुद्ध नगर जिला बार एसोसिएशन की तरफ से बुधवार को प्रस्ताव पास कर जिले में पूर्णकालिक हड़ताल का ऐलान किया गया है। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मनोज भाटी ने बताया कि हापुड़ में 29 अगस्त को वकीलों पर लाठी चार्ज किया गया। पुलिस ने पहले तो वकीलों पर लाठियां बरसाई फिर उन पर फर्जी मुकदमे लिखवाकर दबाब बनाने की कोशिश की इसलिए उनकी मांग है कि हापुड़ के डीएम और एसपी को सस्पेंड कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# आईपी कॉलेज में डिजिटल भुगतान जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय संस्कृति परिषद और भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोग से इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज द्वारा डिजिटल भुगतान जागरूकता पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान आरबीआई से डीपीएसएस अधिकारी सतीश नागपाल और डीपीएसएस प्रबंधक विकास त्यागी ने डिजिटल भुगतान के विभिन्न तरीकों और इन तरीकों का उपयोग करते समय सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता हेतु विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि जब से यूपीआई जैसी ऑनलाइन भुगतान विधियों की शुरुआत हुई है और भारत सरकार द्वारा डिजिटलीकरण पर जोर दिया गया है तब से देश में खरीदारी और बिलों के भुगतान के लिए ऑनलाइन लेनदेन की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है।

उक्त वक्ताओं ने जानकारी दी कि एनईएफटी, आरटीजीएस, आईएमपीएस, बीबीपीएस और



यूपीआई जैसे ऑनलाइन भुगतान के विभिन्न तरीकों, प्रक्रियाओं और उद्देश्यों के बारे में बताया जिनका उपयोग लोगों द्वारा किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि एनईएफटी और आईएमपीएस का उपयोग खुदरा भुगतान के लिए किया जा सकता है और आरटीजीएस का उपयोग थोक भुगतान के लिए किया जाता है। इन सभी तरीकों में धोखाधड़ी को रोकने के लिए एक सुरक्षा उपाय के रूप में कुछ कूलिंग पीरियड होता है और भुगतानकर्ता धोखाधड़ी से भुगतान किए जाने की स्थिति में शिकायत दर्ज कराने में सक्षम होता है। यह कूलिंग पीरियड निजी बैंकों के लिए तेज़ लेनदेन को सक्षम करने के लिए छोटा और सार्वजनिक बैंकों के लिए अधिक सुरक्षा को सक्षम करने के लिए लंबा है। बीबीपीएस भारत बिल भुगतान प्रणाली है जिसका उपयोग यूटिलिटी बिलों के भुगतान के लिए किया जाता है और इसमें यह सुविधा होती है कि बिलों का भुगतान समय-समय पर स्वचालित आधार पर किया जा सकता है। यूपीआई एक ऐसी अवधारणा है जिसे भारत में तैयार किया गया है और किसी अन्य देश में इसका उपयोग नहीं किया जाता है। यह छोटे और बड़े मूल्यवर्ग के लिए तत्काल भुगतान को सक्षम बनाता है।

वक्ताओं ने बताया कि लेनदेन के इन सभी रूपों को सक्षम करने के लिए आरबीआई द्वारा उपयोग की जाने वाली प्रक्रियाएं बहुत सुरक्षित हैं और वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) की प्रणाली के आधार पर दो-कारक प्रमाणीकरण का उपयोग करती हैं। इसे विशेष रूप से उन उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए डिज़ाइन किया गया है जो पूरी जानकारी नहीं रख सकते हैं और साथ ही उन्हें धोखा दिए बिना डिजिटल लेनदेन में भाग लेने में सक्षम बनाकर उनके वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित किया जा सकता है। ओटीपी का उपयोग भारत के लिए अद्वितीय है और यह केवल भारतीय वेबसाइटों पर सभी उपयोगकर्ताओं के ऑनलाइन लेनदेन को अचूक सुरक्षा प्रदान करता है। यदि कोई लेनदेन किसी विदेशी वेबसाइट पर किया जाता है, तो यह सुरक्षा उपलब्ध नहीं है।

# दिल्ली में पटाखे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के फैसले में हस्तक्षेप करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में पटाखे पर लगाए गए प्रतिबंध के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी सांसद मनोज तिवारी की ओर से दायर याचिका बुधवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने सांसद तिवारी की ओर से पेश वकील वकील शशांक शेखर झा से कहा कि वह इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगी।

पीठ ने कहा,स्थानीय स्तर पर अगर कोई समस्या है, तो उस पर प्रतिबंध है। झा ने पीठ के समक्ष कहा कि दिल्ली सरकार ने शीर्ष अदालत के आदेश के बावजूद पटाखों की बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है, जबकि अदालती फैसले में कहा गया



था कि पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा।

उन्होंने (वकील ने) कहा कि वे (दिल्ली सरकार) पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रहे हैं, जिसमें हरित पटाखे भी शामिल हैं।

तब पीठ ने कहा,अगर सरकार को लगता है कि इस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, तो यह प्रतिबंधित है, बस इतना ही... हम नहीं कहेंगे।

वकील ने यह भी कहा कि शीर्ष अदालत और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) द्वारा हरित पटाखों की अनुमति देने के आदेश के बावजूद दिल्ली जैसे कई राज्य पूर्ण प्रतिबंध लगा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अलग-अलग समय पर पटाखों की अनुमति है। उदाहरण के तौर पर चुनावी जीत का जश्न मनाने के लिए।

इस पर पीठ ने कहा,लोगों के लिए कुछ करें। आप अपनी जीत का जश्न अलग-अलग तरीकों से मना सकते हैं।

पीठ ने वकील से कहा,अगर आपको पटाखे फोड़ने का मन है तो ऐसे राज्य में जाएं, जहां कोई प्रतिबंध नहीं है और वहां पटाखे फोड़ें।

### गाजियाबाद में 7वें फ्लोर पर लगी आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के कौशांबी क्षेत्र स्थित हाईराइज सोसाइटी के सातवें फ्लोर पर एक फ्लैट में मंगलवार देर रात आग लग गई। इसमें फ्लैट के अंदर रखा काफी सामान जलकर राख हो गया। आग का धुआं कई और फ्लैट्स में भर गया। फायर फाइटर्स ने तत्काल पहुंचकर सभी फैमिली मेंबर्स को सुरक्षित रेस्क्यू करके नीचे उतारा और आग को बुझा लिया। इस अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, मंगलवार रात एक बजकर 36 मिनट पर फायर स्टेशन वैशाली को आग की सूचना मिली थी। तुरंत अग्निशमन अधिकारी सहित दो फायर टेंड घटनास्थल के लिए रवाना किए गए। ये आग कौशांबी के एक्सप्रेशन टॉवर में सातवें फ्लोर पर फ्लैट नंबर-709 में लगी हुई थी।

# गाजियाबाद में ट्रक से कुचलकर दंपति की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद में बुधवार को ट्रक से कुचलकर स्कूटी सवार पति-पत्नी की मौत हो गई। वे लेफ्ट साइड से ओवरटेक करके ट्रक को क्रॉस कर रहे थे। तभी चपेट में आकर ट्रक के पहिये के नीचे आ गए। दोनों को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है, जबकि ड्राइवर फरार हो गया। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया, राजनगर एक्सटेंशन की राज एम्पायर सोसाइटी में अरुण (28 वर्ष) पत्नी सुनीता (27 वर्ष) के साथ रहते थे। दंपति एक फाइनेंस कंपनी के लिए वर्क फ्रॉम होम काम करते थे। दोनों के कोई संतान नहीं थी। वे मूल रूप से असम में सिलिगुड़ी के रहने वाले थे। बुधवार दोपहर करीब साढ़े 11 बजे दंपति स्कूटी से कहीं जा रहे थे। राजनगर एक्सटेंशन में ओमेगा चौराहे के पास पहलवान ढाबे के सामने वे एक बड़े ट्रक के लेफ्ट साइड चल रहे थे। इसी दौरान उन्होंने ओवरटेक करके ट्रक को क्रॉस करना चाहा।

ट्रक की टक्कर लगने से स्कूटी सवार दंपति नीचे गिर गए और फिर पहिये के नीचे आ गए। गंभीर घायल दंपति को तुरंत जिला संयुक्त चिकित्सालय संजयनगर ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसीपी ने बताया, ट्रक को कब्जे में लेकर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

# एन.सी.सी. कैडेट्स व छात्र-छात्राओं ने वृद्धाश्रम का दौरा किया





ग्रेटर नोएडा। मंगलमय संस्थान के द्वारा एन.सी.सी. कैडेट्स व छात्र-छात्राओं ने 31 यू.पी. गर्ल्स बटालियन के साथ मिलकर एक वृद्धाश्रम में दौरा किया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन अतुल मंगल जी ने आने वाले सर्दी से बचने के लिए कम्बल बँटवायें व उपहार स्वरूप बहुत सारा सामान दिया। संस्थान के वाइस चेयरमैन आयुष मंगल जी ने समाज को एक संदेश दिया कि आजकल कि नई युवा पीढ़ी कहीं न कहीं मानवता को भूलते जा रहे हैं, हम सबको एक अच्छा इंसान होना जरूरी है। संस्थान की निदेशिका डा. गीति शर्मा व संस्थान की एक्सीक्यूटिव डायरेक्टर प्ररेणा मंगल जी ने सबको संदेश भेजा कि हमारे माता-पिता ही सर्वोपरि हैं हमें उनका सम्मान करना चाहिए। इस कार्यक्रम को संस्थान की एन.सी.सी. आफिसर लेफ्टिनेण्ट डा. सीमा सिंह ने संचालित किया। एन.सी.सी. कैडेट्स ने बिस्कट फरूटी, फल, मिठाई व नमकीन वितरित किये। पलक, रितु, वर्निका, निकिता, रेखा, नेहा चैहान, रेखा शर्मा,प्रियंका करन व रूचि चैहान, दिया ने कुछ सामान वितरित किया व कुछ भाव विभारे पल व्यतीत किये। इस अवसर पर डा. हिमानी, डा. अंजली, दिव्या एवं टुनटुन राय उपस्थित थे ।डीन डा. ललित शर्मा व एसोसिएट डीन डा. मीनाक्षी शर्मा ने भी अपना संदेश भेजा। वहां का वातावरण भाव विभोर करने बाला था सभी वृद्ध लोगों ने आर्शीवाद दिया व सबका सहयोग व साथ के लिए धन्यवाद किया।

### बॉलीवुड एक्ट्रेस अलीशा खान की मां फ्रॉड में गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद में सेना की करोड़ों रुपए की जमीन फर्जीवाड़े से बेचने के आरोप में पुलिस ने बॉलीवुड एक्ट्रेस अलीशा खान की मां परवीन बेगम को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि सेना की जमीन करीब 10 करोड़ रुपए में बेची गई थी। इसमें से 47 लाख रुपए परवीन बेगम के बैंक खाते में आए थे। सब रजिस्ट्रार ने इस केस में 28 जून को थाना सिहानी गेट में एफआईआर कराई थी। सब रजिस्ट्रार के अनुसार, विजयनगर थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में खसरा नंबर-529 सेना की जमीन है। 18710 वर्गमीटर जमीन साढ़े 10 करोड़ रुपए में मजीद नामक शख्स ने समीर मलिक को बेच दी। ये रजिस्ट्री 17 अगस्त 2022 को हुई। इस बैनामे में जमीन को खाली दिखाया गया। जबकि इस जमीन पर घनी आबादी बसी हुई है।

# जनकपुरी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में अब होगी सर्जरी

एजेंसी

नई दिल्ली ।पश्चिमी दिल्ली स्थित जनकपुरी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में सर्जरी के लिए इंतजार जल्द खत्म हो सकता है। अस्पताल में रोजाना 1500 से अधिक मरीज आते हैं। इनमें बड़ी संख्या में ऐसे मरीज होते हैं जिन्हें स्पेशलाइज्ड सर्जरी की जरूरत होती है। लेकिन विभागों में सर्जन न होने के कारण इन्हें जीबी पंत सहित अन्य अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है।

फिलहाल जनकपुरी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के सीटीवीएस विभाग में एक सर्जन है। जो केवल माइनर ओटी की सेवाएं दे रहे हैं। यह दिल्ली सरकार का दूसरा सबसे बड़ा स्पेशलाइज्ड सेवाएं देने वाला अस्पताल है।

इसके अलावा जीबी पंत में स्पेशलाइज्ड विभाग की सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। विशेषज्ञों की मानें



तो दिल्ली में हृदय, मूत्र, किडनी और न्यूरो संबंधित विभाग के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

इस बारे में अस्पताल में वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अलग-अलग विभागों में करीब 20 सर्जनों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की गई है। प्रयास है कि जल्द ही अस्पताल को सर्जन मिल जाए। सीटीवीएस, यूरोलॉजी, गैस्ट्रो सर्जरी और न्यूरो सर्जरी विभाग में 5-5 सर्जन आने के बाद यहां सर्जरी की संख्या तेजी से बढ़ सकेगी।

अभी सर्जरी के लिए मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर किया जाता है।

#### मिल रही है डायलिसिस की सुविधा

अस्पताल में डायलिसिस के लिए 30 बेड की सुविधा उपलब्ध है। यह दिल्ली सरकार का पश्चिमी दिल्ली में सबसे बड़ा केंद्र है। इस केंद्र की मदद से गरीब लोगों को मुफ्त सुविधा उपलब्ध होती है। किडनी रोग विभाग के डुडॉक्टरों ने बताया कि एक मरीज के डायलिसिस में तीन से चार घंटे का समय लगता है। अस्पताल में हर साल 15 हजार से अधिक लोगों की डायलिसिस होती हैं।

#### उपलब्ध है कैथ लैब की सुविधा

अस्पताल में एडवांस सुविधाओं के लैस कैथ लैब की सुविधा उपलब्ध है। यहां पर रोजाना औसतन 6 से 7 परीक्षण किए जाते हैं। डॉक्टरों का कहना है कि कैथ लैब वह जगह है जहां एब्लेशन, एंजियोग्राम, एंजियोप्लास्टी और पेसमेकर/आईसीडी के प्रत्यारोपण सहित परीक्षण और प्रक्रियाएं की जाती हैं। एक कैथ लैब में विभिन्न विशेषज्ञों की एक टीम होती है, इसका नेतृत्व हृदय रोग विशेषज्ञ करता है।

# संपादकीय



## अदालत भ्रष्टाचार के मामलों में किसी तरह की रियायत के मूड में नही

भ्रष्टाचार के मामलों में जांच एजंसियों के सामने सबसे बड़ी अड़चन यही आती है कि रसूखदार और सत्तापक्ष से जुड़े लोगों के खिलाफ जांच और कार्रवाई करने में कई तरह की इजाजत लेनी पड़ती है।

सर्वोच्च न्यायालय ने भ्रष्ट अधिकारियों पर शिकंजा थोड़ा और कस दिया है। अदालत की संविधान पीठ ने व्यवस्था दी है कि भ्रष्टाचार के मामले में संयुक्त सचिव और उससे ऊपर के अधिकारियों की गिरफ्तारी में संबंधित प्राधिकार से अनुमति लेने की कोई जरूरत नहीं है और यह नियम 2003 से पहले के मामलों पर भी लागू होगा।

यानी दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (डीएसपीई) अधिनियम का कोई मतलब नहीं है। दरअसल, डीएसपीई अधिनियम में व्यवस्था दी गई थी कि केंद्र सरकार में संयुक्त सचिव या उससे ऊपर के अधिकारियों की गिरफ्तारी से पहले संबंधित प्राधिकार से अनुमति लेनी होगी। मगर सीबीआइ ने 2004 में दिल्ली के मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार कर लिया था।

तब उन्होंने डीएसपीई अधिनियम के तहत राहत की गुहार लगाई थी। उसके बाद इस अधिनियम के औचित्य की समीक्षा करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने 2014 में इस अधिनियम को ही रद्द कर दिया था। फिर यह सवाल उठा कि इस फैसले से पहले के लंबित मुकदमों के बारे में क्या नियम लागू होगा। उसी पर संविधान पीठ ने फैसला दिया है कि 2014 का फैसला इसके पहले के मामलों पर भी लागू होगा। इससे एक बार फिर जाहिर हुआ है कि अदालत भ्रष्टाचार के मामलों में किसी तरह की रियायत की पक्षधर नहीं है।

दरअसल, डीएसपीई अधिनियम बना था तो उसके पीछे मकसद यही था कि किसी अधिकारी के गिरफ्तार होने की वजह से संबंधित महकमे का कामकाज बाधित न होने पाए। संयुक्त सचिव और उसके ऊपर के पदों का निर्वाह कर रहे अधिकारियों को अनेक गंभीर और जरूरी मामलों में तत्काल फैसले करने पड़ते हैं। अगर उन्हें अचानक गिरफ्तार कर लिया जाता है तो अनेक परियोजनाएं और दूसरे कामकाज ठप पड़ सकते हैं।

इसलिए इस मामले में संबंधित प्राधिकार यानी मंत्रालय से गिरफ्तारी की अनुमति लेने को अनिवार्य किया गया। मगर यह अधिनियम एक तरह से अधिकारियों के लिए कवच साबित हुआ। जांच एजंसियों के पास पुख्ता सबूत होने के बावजूद वे किसी भ्रष्ट अधिकारी को तब तक गिरफ्तार नहीं कर सकती थीं, जब तक उन्हें संबंधित विभाग से अनुमति नहीं मिल जाती।

फिर यह छिपी बात नहीं है कि इन ऊंचे ओहदों पर पहुंचे लोगों के अपने बड़े अधिकारियों, मंत्रियों आदि से कैसे रिश्ते होते हैं। इस तरह कई अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई में लंबा समय खिंच जाता था। तब तक मामले से संबंधित सबूतों के साथ छेड़छाड़ की आशंका भी बनी रहती थी। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय ने डीएसपीई को अप्रासंगिक माना था। भ्रष्टाचार के मामलों में जांच एजंसियों के सामने सबसे बड़ी अड़चन यही आती है कि रसूखदार और सत्तापक्ष से जुड़े लोगों के खिलाफ जांच और कार्रवाई करने में कई तरह की इजाजत लेनी पड़ती है। मंत्रालयों में बैठे अधिकारी कई बार मंत्रियों के पसंदीदा और भरोसेमंद होते हैं, इसलिए कुछ मंत्री उनके खिलाफ कार्रवाई की इजाजत देने से बचते रहते हैं। यही दिक्कत किसी मंत्री या सांसद-विधायक के खिलाफ कार्रवाई करने में आती है। हालांकि पिछले कुछ सालों में ऐसे लोगों के खिलाफ भी दंडात्मक कार्रवाइयां हुई हैं। मगर तब भी यह सवाल उठता रहता है कि सत्तापक्ष के लोगों के खिलाफ जांच एजंसियां कड़े कदम क्यों नहीं उठा पातीं। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले के बाद शायद जांच एजंसियों का साहस कुछ बढ़ा होगा। मगर यह अपेक्षा इसके बाद भी बनी रहेगी कि जांच एजंसियां सत्तापक्ष के दबाव से मुक्त रह कर कितना काम कर पाती हैं।

## उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति

बारिश मौसम का एक चक्र है, लेकिन अगर किसी सुव्यवस्थित इलाके में भी बाढ़ और जल जमाव की वजह से सब कुछ ठहर जाए, तो क्या यह व्यवस्था की नाकामी का उदाहरण नहीं है?

उत्तर प्रदेश में लौटते मानसून की वजह से हुई बारिश ने जैसे हालात पैदा कर दिए हैं, उससे फिर यही पता चलता है कि वक्त के मद्देनजर पूर्व तैयारी, सावधानी और दूरदर्शिता के अभाव का खमियाजा आखिरकार आम लोगों को भुगतना पड़ता है। पिछले तीन दिनों की बारिश के चलते राज्य के कई जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई और व्यापक पैमाने पर जनजीवन बाधित हुआ है।

ज्यादा दुखद यह है कि लगातार बरसात ने कई जगहों पर घरों को कमजोर कर दिया और दीवार गिरने से उन्नीस लोगों की जान चली गई। इसमें बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से भी कई लोग मारे गए। सही है कि यह स्थिति एक प्राकृतिक आपदा के रूप में सामने आई है, लेकिन अगर वक्त और मौसम को ध्यान में रखते हुए समय रहते जरूरी कदम उठाए जाएं, तो शायद ज्यादा बड़ी तबाही से बचा जा सकता है। लखनऊ में हालत यह है कि सबसे सुव्यवस्थित कहे जाने वाले इलाकों में भी दो-तीन फुट पानी भर गया। इससे दूसरे इलाकों की मुश्किल का अंदाजा लगाया जा सकता है।

बारिश मौसम का एक चक्र है, लेकिन अगर किसी सुव्यवस्थित इलाके में भी बाढ़ और जल जमाव की वजह से सब कुछ ठहर जाए, तो क्या यह व्यवस्था की नाकामी का उदाहरण नहीं है? हर मौसम का अपना निर्धारित चक्र है, पर विडंबना है कि न तो आम लोग मौसम का रूप बिगड़ने को ध्यान में रख कर अपने स्तर पर तैयारी करते हैं और न ही सरकारें समय रहते उचित व्यवस्था करती हैं।

अगर सिर्फ इतने भर का ध्यान रखा जाए कि प्रकृति कभी भी भयावह रुख अख्तियार कर सकती है और इसके मद्देनजर बचाव और राहत के इंतजाम तैयार रहें तो जानमाल के व्यापक नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। मगर आमतौर पर यही देखा जाता है कि जब तक कोई मौसम आपदा का रूप लेकर संकट नहीं बन जाता, तब तक लोग बचने की कोशिश नहीं करते। दूसरी ओर, सरकार भी तभी राहत पहुंचाने और दूसरे कदम उठाती है, जब हालात काबू से बाहर हो जाते हैं।

उत्तर प्रदेश में इस बार लगातार भारी बारिश के बारे में मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि इसकी जड़ में बंगाल की खाड़ी में बनने वाला चक्रवात है और अगले कुछ दिन और ऐसी ही स्थिति कायम रहने वाली है। ऐसा अक्सर होता है जब इस बारे में अनुमान आधारित आकलन जारी किए जाते हैं और स्थिति बिगड़ने की भी आशंका जताई जाती है।

इसके अलावा, मौसम की अनिश्चितता को ध्यान में रख कर सरकारों को अपने स्तर पर भी बचाव के इंतजाम से लेकर बरसात और बिजली गिरने को लेकर आम लोगों को सावधानी बरतने के लिए जागरूक करने की जरूरत होती है। मगर बरसात से पैदा हालात यह बताने के लिए काफी हैं कि अव्यवस्था के प्रति लापरवाही किस हद तक कायम रहती है।

आखिर इंसानी रिहाइश के सभी इलाकों में जल-निकासी की ऐसी व्यवस्था क्यों नहीं की जाती कि बारिश का स्तर चाहे जो हो, किसी भी गली या सड़क पर जल जमाव न हो।

सरकार और संबंधित महकमे की नींद तभी क्यों खुलती है, जब मौसम की वजह से विकट स्थिति पैदा हो जाती है। यह बेवजह नहीं है कि कई बार बेकाबू हो जाने के बाद हालात को संभालना भी मुश्किल हो जाता है और नाहक ही लोगों की जान चली जाती है।

# दुनिया में सबसे समृद्ध भाषा है हिन्दी



**रमेश सर्राफ धमोरा**



भारत की स्वतंत्रता के बाद 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी की खड़ी बोली ही भारत की राजभाषा होगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय के बाद 1953 से सम्पूर्ण भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाते लगा है जो हिंदी भाषा के महत्व को दर्शाता है। पिछले 70 सालों से हम प्रतिवर्ष हिन्दी दिवस मनाते आ रहे हैं। इस वर्ष भी मनायेगें।

किसी भी देश की भाषा और संस्कृति उस देश में लोगों को लोगों से जोड़े रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से हिन्दी और देवनागरी के मानकीकरण की दिशा में अनेक क्षेत्रों में प्रयास हुये हैं। हिन्दी भारत की सम्पर्क भाषा भी हैं। अत: हम कह सकते है की हिन्दी एक समृद्ध भाषा हैं। भारत की राष्ट्रीय एकता को बनाये रखने में हिन्दी भाषा का बहुत बड़ा योगदान हैं।

एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है। बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवत: सबसे वैज्ञानिक भाषा है। जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। भारतेन्दु हरिश्चंद्र को आधुनिक हिंदी का जनक कहा जाता है। जिन्होंने हिंदी, पंजाबी, बंगाली और मारवाड़ी सहित कई भाषाओं में अपना योगदान दिया था।

यदि हम हिंदी भाषा के विकास की बात करें तो यह कहना गलत नहीं होगा कि पिछले सौ सालों में हिंदी का बहुत विकास हुआ है और दिन-प्रतिदिन इसमें और तेजी आ रही है। हिंदी भाषा का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष पुराना माना गया है। संस्कृत भारत की सबसे प्राचीन भाषा है जिसे देवभाषा भी कहा जाता है। माना जाता है कि हिंदी का जन्म भी संस्कृत भाषा से हुआ है। भारत में धर्म, परंपराओं और भाषा में विविधता के बावजूद यहां के लोग एकता में विश्वास रखते हैं। भारत में विभिन्न भाषाएं बोली जाती हैं। लेकिन सबसे ज्यादा हिंदी भाषा बोली, लिखी व पढ़ी जाती है। इसीलिए हिंदी भारत की सबसे प्रमुख भाषा है।

हिन्दी के ज्यादातर शब्द संस्कृत, अरबी और फारसी भाषा से लिए गए हैं। यह मुख्य रूप से आर्यों और पारसियों की देन है। इस कारण हिन्दी अपने आप में एक समर्थ भाषा है। जहां अंग्रेजी में मात्र 10 हजार मूल शब्द हैं। वहीं हिन्दी के मूल शब्दों की संख्या 2 लाख 50 हजार से भी अधिक है। हिन्दी विश्व की एक प्राचीन,समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ हमारी राजभाषा भी है। भारत की मातृ भाषा हिन्दी को सम्मान देने के लिये प्रति वर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है।

हिन्दी ने भाषा, व्याकरण, साहित्य, कला, संगीत के सभी माध्यमों में अपनी उपयोगिता, प्रासंगिकता एवं वर्चस्व कायम किया है। हिन्दी की यह स्थिति हिन्दी भाषियों और हिन्दी समाज की देन है।

लेकिन हिन्दी भाषा समाज का एक तबका हिन्दी की दुर्गति के लिए भी जिम्मेदार है। अंग्रेजी बोलने वाला ज्यादा ज्ञानी और बुद्धिजीवी होता है। यह धारणा हिन्दी भाषियों में हीन भावना लाती है। जिंदगी में सफलता पाने के लिये हर कोई अंग्रेजी भाषा को बोलना और सीखना चाहता है। हिन्दी भाषी लोगों को इस हीन भावना से उबरना होगा, क्योंकि मौलिक विचार मातृभाषा में ही आते हैं। शिक्षा का माध्यम भी मातृभाषा होनी चाहिए। शिक्षा विचार करना सिखाती है और मौलिक विचार उसी भाषा में हो सकता है जिस भाषा में आदमी जीता है। हमें अहसास होना चाहिये कि हिन्दी दुनिया की किसी भी भाषा से कमजोर नहीं है।

हिन्दी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, और दिल्ली राज्यों की राजभाषा भी है। राजभाषा बनने के बाद हिन्दी ने विभिन्न राज्यों के कामकाज में लोगों से सम्पर्क स्थापित करनें का अभिनव कार्य किया है। लेकिन विश्व भाषा बनने के लिए हिन्दी को अब भी संयुक्त राष्ट्र के कुल सदस्यों के दो तिहाई देशों के समर्थन की आवश्यकता है। भारत सरकार इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। हम संभावनाएं जता सकते हैं कि शीघ्र ही हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा में शामिल कर लिया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी विदेश यात्रा के दौरान अधिकतर अपना सम्बोधन हिन्दी भाषा में ही देते हैं। जिससे हिन्दी भाषा का महत्व विदेशी धरती पर भी बढ़ने लगा है।

अंग्रेजी व चीनी भाषा मंदारिन के बाद हिन्दी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली तीसरी सबसे बड़ी भाषा है।

नेपाल, पाकिस्तान की तो अधिकांश आबादी को हिंदी बोलना, लिखना, पढना आता है। बांग्लादेश, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान में भी लाखों लोग हिंदी बोलते और समझते हैं। फिजी, सुरिनाम, गुयाना, त्रिनिदाद जैसे देश की सरकारे तो हिंदी भाषियों द्वारा ही चलायी जा रही हैं। पूरी दुनिया में हिंदी भाषियों की संख्या करीबन एक सौ करोड़ से अधिक है।

बीसवीं सदी के अंतिम दो दशकों में हिन्दी का अन्तरराष्ट्रीय विकास बहुत तेजी से हुआ है। विश्व के लगभग 150 विश्वविद्यालयों तथा सैंकड़ों छोटे-बड़े केन्द्रों में विश्वविद्यालय स्तर से लेकर शोध के स्तर तक हिन्दी के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था हुई है। विदेशों से हिन्दी में दर्जनों पत्र-पत्रिकाएं नियमित रूप से प्रकाशित हो रही हैं। हिन्दी भाषा और इसमें निहित भारत की सांस्कृतिक धरोहर सुदृढ और समृद्ध है। इसके विकास की गति बहुत तेज है।

हिंदी भाषा एक दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए बहुत आसान और सरल माध्यम प्रदान करती है। यह प्रेम, मिलन और सौहार्द की भाषा है। हिन्दी विविध भारत को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

लेकिन यह कैसी विडम्बना है कि जिस भाषा को कश्मीर से कन्याकुमारी तक सारे भारत में समझा जाता हो। उस भाषा के प्रति आज भी इतनी उपेक्षा व अवज्ञा क्यों ? प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति हिन्दी भाषा को आसानी से बोल-समझ लेता है। इसलिए इसे सामान्य जनता की भाषा अर्थात जनभाषा कहा गया है।

देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के एक साथ विकास के कारण हिन्दी ने कहीं ना कहीं अपना महत्ता खो दी है। आज हिन्दी भाषा में अंग्रेजी शब्दों का प्रचलन तेजी से बढ़ने लगा है। बहुत से बड़े समाचार पत्रों में भी अंग्रेजी मिश्रित हिन्दी का उपयोग किया जाने लगा है। जो हिन्दी भाषा के लिये शुभ संकेत नहीं हैं। रही सही कसर सोशल मीडिया ने पूरी कर दी है। जहां सॉफ्टवेयर की मदद से रूपांतर कर अंग्रेजी से हिन्दी भाषा बनायी जाती है। जिसमें ना मात्रा का ख्याल रहता है और ना ही शुद्ध वर्तनी का। वर्तमान समय में हिन्दी भाषा के समाचार पत्र व पत्रिकायें धड़ाधड़ बंद हो रहें हैं।

आदिकाल से अब तक हिन्दी के आचार्यों, सन्तों, कवियों, विद्वानों, लेखकों एवं हिन्दी-प्रेमियों ने अपने ग्रन्थों, रचनाओं से हिन्दी को समृध्द किया है। परन्तु हमारा भी कर्तव्य है कि हम अपने विचारों, भावों एवं मतों को विविध विधाओं के माध्यम से हिन्दी में अभिव्यक्त करें एवं इसकी समृध्दि में अपना योगदान दें। कोई भी भाषा तब और भी समृध्द मानी जाती है जब उसका साहित्य भी समृध्द हो।

हिन्दी दिवस के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिये की हम पूरे मनोयोग से हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार में अपना निस्वार्थ सहयोग प्रदान कर हिन्दी भाषा के बल पर भारत को फिर से विश्व गुरु बनवाने का सकारात्मक प्रयास करेंगें। अब तो कम्प्यूटर पर भी हिन्दी भाषा में सब काम होने लगे हैं। कम्प्यूटर पर हिन्दी भाषा के अनेको सॉफ्टवेयर मौजूद हैं जिनकी सहायता से हम आसानी से कार्य कर सकते हैं।

# गौरवशाली हिंदी भाषा, साहित्य का वैश्विक आकाश

हिंदी भाषा करोड़ों भारतीय के दिलों में बसी हुई भाषा है। हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा होने का गौरव प्राप्त है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहां भी है राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है हिंदी की सार्वभौमिक स्वीकार्यता के कारण ही भारतीय राजनेताओं ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया था। उल्लेखनीय है कि हिंदी भाषा विदेशों में जितनी फल फूल रही है बल्कि हिंदी बोलने वाले भारतवंशी कई देशों के राष्ट्र प्रमुख भी हैं जैसे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन, पुर्तगाल के एंटोनियो कोष्टा प्रधानमंत्री, श्री इरफान गुयाना के राष्ट्रपति, सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, और सेसिल के राष्ट्रपति रामखेलावन पदस्थ हैं। इन देशों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार भी हिंदी के विस्तार का बड़ा माध्यम बना हुआ है। हिंदी मूलत: बड़ी विशाल एवं आसानी से बोली जाने वाली, लिखी जाने वाली भाषा है। भारत की भौगोलिक विशालता और विविधता के बावजूद हिंदी सर्व स्वीकार्य और देश की सर्व सम्मत भाषा है।

यह अलग बात है कि अभी तक संवैधानिक रूप से इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं हो पाया है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय आंदोलनकारियों ने यह महसूस किया की एकमात्र हिंदी भाषा ही ऐसी भाषा है जो दक्षिण के कुछ क्षेत्र को छोड़कर पूरे देश की संपर्क भाषा है।

भारत के संविधान में कुल 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है। पर हिंदी भाषा ही एक ऐसी भाषा है जो भारत में विभिन्न भाषा भाषाई नागरिकों के मध्य विचार विनिमय और संपर्क के लिए एक बड़ा सहारा है।हिंदी के विशाल स्वरूप को मद्दे नजर रख पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भी कहा हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का या भाषा का बहिष्कार नहीं किया यह शब्द हिंदी की पवित्रता और व्यापकता को इंगित करते हैं। वर्तमान परिस्थितियों एवं समय काल मैं पूरे विश्व में 45 करोड़ लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा है। इसकी सरलता एवं सहजता विश्व के लोगों को अत्यंत प्रभावित भी करती है। हिंदी के विद्वानों,शिक्षाविदों, लेखकों, रचनाकारों और युवा लेखकों द्वारा हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई है। कई नामचीन विद्वान लेखक जिन्होंने हिंदी को वैश्विक भाषाई शिखर पर पहुंचाया है। इसी अनुक्रम में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एकमतेन हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का निर्णय भी लिया गया था। और हिंदी दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य राजकीय कार्यालयों इसके व्यापक प्रचार प्रसार एवं पत्राचार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की ही है। हिंदी भाषा को पूरे विश्व में द्वितीय भाषा के रूप में माना जाता है। हिंदी नए वैश्विक स्तर पर अपने चलन के कारण अंग्रेजी भाषा को भी काफी पीछे छोड़ दिया है।

आज हिंदी भाषा का कंप्यूटर,इंटरनेट ई बुक, सोशल मीडिया, विज्ञापन, टेलीविजन रेडियो आदि क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रयोग किया जा रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या विदेशी व्यापारियों के लिए एक बड़ा उपभोक्ता बाजार है।




# सचिन पायलट की उपेक्षा कहीं कांग्रेस के लिए ना पड़ जाएं भारी

## राजस्थान में विधानसभा चुनावों के लिए सचिन पायलट को नहीं मिली कोई बड़ी जिम्मेदारी



**(सीए) मनीष कुमार गुप्ता**

राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और मौजूदा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में डिप्टी सीएम जैसे पदों पर रह चुकें सचिन पायलट की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं है। दरअसल राजस्थान कांग्रेस में सचिन पायटल और वर्तमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बीच खींचतान और राजनीतिक शह मात का खेल तो बीते दिनों पूरे देश ने देखा ही था। लेकिन तीन महीने बाद दिसंबर में होने वाले विधानसभा चुनावों के ठीक पहले एक बार फिर से यह दोनों नेता टकराएंगे, ऐसा किसी ने नहीं सोचा था। लेकिन भारतीय राजनीति की शायद यहीं नियति है कि, जैसा लोग सोचतें नहीं उससे भी ज्यादा कई बार हो जाता है। हाल ही एआईसीसी के दखल के बाद जब किसी तरह से राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच बढ़ते विवाद का पटाक्षेप कराया गया था। तब शायद इसके पीछे कांग्रेस आलाकमान की यहीं सोच रहीं होगी कि, यह दोनों नेता यदि एक हो जाएंगें तो इस बार राजस्थान में फिर से सरकार बन जाएगी। नहीं तो राजस्थान की परिपाटी के मुताबिक इस बार तो सत्ता में आने का बीजेपी का नंबर है। क्योंकि राजस्थान की जनता ने सालों से ऐसी परिपाटी बना दी है कि, वहां पर हर पांच साल के बाद सरकारों के बदलने का रिवाज सा बन चुका है। इस लिहाज से इस रिवाज के मुताबिक इस बार सत्ता पर बीजेपी नंबर है, और विपक्ष की कुर्सी पर बैठने का कांग्रेस का समय आ चुका है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल है कि, आखिरकार जब कांग्रेस पार्टी राजस्थान में इस रिवाज को बदलकर फिर से सत्ता में आना चाहती है तो, वह खुद ही क्यों अपने नेताओं के बीच विवाद को पैदा कर रहीं हैं ? दरअसल हाल फिलहाल के घटनाक्रमों को यदि गौर से देखें तो कांग्रेस पार्टी खुद ही राजस्थान में अपने वरिष्ठ नेताओं के बीच गुटबाजी की सबसे बड़ी वजह बनती रहीं है।

### विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने क्यों घटाया सचिन पायलट का कद ?

दरसअल राजस्थान में भी देश के चार राज्यों के साथ ही इस साल के अंत में यानि दिसंबर महीने में विधानसभा के चुनाव होने प्रस्तावित है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी ने हाल ही में राजस्थान कांग्रेस मेंअलग-अलग कुल आठ कमेटियों का गठन किया है। दरअसल यह सभी आठों समितियां आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर गठित की गई है। लेकिन सबसे बड़ी हैरानी की वजह है कि, इन सभी आठों समितियों में राजस्थान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट को कोई भी जिम्मेदारी नहीं दी गई है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिरकार सचिन पायलट जैसे वरिष्ठ और युवा नेता को कांग्रेस आलाकमान विधानसभा चुनाव से दूर क्यों रखना चाहते है ? जबकि वहीं दूसरी ओर सचिन पायलट से कम अनुभवी नेताओं को कांग्रेस पार्टी की ओर से अहम जिम्मेदारियां सौपी गई है। उदाहरण के तौर पर देखें तो राजस्थान कांग्रेस में इस बार राज्य मंत्री गोविन्दराम मेघवाल को चुनाव कैंपेन कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है।

### क्या राजस्थान कांग्रेस में अभी भी नहीं खत्म हो पाई है अंतर्कलह और गुटबाजी?

गौरतलब हो कि राजस्थान में इसी साल के आखिरी महीने यानि दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने है। ऐसे में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अपने बेहतर काम पर इतना ज्यादा भरोसा है कि, उन्होंने आलाकमान से जीत का पक्का वादा कर दिया है। हालांकि अशोक गहलोत के मन में कहीं ना कहीं इस बात का भी डर रहा होगा की जीत के बाद कहीं पार्टी सचिन पायलट को अगला मुख्यमंत्री ना बना दें । ऐसे में अशोक गहलोत राजस्थान चुनाव में सचिन पायलट को कैंपेनिंग से पूरी तरह से दूर रखना चाहतें हैं। ताकि पिछली बार की तरह इस बार सचिन पायलट को विधानसभा चुनावों में जीत का श्रेय बिल्कुल नहीं मिल सकें। इसके साथ अशोक गहलोत आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव में जीत का सारा श्रेय खुद ही लेना चाहतें हैं, ताकि वह एक बार फिर से मुख्यमंत्री की कुर्सी पर काबिज होने के लिए आलाकमान की नजरों में मजबूत दावेदार बन सकें। लेकिन इन सभी राजनीति महात्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अशोक गहलोत को सबसे पहले राजस्थान विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करनी होगी। ऐसे में यहां पर सवाल उठता है कि, क्या वह सचिन पायलट को चुनावों से दूर रखकर राजस्थान का किला जीत पाएंगें ?

### क्या सचिन पायलट के बिना कांग्रेस राजस्थान में दोबारा सरकार बना पाएगी ?

दरअसल हाल ही में एआईसीसी की ओर से राजस्थान कांग्रेस में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी के लिए गठित आठ समितियों में एक का भी अध्यक्ष सचिन पायलट को नहीं बनाया गया है। कांग्रेस पार्टी के इस नए निर्णय से तो यहीं लगता है कि, कांग्रेस को अब शायद राजस्थान में सचिन पायलट की जरूरत नहीं है। लेकिन यहां पर यह सवाल उठना लाजिमी है कि, क्या कांग्रेस पार्टी राजस्थान में सचिन पायलट के बिना चुनाव जीत पाएगी ? दरअसल सचिन पायलट गुर्जर समुदाय से आते हैं, और राजस्थान में तकरीबन 15 से 20 विधानसभा सीटें ऐंसी है जिनपर गुर्जर मतदाताओं की काफी ज्यादा बहुलता है। इतना ही नहीं इन सभी गुर्जर समाज की बहुलता वाली सीटों के मतदाता हमेशा से सचिन पायलट की ही वजह से कांग्रेस को अपना वोट देते आएं हैं। ऐसे में यहां पर फिर से सवाल उठता है कि, सचिन पायलट की कांग्रेस पार्टी में हुई इस बड़ी उपेक्षा के बाद भी क्या गुर्जर मतदाता अपना वोट इस बार भी कांग्रेस को देंगें ?

### सचिन पायलट की उपेक्षा से क्या विधानसभा चुनावों में मिलेगा बीजेपी को लाभ?

कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने जिस तरह से राजस्थान चुनाव से संबंधित आठ कमेटियों में से सचिन पायलट को एक भी समिति का अध्यक्ष नहीं बनाया है।

उसको देखते हुए तो ऐसा लगता है कि अब राजस्थान में कांग्रेस पार्टी का शीर्ष नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व दोनों ही सचिन पायलट को इस बार विधानसभा चुनावों से दूर ही रखना चाहता है। लेकिन ऐसे में यहा पर यह सवाल उठना भी लाजिमी है कि, क्या अब कांग्रेस पार्टी को राजस्थान में सचिन पायलट जैसे युवा नेताओं की जरूरत नहीं है ? इस लिहाज यह निश्चित तौर पर कहां जा सकता है कि जिस तरह से कांग्रेस पार्टी ने सचिन पायलट की उपेक्षा की है, उससे राजस्थान कांग्रेस में अंतर्कलह और गुटबाजी कम होने के बजाय और ज्यादा बढ़ेंगी। क्योंकि सचिन पायलट की उपेक्षा से ना सिर्फ अकेले वह बल्कि उनके खेमे के विधायकों के साथ उनके हजारों समर्थक और उनके समुदाय के मतदाता भी काफी ज्यादा नाराज है। इसके अलावा यहां पर यह भी सवाल उठने लगें हैं कि, क्या सचिन पायलट भी मध्य प्रदेश के ज्योतिरादित्य सिंधिया की तरह आने वाले दिनों में भाजपा का दामन थाम सकतें है ? इस लिहाज से यदि सचिन पायलट अपने वाले भविष्य में भाजपा में शामिल होते हैं तो, निश्चित तौर पर यह भाजपा के लिए बड़ा लाभ होगा। जबकि कांग्रेस पार्टी के लिए उसकी हार की वजह भी बन सकता है। हालांकि राजनीति में कब क्या होगा, इसको पहले से कोई भी नहीं जा सकता है। इसलिए सचिन पायलट क्या निर्णय करेंगें, इसके लिए हमे और आपको अभी कुछ और महीनों का इंतजार करना पड़ेगा।

नई दिल्ली
गुरुवार 14 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### लूट के प्रयास में सुपरवाइजर को मारी गोली

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के थाना पचोखरा क्षेत्र में बुधवार को दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशो ने फैक्ट्री के सुपरवाइजर को गोली मारकर लूटने की कोशिश की गई। थाना पचोखरा क्षेत्र के छतर ई गांव के समीप बुधवार को दिनदहाड़े सरिया फैक्ट्री के सुपरवाइजर आकाश जाटव और उसके भाई पर काली पल्सर सवार बदमाशों ने लूट की नीयत से हमला बोल दिया किंतु दोनों भाइयों द्वारा बदमाशों का मुकाबला कर हाथापाई की गई। बदमाशों ने लूट करने में असफल होने पर गोली चला दी गई। गोली आकाश को लगी है जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे आगरा के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया है। सीओ टूंडला सर्किल अनिवेश सिंह ने गोली की घटना की पुष्टि करते हुए बताया है गोली कांड की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। घायल का उपचार जारी है बदमाशों की तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।

### जौनपुर: धर्म परिवर्तन की प्रचार सामग्री के साथ एक महिला सहित चार गिरफ्तार

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के केराकत थाने की पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने के लिए प्रचार-प्रसार कर रही एक महिला सहित चार अभियुक्तों को आज गिरफ्तार कर उनके कब्जे से प्रचार-प्रसार में प्रयोग की जाने वाली सामाग्री बरामद की। अपर पुलिस अधीक्षक नगर बृजेश कुमार ने बताया कि थाना प्रभारी केराकत टीम द्वारा धर्म परिवर्तन कराने हेतु प्रचार प्रसार कर रही एक महिला अभियुक्त सहित चार लोगों को प्रचार-प्रसार सामग्री के साथ ग्राम विक्रमपुर थाना केराकत से गिरफ्तार किया गया, जिनके विरूद्ध धारा 3/5(1) उ0प्र0 विधि विरूद्ध धर्म सपरिवर्तन प्रतिषेध अधि0 2021 पंजीकृत कर अभियुक्तगण का चालान न्यायालय किया गया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में गोविन्द लाल पुत्र लालबहादुर निवासी सिहौली थाना केराकत जौनपुर , सुरेन्द्र गौतम पुत्र जयराम गौतम निवासी प्यारेपुर थाना सरायख्वाजा जौनपुर , ऊषा देवी पत्नी श्रवण कुमार निवासी विक्रमपुर थाना केराकत जौनपुर से बाइबिल की बड़ी पुस्तक 09, छोटी 01 डायरी जिसमें विभिन्न रोगों के उपचार व उपचार से ठीक होने का फीडबैंक व अन्य हस्तलेख एक, प्रभु ईशु के प्रचार के पोस्टर सफेद 98, सत्संग प्रार्थना पत्र पम्पलेट लाउडस्पीकर साउण्ड मिक्स मशीन, साउण्ड मशीन आदि है ।

### भदोही: ग्राम स्तरीय हितधारकों के साथ बैठक

भदोही। मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्था तथा वेल्सपन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज के सयुंक्त तत्वाधान मे बहुता चकडाही के पंचायत भवन पर बुधवार को एक ग्राम स्तरीय हितधारकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए ग्राम प्रधान कैलाश नाथ यादव ने कहा गांव से लेकर ब्लाक स्तर तक की सेवाओं के लिए लोगों की मदद करना हम सब की जिम्मेदारी है। शासन स्तर से दी जा रही स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका से जुड़ी सभी सुविधाएं आम जनता तक पहुंचे यह हम सभी का हर संभव प्रयास होना चाहिए। ग्राम विकास अधिकारी राम शिरोमणि बिंद ने बताया गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाना हम सभी का सपना है। सभी लोग स्वस्थ रहे और स्वास्थ्य के मुद्दे पर सरकारी अस्पताल मे जाकर जानकारी जरूर लें। बीमार होने पर प्रशिक्षित चिकित्सक से ही उपचार कराए। इस अवसर पर गांव की आशा, आँगनबाड़ी सहित अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किया। बैठक में आसपास के लगभग 15 गांव के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन उमाशंकर तथा धन्यवाद ज्ञापन सरिता मौर्या ने किया।

### सीतापुर: पुलिस फायरिंग में बदमाश घायल

सीतापुर । उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के थाना कोतवाली देहात अंतर्गत सीतापुर लखीमपुर मार्ग पर बुधवार सुबह तड़के पुलिस और बदमाश के बीच हुई फायरिंग के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने इस बारे में बताया कि सीतापुर लखीमपुर हाईवे पर पागरोई नहर बाग के पास कोतवाली देहात की पुलिस और एसओजी संयुक्त टीम संयुक्त रूप से आज तड़के वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच एक मोटरसाइकिल पर एक आदमी मोटरसाइकिल पर आता हुआ दिखाई पड़ा, जिसको रोकने पर उसने पुलिस पार्टी पर फायर किया। पुलिस पार्टी ने जवाबी कार्रवाई करते हुए बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त का नाम उदयराज पुत्र पुताई थाना तंबौर निवासी है। इसके पास से एक मोटरसाइकिल एवं असलहा तमंचा बरामद हुआ ।यह नकबजानी में काफी दिनों से फरार चल रहा था ।इस पर 25000 का इनाम भी घोषित था ।अभियुक्त उदय राज को पुलिस उपचार हेतु पर में गोली लगने के कारण जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की छानबीन कर विधिक कार्रवाई कर रही है।

### हत्यारोपी पुलिस के साथ मुठभेड़ में गिरफ्तार

गोण्डा। उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र में चेहल्लुम के मेले के दौरान सरेआम चाकुओं से गोदकर एक व्यक्ति की हत्या कर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने बुधवार को मुठभेड़ में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि सोमवार को देहात कोतवाली थानाक्षेत्र के फिरोजपुर तरहर में लगे चेहल्लुम के मेले में धक्का मुक्की को लेकर दो युवकों में आपस में विवाद हो गया। उन्होंने बताया कि कहासुनी के दौरान आवेश में आकर आरोपी लादेन में अपने साथी संग शाकिब (30) की चाकू से वार कर हत्या कर फरार हो गया। उन्होंने बताया कि फरार आरोपी लादेन को पुलिस ने कोतवाली देहात के ग्राम कलन्दरपुर मोड़ मुन्ना भठ्ठा के निकट आज गाड़ाबन्दी कर रोका तो उसने पुलिस दल पर फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान मोर्चा संभालते हुये पुलिस के जवानों ने लादेन के दाहिने पैर में गोली मार दी और घायलावस्था में अभिरक्षा में लेकर उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती करा दिया।

### बार काउंसिल के आह्वान पर देवरिया में वकीलों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के आह्वान पर वकीलों ने हापुड़ में वकीलों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन बुधवार को जिला प्रशासन को सौंपा। सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील मिश्रा तथा कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश मिश्रा के नेतृत्व में वकील पुलिस विरोधी नारेबाजी करते हुए कचहरी परिसर में प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट कचहरी परिसर में एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव को अपनी पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंप कर हापुड़ में वकीलों पर पुलिस द्वारा बर्बर लाठीचार्ज करने वाले दोषी पुलिसकर्मियों तथा अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। वकीलों का आरोप है कि पीड़ित अधिवक्ताओं को जब तक न्याय नहीं मिलेगा आंदोलन जारी रहेगा ।वकील पुलिसकर्मियों के खिलाफ सरकार से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### बरेली का हिरासत से बंदी मेरठ से फरार, पांच पुलिसकर्मी निलंबित

**बरेली ।** बरेली पुलिस की अभिरक्षा में मेरठ मेडिकल कॉलेज से बंदी के फरार होने के मामले में एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है साथ ही विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। एसएसपी घुले सुशील ने बताया कि पांच पुलिसकर्मी बरेली जेल से उसे इलाज के लिए बन्दी को मेरठ कॉलेज लेकर गए थे। आरोपी मुख्य आरक्षी खेम सिंह, आरक्षी युसुफ, राहुल कुमार, आकाश और सुधांशु यादव की तैनाती पुलिस लाइन बरेली में है। बरेली से इलाज के लिए मेरठ भेजा था। मेरठ में पांचों पुलिसकर्मी मेडिकल कॉलेज में निगरानी के बजाय आराम से सोते रहे। जिससे पांचों पुलिसकर्मी उपचार के लिए पुलिस अभिरक्षा में लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज मेरठ के लिए 09 सितंबर को पुलिस लाइन से रवाना कराकर अस्पताल पहुंचे थे। जहां से बंदी सोमवार देर शाम हथकड़ी खोलकर पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया था। जिला कारागार बरेली में निरुद्ध विचाराधीन बंदी आंवला निवासी काले के फरार होने की पुलिस वालों को जब पता चला तो उन्होंने उसे ढूंढने की कोशिश की और इसमें नाकाम रहने पर पुलिस को सूचना दी।

# प्रदेश में छुट्टा गोवंश संरक्षण की प्रक्रिया तेज करेगी योगी सरकार



- मौजूदा वित्तीय वर्ष 2023-24 में छुट्टा गोवंश के संरक्षण के लिए तृतीय किस्त के तौर पर 125 करोड़ रुपए की धनराशि जारी करने के निर्णय को मिली स्वीकृति
- इस धनराशि आवंटन से प्रदेश भर में छुट्टा घूम रहे गोवंश को संरक्षण प्रदान करने के लिए अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों के निर्माण में लाई जाएगी तेजी
- सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, प्रदेश में गोवंश संरक्षण के लिए गो पालकों को विभिन्न परियोजनाओं में तमाम सहूलियतें दिए जाने का मार्ग हुआ प्रशस्त

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार गोवंश संरक्षण की दिशा में बेहद सार्थक प्रयास कर रही है। नन्द बाबा दुग्ध मिशन, नंदिनी कृषक समृद्धि योजना तथा गायों के लिए एंबुलेंस व आश्रय स्थलों समेत ऐसी तमाम योजनाएं हैं जिनके जरिए प्रदेश में गोवंश को संरक्षित करने की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में, सड़कों पर आवारा घूमने वाले छुट्टा गोवंश की देखरेख के लिए प्रदेश में गो आश्रय स्थलों के निर्माण प्रक्रिया में भी तेजी लाई गई है। इस बीच, छुट्टा गोवंश के संरक्षण के लिए अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए योगी सरकार ने विस्तृत कार्ययोजना के अंतर्गत कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्ययोजना के अंतर्गत मौजूदा वित्तीय वर्ष 2023-24 में छुट्टा गोवंश के संरक्षण के लिए तृतीय किस्त के तौर पर 125 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दिया गया है। इस धनराशि का प्रयोग प्रदेश भर में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों के निर्माण कार्य में तेजी लाने और यहां आश्रय पाने वाले गोवंश को उचित पोषण व संरक्षण देने के लिए की जाएगी।

इससे न केवल सड़कों पर छुट्टा घूमने वाले गोवंश की समस्या हल होगी बल्कि इन्हें उचित आश्रय, भोजन, स्वास्थ्य निदान समेत तमाम सुविधाएं मिलेंगी जिनसे इनका जीवन रक्षण संभव हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश को डेयरी सेक्टर में अव्वल बनाने के लिए सीएम योगी काफी प्रयास कर रहे हैं और मौजूदा धनराशि आवंटन भी इसी प्रक्रिया में तेजी लाने की दिशा में एक अहम कड़ी है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, प्रदेश में मौजूदा वित्तीय वर्ष 2023-24 में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों में प्रति गोवंश रोजाना 50 रुपए के दर से अनुदान दिया जाएगा। इससे गो आश्रय स्थलों में गोवंश के रख-रखाव, उनके इलाज, पोषण युक्त आहार, उचित शेड समेत तमाम सहूलियतों को पूर्ण करने में मदद मिलेगी।

## छत के मलबे में दबकर पिता एवं उसके दो पुत्रों की मौत, पत्नी गंभीर घायल

संभल। उत्तर प्रदेश में संभल जिले के जुनावई क्षेत्र में छत के मलवे में दबकर पिता एवं उसके दो पुत्रों की मौत हो गई तथा पत्नी गंभीर घायल है। थाना जुनावई के अंतर्गत के ग्राम ग्राम घोंसली वाहन निवासी महावीर (35 वर्ष) मंगलवार को रात के समय अपनी पत्नी सुनीता देवी व दो वर्ष के बेटे ऋतिक एवं दो माह के बेटे सचिन के साथ अपने घर में सो रहा था। रात्रि में लगभग एक बजे अचानक मकान की कच्ची छत भर भराकर गिर गई, जिसके मलबे में महावीर एवं उसकी पत्नी व बच्चे दब गए। छत गिरने की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर आए और दरवाजा खोलने का प्रयास किया लेकिन दरवाजा नहीं खुला तब पड़ोसी दीवार तोड़कर मकान के अंदर घुसे और मलवा हटाकर महावीर एवं उसकी पत्नी व बच्चों को मलबे से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने चारों घायलों को जुनावई सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने महावीर, ऋतिक एवं सचिन को मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायल सुनीता देवी को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

# झांसी : किसान परिवारों को बांटे गये सहायता राशि चेक

एजेंसी

**झांसी ।** मुख्यमंत्री कृष दुर्घटना सहायता योजना के अंतर्गत झांसी जिला प्रषासन ने आज प्रभावित किसान परिवारों को सहायता राशि के चेक वितरित किये।

यहां कलेक्ट्रेट में प्रभावित किसानों को चेक वितरित करते हुए जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने इस योजना के बारे में बताया कि प्रदेश सरकार ने इस योजना को इसलिए शुरू किया है ताकि राज्य के किसानों की स्थिति को बेहतर किया जा सके, जिससे इनकी समस्याएं कम हो सके और इनके परिवार को कभी भी आर्थिक संकट से गुजरना ना पड़े। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना एक तरह का बीमा है, जिसके माध्यम से सरकार दुर्घटना में मारे गए अथवा दिव्यंगता को प्राप्त किसानों को आर्थिक लाभ दिया जा रहा है। इससे उनको अपनी आर्थिक हालत सुधारने में काफी मदद मिल रही है।

उन्होंने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना की विशेषताएं बताते हुए कहा कि इस योजना के अंतर्गत राज्य में रहने वाले किसानों की अगर कृषि कार्य करते हुए दुर्घटना में मृत्यृ हो जाती है तो सरकार की ओर से उनके परिवार को मुआवजा दिया जाएगा और यदि वह विकलांग हो जाता है, तो भी उसके परिवार को सहायता राशि दी जायेगी।

जिससे किसान के परिवार की इस धनराशि से आर्थिक स्थिति बेहतर हो सकेगी। उन्होंने बताया कि इस योजना में मरने वाले किसान के परिवार वालों को सरकार की ओर से 45 दिन के भीतर मुआवजे की धनराशि मिल जाएगी।

उन्होंने बताया कि कोई किसान तो प्रदेश का मूल निवासी है और उसकी उम्र 18-70 के बीच है, वह आवेदन कर सकता है ।इस योजना का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड और कृषक भूमि दस्तावेज होना जरूरी है और दिव्यांग किसान भी इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

मुआवजे की धनराशि खाते में सीधी जमा हो सके, इसके लिए मोबाइल नंबर भी जरूरी है ताकि योजना से जुड़ी जरूरी जानकारी आपको आसानी से प्राप्त हो सके। योजना के लिए आधिकारिक वेबसाइट जारी कर दी गई है। जिस पर जाकर अपना आवेदन घर बैठे कर सकते हैं।

# भदोही : कांग्रेस आयी वकीलों के समर्थन में



**भदोही।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर उत्तर प्रदेश के भदोही जिला कांग्रेस कमेटी ने अधिवक्ता आंदोलन का समर्थन किया। इस बाबत कांग्रेस ने बुधवार को बार एसोसिएशन अध्यक्ष से मिलकर समर्थन पत्रक सौंपा।

कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र कुमार दुबे राजन के दिशा निर्देश पर विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शशि पांडेय के नेतृत्व में कांग्रेस जनों के एक प्रतिनिधि मंडल ने हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज की निंदा की। घटना के विरोध में बार एसोसिएशन द्वारा किए जा रहे आंदोलन का समर्थन करते हुए बुधवार को पार्टी का समर्थन पत्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रवींद्र नाथ मिश्र को सौंपा।

इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव वसीम अंसारी व जिला अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ कांग्रेस शशि पांडेय ने कहा कि जिस तरह से गत दिनों हापुड़ में वकीलों पर पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया गया, वह अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से अधिवक्ताओं के साथ खड़ी है। उन्होंने दोषियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की।

इस अवसर पर जिला महामंत्री सत्येंद्र प्रकाश तिवारी व वरिष्ठ नेता हसनैन अंसारी ने कहा कि लोगों को न्याय दिलाने वाले आज न्याय के लिए सड़कों पर हैं।

## मो़ आजम खां सच की आवाज है : अखिलेश

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि मोहम्मद आजम खां साहब सच की आवाज हैं। उन्होंने बच्चों के बेहतर भविष्य की नींव रखी है, शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय बनाया। मोहम्मद आजम खां साहब सदैव फिरकापरसत ताकतों से लड़ते रहे हैं। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का आचरण संविधान विरोधी और लोकतंत्र विरोधी है। भाजपा सरकार विरोधी दलों के नेताओं के खिलाफ लगातार बदले की भावना से काम कर रही है। इससे पहले भी भाजपा ने मोहम्मद आजम खां साहब की ईमानदार छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए फर्जी मुकदमें लगाए थे। उन्हें कोर्ट से राहत मिली। आज पूरी समाजवादी पार्टी उनकी आवाज के साथ खड़ी है। भाजपा सरकार केन्द्रीय संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विपक्षी एकजुटता और इंडिया गठबंधन से डरी हुई है।

# पुलिस के साथ मुठभेड में तीन बदमाश गिरफ्तार, असलहा बरामद

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश में जनपद बुलंदशहर में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई एक मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने तीन कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके कब्जे से लूटी हुई नकदी, दो कार व अवैध असलहा बरामद किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि 12/13 सितंबर 2023 की रात्रि में जनपद की स्वाट टीम व थाना देहात पुलिस भूड़ चौराहे पर चैकिंग कर रहे थे तभी दो संदिग्ध कार आती दिखाई दीं जिन्हें रूकने का इशारा करने पर कार चालक तेजी से भगा कर निकलने में कामयाब हो गए। पुलिस द्वारा इसकी सूचना अगले चेकिंग पोइंट को भेजने पर कोतवाली देहात पुलिस टीम ने ग्राम दोस्तपुर फ्लाईओवर के पास सर्विस रोड़ पर इन्हें घेर लिया ।





बदमाशों ने अपने को घिरता देख पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग मे अजय व रोहित नामक दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गये पुलिस द्वारा इन दोनों को कब्जे में लेने के साथ इनके तीसरे साथी को भी दबोच लिया जबकि एक अन्य भागने में सफल रहा जिसकी कॉम्बिंग कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किये गये घायल बदमाशों की पहचान जनपद के खुर्जा देहात क्षेत्र के ग्राम बादशाहपुर पचकाई निवासी अजय तथा थाना खुर्जा नगर क्षेत्र के मोहल्ला विकास नगर निवासी रोहित एवं जनपद अलीगढ़ के थाना टप्पल क्षेत्र के ग्राम हमीदपुर निवासी जोगेंद्र तोमर के रूप में की गई है।

पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से लूटी हुई नकदी, 01 आधार कार्ड,अवैध असलहा, कारतूस व दो कार बरामद की है।

एस एसपी ने बताया कि बदमाश शातिर किस्म के लुटेरे/अपराधी हैं जो थाना कोतवाली देहात पर धारा 392 के मुकदमे में वांछित चल रहे थे पुलिस द्वारा तकनीकी माध्यमों से इन बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु निरन्तर प्रयास किए जा रहे थे इसी क्रम में आज मुठभेड़ के दौरान बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।उन्होंने बताया की तीनों बदमाशों का आपराधिक इतिहास पर है जिसके तहत रोहित पर 26 जोगेंद्र पर तीन तथा अजय नामक बदमाश पर जनपद के विभिन्न थानों में लूट अपहरण गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज है।

# रेलवे अफसर के घर पर मिला 2.61 करोड़ कैश

## सीबीआई ने रिश्वत लेते पकड़ा था; बोला-बिना रुपए के अलॉट नहीं होता ठेका

एजेंसी

गोरखपुर। सीबीआई को रेलवे अफसर के घर से 2.6 करोड़ का कैश मिला है। इसके साथ ही कई संदिग्ध डाक्यूमेंट्स भी मिले हैं। सीबीआई ने उसके कंप्यूटर और हार्ड डिस्क को कब्जे में ले लिया। जांच एजेंसी ने एनई रेलवे गोरखपुर में तैनात चीफ प्रिंसिपल मैटीरियल मैनेजर केसी जोशी को मंगलवार को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसके नोएडा-गोरखपुर स्थित आवास पर छापेमारी चल रही थी।

केसी जोशी को सीबीआई बुधवार की सुबह लेकर लखनऊ चली गई। हालांकि, एक टीम अब भी गोरखपुर में डेरा डाले हुए है। टीम उसे सीबीआई की स्पेशल कोर्ट में पेश करेगी। सीबीआई केसी जोशी को रिमांड पर लेने की तैयारी में है। सीबीआई की पूछताछ के दौरान जोशी ने कई चौंकाने



वाले खुलासे किए हैं।

### हर काम में फिक्स है रेलवे अफसरों का कमीशन

केसी ने रेलवे में चल रही कमीशनखोरी के खेल में गोरखपुर के 3 डिप्टी मैटीरियल मैनेजर और एक चीफ मैटीरियल मैनेजर का नाम लिया है। इतना ही नहीं, उसने सीबीआई को बताया है कि रेलवे में कोई भी ठेका या टेंडर बिना कमीशन के अलॉट नहीं होता। इसमें नीचे से लेकर ऊपर तक के अफसरों का कमीशन फिक्स होता है। सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई इस मामले में रेलवे के अन्य अफसरों से जल्द ही पूछताछ कर सकती है।

### ठेकेदार ने की थी शिकायत

दरअसल, गोरखपुर के अलहदादपुर के रहने वाले प्रणव त्रिपाठी सूक्ति एसोसिएट फर्म के प्रोपराइटर हैं। उनकी फर्म जेम पोर्टल पर रजिस्टर्ड है। वे अपनी फर्म के जरिए से पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर और अन्य सरकारी विभागों में उत्पाद और सेवाएं उपलब्ध कराते हैं। प्रवीण को जनवरी महीने में हृश्व रेलवे में तीन ट्रक की सप्लाई का टेंडर जेम पोर्टल के जरिए मिला था। इसका उन्हें प्रतिमाह 80 हजार रुपए प्रति ट्रक भुगतान होना था। उन्होंने 7 सितंबर को सीबीआई के एसीबी विंग के एसपी से की गई शिकायत में कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे में प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक केसी जोशी ने धमकी दी कि अगर उसने 7 लाख रुपए रिश्वत नहीं दी, तो उसका टेंडर जेम पोर्टल से निरस्त करा देंगे। उन्होंने फर्म का रजिस्ट्रेशन निरस्त करने के लिए पत्र भी लिख दिया है। इसके अलावा जो पुराने काम चल रहे हैं, उसे भी रद्द करवाने की बात कह रहे हैं।

सीबीआई ने जांच कि तो शिकायत सही मिली। इसके बाद सीबीआई की टीम चीफ प्रिंसिपल मैटीरियल मैनेजर को ट्रैप करने के लिए गोरखपुर पहुंची। इसके बाद गोरखपुर रेलवे दफ्तर में केसी जोशी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

# वकीलों ने हड़ताल पर हाथों में लाठियां लेकर किए नारेबाजी

हाथरस। हापुड़ में वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में वकीलों का हड़ताल जारी है।

हाथरस के वकील रोजाना प्रदर्शन कर रहे हैं। बुधवार को तहसील सदर पर वकीलों ने लाठियां हाथ में लेकर हापुड़ के पुलिस प्रशासन और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वकीलों ने कहा कि जब तक दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी। तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। तहसील परिसर से लेकर सड़क तक वकीलों ने मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया।

वकीलों की इस हड़ताल से कामकाज प्रभावित रहा। इस मौके पर मुख्य रूप से सुरेश चंद शर्मा, ओम प्रकाश, प्रमोद गोस्वामी, भूपेंद्र शर्मा, मदन मोहन गौड़, सुदर्शन शर्मा, शशांक पचौरी, नितिन यादव, नरेश कुमार सिंह, देवेश दीक्षित, अजय शर्मा, गिरीश चंद्र गौड़ आदि मौजूद थे। इधर, जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ता



भी हड़ताल पर रहे। वकीलों ने इस दौरान नारेबाजी की। फिर बार हाल में सभा की गई।

सभा में सभी अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर कहा कि जब तक बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश की मांगें नहीं मानी जाएगी। हापुड़ की घटना के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी। तब तक यह आंदोलन और हड़ताल जारी रहेंगे। इस मौके पर सीओ सिटी सुरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में वकीलों ने कहा कि शासन प्रशासन द्वारा अभी तक बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश की मांगों को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# अमरोहा में धरने पर बैठे ई-रिक्शा चालक

**अमरोहा।** अमरोहा के डिडौली कोतवाली के जोया कस्बे में आज दर्जन ई-रिक्शा चालक धरने पर बैठ गए। ई-रिक्शा चालकों का आरोप है कि शहर में ऑटो स्टैंड पर तैनात वसूली करने वाले लोग उन्हें ई-रिक्शा नहीं चलाने दे रहे हैं और न ही उनका ई-रिक्शा स्टैंड पर खड़ा करने दे रहे हैं। इसके साथ ही चालकों का आरोप है कि जब वह इस बात का विरोध करते है तो ऑटो स्टैंड पर वसूली करने वाले उनके साथ मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं। फिलहाल सभी ई रिक्शा चालकों ने डीएम से शिकायत कर समस्या का जल्द समाधान कराने की मांग उठाई है।

### रूट तय कराने की उठाई मांग

जोया शहर के साप्ताहिक बाजार में धरने पर बैठे ई-रिक्शा चालक मोहम्मद हनीफ, कोमल सिंह, पप्पू , मतीन, अशोक कुमार, चमन सिंह, रोहित, बाबू, नन्हे, नईम, कविंद्र, प्रदीपकुमार, महबूब अली, आमिर खान, भूरा, यासीन आदि ने बताया कि जोया कस्बे में ऑटो स्टैंड पर वसूली करने वाले लोग शहर में ई रिक्शा नही चलाने दे रहे है।

# मैनपुरी में खाना बनाते समय तेज धमाके से फटा सिलेंडर

## हादसे में पांच लोग हुए गंभीर घायल, दो सैफई रेफर, घर का लेंटर गिरा, दीवार हुई क्षतिग्रस्त

मैनपुरी। मैनपुरी में एक घर में खाना बनाते समय सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। सिलेंडर फटते ही मकान का लेंटर और दीवार ध्वस्त हो गई।

तेज धमाका और मकान गिरने की आवाज सुनकर ग्रामीण दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। हादसे में घायल सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसमें तीन की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल से सैफई रेफर कर दिया गया है।

मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के रमईहार गांव से जुड़ा है। शिवलाल की



पत्नी घरेलू गैस पर खाना बना रही थी। उसी दौरान अचानक उनके गैस सिलेंडर में आग लग गई। आग धीरे-धीरे विकराल रूप ले लिया। जिसमें तेज धमाके के साथ सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। सिलेंडर के ब्लास्ट होते ही मकान तोड़कर बाहर निकल गया। तेज धमाके की आवाज सुन आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने मकान के मलबे से दबने और जलने से घायल हुई शिवलाल की पत्नी मायावती, बेटी कुंती, बेटा विपिन, अर्जुन को घर से बाहर निकाला।

### दो की हालत गंभीर, सैफई रेफर

ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने दो की हालत को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार करने के बाद सैफई रेफर कर दिया है।

### सिलेंडर फटने से हुआ हादसा

सूचना पर पहुंचे सीओ सिटी संतोष कुमार सिंह ने बताया गांव निवासी शिवदयाल के यहां खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लग गई थी।

जिससे सिलेंडर फट गया। मकान भी क्षतिग्रस्त हुआ है। सभी घायलों का इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से गंभीर घायलों को सैफई इलाज के लिए रेफर किया गया है।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
गुरुवार 14 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### मोदी एनटीपीसी लारा की मेरी-गो-राउंड प्रणाली का गुरुवार को करेंगे लोकार्पण

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में एनटीपीसी के लारा सुपर तापबिजली घर में एमजीआर (मेरी-गो-राउंड) लाजिस्टिक्स प्रणाली को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। यह जानकारी एनटीपीसी की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी है। यह प्रणाली राज्य में तलाईपल्ली कोयला खदान से एनटीपीसी के लारा बजलीघर के बीच परिचालित की जाएगी और इससे वहां कोयला ढुलाई दक्ष होगी और इसकी लागत कम होगी। एनटीपीसी की विज्ञप्ति के अनुसार इस 65 लोमीटर लम्बी विद्युतीकृत एमजीआर प्रणाली से एनटीपीसी के लारा संयंत्र में बिजली उत्पादन की लागत कम होगी और ईंधन आपूर्ति की सुविधा अधिक भरोसेमंद होगी। एमजीआर प्रणाली में लदे ट्रकों को सुविधानुसार ट्रेन पर चढाया-उतारा जा सकता है। तलाईपल्ली कोयला खदान को एनटीपीसी के दो गुणा 800 (कुल 1600 मेगावाट) क्षमता के उक्त बिजली घर से जोड़ने वाली एमजीआर प्रणाली को 2071 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया गया है। यह योजना हावड़ा-मुंबई मुख्य रेलवे लाइन से भी जोड़ी जाएगी, जिससे इसका उपयोग देश के अन्य इलाकों को कोयला भेजने के लिए भी किया जा सकेगा।

### एमके इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स ने मनीष सोंथालिया को बनाया मुख्य निवेश अधिकारी

**मुंबई।** परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी एमके इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स लिमिटेड (ईआईएमएल) ने वित्तीय सेवा क्षेत्र के लंबे अनुभवी मनीष सोंथालिया को अपना मुख्य निवेश अधिकारी नियुक्त किया है। वित्तीय सेवा समूह, एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की इस कंपनी की ओर से बुधवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक श्री सोंथालिया को वित्तीय सेवा कारोबार के क्षेत्र में तीन दशक अधिक का अनुभव है। इससे पहले वह मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड में कार्यरत थे और वहां उन्होंने पीएमएस, अल्टरनेट्स और ऑफशोर इन्वेस्टमेंट्स के लिए कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीआईओ) के रूप में सेवा दी है। श्री सोंथालिया ने चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सेक्रेटरी, कॉस्ट एंड वर्क्स अकाउंटेंट और एमबीए किया है। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और ईआईएमएल के मेंटर कृष्ण कुमार करवा ने कहा, मनीष सोंथालिया की कार्यकुशलता और विशेषज्ञता तथा उनके गहन अनुभव से ईआईएमएल को आने वाले वर्षों में अपने कारोबार का अधिक तीव्रगति से विस्तार करने और अपने निवेशकों के लिए दीर्घकालिक संपत्ति अर्जित करने में सहायता मिलेगी।

### कॉन्सेंसिस ने मेटामास्क स्नैप्स किया लॉन्च

**टेक्सास,( अमेरिका )।** ब्लॉकचेन और वेब3 सॉफ्टवेर की प्रमुख कंपनी कॉन्सेंसिस ने मेटामास्क स्नैप्स को पुन लॉन्च करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि मेटामास्क स्नैप्स यूजरों द्वारा मेटामास्क के साथ संवाद करने के तौर-तरीकों में जबरदस्त बदलाव लाने के लिए तैयार है। मेटामास्क दुनिया का सेल्फ-कस्टडी वेब3 प्लैटफॉर्म है, जो यूजरों को अभूतपूर्व नियंत्रण और कस्टमाइजेशन की सुविधा प्रदान करता है। स्नैप्स एक नई विशेषता और कार्यात्मकता है, जिसे भारतीय डेवलपररों सहित तृतीय-पक्ष डेवलपरों द्वारा विकसित किया गया है। पूरे विश्व के मेटामास्क यूजर इसे सीधे अपने वॉलेट में इंस्टाल कर सकते हैं। पहले मेटामास्क फीचरों को कॉन्सेंसिस द्वारा नियुक्त मेटामास्क डेवलपर्स द्वारा ही विकसित किया गया था। शुरुआत में 2525 से अधिक स्नैप्स शामिल किये गए थे जो लेन-देन की जानकारी, बिटकॉइन जैसे गैर-ईवीएम ब्लॉकचेन के द्वारा इंटरऑपरेबिलिटी और नोटिफिकेशन से सम्बंधित उपयोगिता प्रदान करते थे। मेटामास्क स्नैप्स का सार्वजनिक लॉन्च एक वॉलेट के रूप में मेटामास्क के विकास में एक महत्वपूर्ण पल है। यूजरों को पूरे विश्व के तृतीय-पक्ष डेवलपर्स द्वारा निर्मित नए टूल्स प्रदान करके, मेटामास्क स्नैप्स लोगों को अपनी विशिष्ट ज़रूरतों और पसंदों के अनुसार अपना वेब3 अनुभव प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा।

### औद्योगिक उत्पादन वृद्धि जुलाई में 5.7 प्रतिशत रही

नयी दिल्ली। खनन और बिजली क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन से देश के औद्योगिक उत्पादन में जुलाई 2023 में पिछले साल की तुलना में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि इस साल जुलाई महीने के लिए औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) त्वरित अनुमान के अनुसार 142.0 रहा। मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया, जुलाई 2023 के लिए खनन, विनिर्माण और बिजली क्षेत्रों के लिए औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक क्रमशः 111.9, 141.2 और 204.0 हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल जुलाई में खनन क्षेत्र का उत्पादन सालाना आधार पर 10.7 प्रतिशत बढ़ गया, जबकि बिजली उत्पादन में आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 4.6 प्रतिशत बढ़ा। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य अर्थशास्त्री निखिल गुप्ता ने कहा कि औद्योगिक उत्पादन में 5.7 प्रतिशत की दर से वृद्धि का जुलाई का आंकड़ा बाजार के 5.3 प्रतिशत के अनुमान से बेहतर (लेकिन हमारे 8.2 प्रतिशत के अनुमान से कम है) है। रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, विनिर्माण क्षेत्र के उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन के कारण जुलाई 2023 में 5.7 प्रतिशत औद्योगिक वृद्धि का आंकड़ा हमारी उम्मीदों से अधिक है।

### इंदौर से शुक्रवार को 'मत्स्य सम्पदा जागृति अभियान' का शुभारंभ करेंगे रूपाला

नयी दिल्ली। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला शुक्रवार (15 सितंबर) को मध्य प्रदेश के इंदौर से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) की तीसरी वर्षगांठ पर एक राष्ट्रीय कार्यक्रम में 'मत्स्य सम्पदा जागृति अभियान' शुरू करेंगे। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार रूपाला मत्स्य पालन विभाग की छह महीने लंबी आउटरीच पहल 'मत्स्य सम्पदा जागृति अभियान' शुरू करेंगे, जिसका लक्ष्य योजना का कुशल कार्यान्वयन और संभावित हितधारकों तक पहुंचना है। विज्ञप्ति के अनुसार रूपाला मछली पालन में उत्पादन और उत्पादकता वृद्धि, बाजार के लिए विकसित मछलियों को पकड़े जाने के बाद उनके परिवहन, प्रसंस्करण आदि के लिए पीएमएमएसवाई के तहत अनुमोदित बुनियादी ढांचे और मूल्य-वर्धन की अन्य श्रृंखलाओं के विस्तार में सहयोग संबंधित विभिन्न परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में मत्स्य पालन पर एक प्रदर्शनी लगायी जाएगी जिसमें इस क्षेत्र में कार्यरत स्टार्टअप इकाइयों, महाविद्यालयों , विश्वविद्यालयों , मछली उत्पादक किसान संगठनों (एफपीओ) और मछली सहकारी समितियों द्वारा इस क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं में की गयी नयी-नयी प्रगति और नवाचार आदि का प्रदर्शित किया जाएगा।

### डीबीएस बैंक के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने डीबीएस बैंक के खिलाफ सावधि खाते में कथित हेरा-फेरी मामले में आपराधिक कार्रवाई रद्द कर दी है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में मुकदमा चलाने की अनुमति देना न्याय का मजाक होगा। बता दें कि जिस मामले में कार्रवाई की मांग की जा रही है, वह लक्ष्मी विलास बैंक का है। 27 नवंबर 2020 को लक्ष्मी विलास बैंक का सिंगापुर के डीबीएस बैंक में विलय हो गया था। जस्टिस एस रविंद्र और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि यह कार्रवाई लक्ष्मी विलास बैंक के डीबीएस बैंक में विलय से पहले उसके चार अधिकारियों के खिलाफ होनी थी। जज ने कहा कि आपराधिक कानून के तहत व्यक्तिगत जिम्मेदारों की जवाबदेही, एकीकरण से अप्रभावित रहती है। कोर्ट ने कहा कि लक्ष्मी विलास बैंक मामले में लोगों का बैंकिंग सेक्टर में भरोसा दांव पर था। जिसके बाद आरबीआई के दखल के बाद डीबीएस ने लक्ष्मी विलास बैंक के पूरी कार्यप्रणाली, प्रबंधन और देनदारियों की विलय के तहत जिम्मेदारी दी गई। ऐसे में लक्ष्मी विलास बैंक के अधिकारियों के कृत्यों के लिए डीबीएस बैंक के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देना न्याय का मजाक होगा।

# एडब्लूएस का इसरो और इन-स्पेस के साथ गठबंधन

नयी दिल्ली। अमेज़न वेब सर्विसेज (एडब्लूएस) इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने क्लाउड कंप्यूटिंग द्वारा स्पेस-टेक इनोवेशंस में मदद करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) के साथ एक रणनीतिक समझौता किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस गठबंधन द्वारा स्पेस स्टार्टअप, शोध संस्थानों एवं विद्यार्थियों को अत्याधुनिक क्लाउड टेक्नोलॉजी उपलब्ध हो सकेगी, जो अंतरिक्ष क्षेत्र में नए समाधानों के विकास में तेज़ी लाएगी। इस गठबंधन का उद्देश्य क्लाउड टेक्नोलॉजी और अंतरिक्ष क्षेत्र के ज्ञान वाली प्रतिभा का विकास करना, स्टार्टअप को स्पेस-टेक समाधानों का विकास करने में समर्थ बनाना और आरएंडडी में मज़बूती लाना है। वर्तमान समस्याओं को हल करने वाले समाधानों का विकास किया जाना भी है।

एडब्लूएस भारत एवं दक्षिण एशिया की निदेशक एवं मुख्य टेक्नोलॉजिस्ट, सार्वजनिक क्षेत्र, शालिनी कपूर ने कहा, क्लाउड कंप्यूटिंग पर आधारित इनोवेशंस की मदद से अंतरिक्ष उद्योग ज़्यादा तेज एवं बेहतर निर्णय लेने में समर्थ बनता है, जिससे संभावनाओं का विस्तार होता है। एडब्लूएस स्टार्टअप को उपयोग की ज़रूरत को पहचानने और समाधानों के विकास में तेजी लाने, तथा भारत में क्लाउड और अंतरिक्ष के क्षेत्र में निपुण प्रतिभा का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम पृथ्वी पर जीवन में सुधार लाने के लिए भारत के ग्राहकों को स्पेस-टेक समाधानों का निर्माण करने में मदद करने के लिए तत्पर हैं।

हम अंतरिक्ष में भारत की यात्रा के एक महत्वपूर्ण बिंदु पर हैं क्योंकि भारत सरकार एयरोस्पेस और सैटेलाइट उद्योग में देश की क्षमताएँ बढ़ाने व मज़बूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इसरो की स्पेस-टेक विशेषज्ञता के साथ क्लाउड कंप्यूटिंग में एडब्लूएस के शैक्षिक कार्यक्रमों द्वारा भावी पीढ़ियों को भारत के विकसित होते अंतरिक्ष क्षेत्र में करियर बनाने की प्रेरणा मिलेगी।

इसरो के निदेशक (कैपेसिटी बिल्डिंग एवं पब्लिक आउटरीच) सुधीर कुमार एन. ने कहा, हमारे देश की सबसे बड़ी प्राथमिकता अंतरिक्ष क्षेत्र में इनोवेशन को आगे बढ़ाना है क्योंकि भू-स्थानिक समाधानों में सुशासन के लिए उच्च गुणवत्ता की सेवाएं प्रदान करने तथा नागरिकों एवं अंशधारकों को लाभ पहुँचाने की शक्ति है।

क्लाउड कंप्यूटिंग द्वारा बहुत किफ़ायती तरीके से उपयोगी परिणाम प्राप्त करने के लिए एआई, एमएल एवं एनालिटिक्स वर्कलोड चलाने के अलावा रॉ स्पेस डेटा के भारी वॉल्यूम का तेज़ी से प्रबंधन संभव होता है।

इसरो, इन-स्पेस और एडब्लूएस स्पेस-टेक सेक्टर में स्टार्टअप समुदाय के निर्माण व विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। एडब्लूएस एक्टिवेट प्रोग्राम द्वारा एडब्लूएस अंतरिक्ष स्टार्टअप टूल्स, संसाधन एवं विशेषज्ञ तकनीकी सहायता निःशुल्क उपलब्ध कराएगा। इससे स्टार्टअप इनोवेटिव समाधान बना पायेंगे और तेज़ी से उनका व्यवसायीकरण कर पायेंगे। स्टार्टअप को एडब्लूएस और एडब्लूएस स्पेस एक्सेलेरेटर प्रोग्राम द्वारा एयरोस्पेस एवं सैटेलाइट समाधानों का निर्माण करने के इसके वैश्विक अनुभव का लाभ भी मिलेगा।

इन-स्पेस के निदेशक (प्रमोशन डायरेक्टोरेट) डॉ. विनोद कुमार ने कहा, चंद्रमा पर चंद्रयान-3 के उतरने और आदित्य एल-1 मिशन के बाद अब स्पेस टेक्नोलॉजी और क्लाउड कंप्यूटिंग की असीमित क्षमता का उपयोग करके भारत के स्पेस सेक्टर को नये आयाम पर ले जाने का समय आ गया है। इन-स्पेस निजी स्पेस सेक्टर को सुविधाएँ देने और सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। एडब्लूएस के साथ यह साझेदारी इसका एक प्रमाण है और इस साझेदारी द्वारा हम स्टार्ट-अप्स, विद्यार्थियों एवं शोधकर्ताओं को आसमान से आगे सपने देखने, इनोवेशन लाने, और ग्लोबल स्पेस उद्योग में अपना योगदान देने में समर्थ बनाना चाहते हैं।

तीनों संगठन एडब्लूएस शिक्षा कार्यक्रमों की मदद से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को क्लाउड कंप्यूटिंग, एआई, एमएल, एनालिटिक्स और सुरक्षा में प्रशिक्षण देने वाले नये नये कार्यक्रमों में सहयोग करेंगे। यह अभियान विद्यार्थियों को उद्योग में मान्यताप्राप्त क्लाउड कंप्यूटिंग सर्टिफ़िकेशन प्राप्त करने, और आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग कर भारत में भविष्य के स्पेस स्टार्टअप का निर्माण करने में समर्थ बनाएगा।

# अर्थव्यवस्था के मजबूत आंकड़े से बाजार उछला, निफ्टी पहली बार 20 हजार के पार

**मुंबई।** विदेशी बाजारों में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर जुलाई में औद्यागिक उत्पादन बढ़ने और अगस्त में खुदरा महंगाई घटने से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार नौवें दिन भी तेजी रही और निफ्टी पहली बार 20 हजार अंक के पार पहुंच गया।



बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 245.86 अंक की तेजी लेकर 67466.99 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 76.80 अंक मजबूत होकर पहली बार 20 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 20070 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.19 प्रतिशत चढ़कर 32,147.31 अंक और स्मॉलकैप 0.85 प्रतिशत उछलकर 37,296.78 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3784 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2177 में लिवाली जबकि 1480 में बिकवाली हुई वहीं 127 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियां हरे जबकि 19 लाल निशान पर रही।

खुदरा महंगाई अगस्त में घटकर 6.83 प्रतिशत पर आ गई। वहीं, जुलाई में औद्योगिक उत्पादन बढ़कर 5.7 प्रतिशत पर पहुंच गया। इससे उत्साहित निवेशकों की जबरदस्त लिवाली से बीएसई में इंडस्ट्रियल्स, आईटी, ऑटो, सर्विसेज और कैपिटल गुड्स की 0.52 प्रतिशत तकी गिरावट को छोड़कर शेष 15 समूहों में तेजी रही। इस दौरान दूरसंचार 2.62, कमोडिटीज 0.96, सीडी 0.14, ऊर्जा 1.19, एफएमसीजी 0.37, वित्तीय सेवाएं 0.62, हेल्थकेयर 0.49, यूटिलिटीज 0.47, बैंकिंग 0.89, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.24, धातु 1.04, तेल एवं गैस 1.13, पावर 0.13, रियल्टी 0.65 और टेक समूह के शेयर 0.22 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.17, जर्मनी का डैक्स 0.67, जापान का निक्केई 0.21, हांगकांग का हैंगसेंग 0.09 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.45 प्रतिशत गिर गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 32 अंक फिसलकर 67,188.64 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 67,053.36 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। इसके बाद हुई लिवाली की बदौलत यह लगातार चढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 67,565.41 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 67,221.13 अंक के मुकाबले 0.37 प्रतिशत चढ़कर 67,466.99 अंक पर रहा।

निफ्टी चार अंक उतरकर 19,989.50 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 19,944.10 अंक के निचले जबकि 20,096.90 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 19,993.20 अंक की तुलना में 0.38 प्रतिशत की तेजी लेकर 20,070.00 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में भारती एयरटेल 2.72, टाइटन 2.42, इंडसइंड बैंक 1.82, एक्सिस बैंक 1.56, एसबीआई 1.39, एनटीपीसी 0.98, पावरग्रिड 0.94, टाटा मोटर्स 0.83, रिलायंस 0.61, टाटा स्टील 0.50, एचडीएफसी बैंक 0.43, अल्ट्रासिमको 0.36, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.27, विप्रो 0.20 और सन फार्मा 0.10 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.34, एलटी 1.18, नेस्ले इंडिया 0.76, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.61, टेक महिंद्रा 0.42, टीसीएस 0.42, मारुति 0.38, एचसीएल टेक 0.32, इंफोसिस 0.26 और आईसीआईसीआई बैंक ने 0.12 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## अमेरिकन एक्सप्रेस ने की 'ऑफर्स नेक्स्ट डोर' लॉन्च करने की घोषणा

**नयी दिल्ली।** अमेरिकन एक्सप्रेस ने अधिक से अधिक ग्राहकों तक पहुंचने में छोटे व्यापारियों को सहयोग की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए भारत में अपना हाइपर लोकल प्लेटफॉर्म 'ऑफर्स नेक्स्ट डोर' लॉन्च करने की घोषणा की है। इस प्लेटफॉर्म में दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, मुंबई और बेंगलुरू में 'पड़ोस के स्टोर्स ' के लिए उत्साहजनक ऑफर्स हैं।ये ऑफर्स फैशन एवं लाइफ स्टाइल, डिपार्टमेंटल स्टोर्स एवं ग्रोसरी और हेल्थ एवं वेलनेस सहित विभिन्न वर्गों तक फैले हैं। कार्डधारक इन मर्चेंट स्टोर में प्रदर्शित या प्रचार अभियान के जरिए मिली जानकारी से इन ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं और अपने अमेरिकन एक्सप्रेस कार्ड के जरिए भुगतान कर सकते हैं। अमेरिकन एक्सप्रेस ने भारत में 2022 में 10 लाख से अधिक नये दुकानदारों को जोड़ा है। अमेरिकन एक्सप्रेस इंडिया के उपाध्यक्ष एवं ग्लोबल मर्चेंट एंड नेटवर्क सर्विसेज़ प्रमुख अनुराग गुप्ता ने कहा, छोटे व्यवसायियों को अपनी पहुंच बढ़ाने और नये ग्राहकों को आकर्षित करने में अक्सर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हमने इन चुनौतियों को पहचाना और हाइपरलोकल प्लेटफार्म 'ऑफर्स नेक्स्ट डोर' का निर्माण किया जहां सभी वर्गों में ये ऑफर्स सूचीबद्ध हैं। गुप्ता ने कहा, अमेरिकन एक्सप्रेस समुदायों के बारे में गहरी चिंता करती है और इसका विश्वास है कि छोटे व्यवसायी आस पड़ोस के केंद्र बिंदु हैं। 'ऑफर्स नेक्स्ट डोर' के जरिए हम कार्डधारकों को स्थानीय दुकानों पर खरीद के लिए प्रोत्साहित कर छोटे व्यवसायियों को सहयोग की अपनी प्रतिबद्धता दोहरा रहे हैं क्योंकि यह प्रचार अभियान गली मोहल्ले की दुकानों पर केंद्रित है। कार्डधारक अपने पास-पड़ोस की दुकानों में सुविधाजनक तरीके से इन ऑफर्स का एक लंबी अवधि के लिए लाभ उठा सकते हैं। प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) और ऑनलाइन दोनों पर ही ध्यान दिए जाने से हमें हमारी स्वीकार्यता जबरदस्त ढंग से बढ़ाने में मदद मिली है और साथ ही इससे स्थानीय दुकानदारों को अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद मिल रही है।

## कैट ने जी 20 की अभूतपूर्व सफलता के लिए मोदी की सराहना की

नयी दिल्ली। कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट ) ने जी 20 शिखर सम्मेलन की शानदार सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की है और जी 20 शिखर सम्मेलन के सक्षम नेतृत्व करने पर साधुवाद दिया है। कैट ने इसको लेकर आज मोदी को एक पत्र भेजा है जिसमें कहा गया है कि जी 20 की अभूतपूर्व सफलता से हमारे महान देश भारत को विश्व स्तर पर गरिमा मिली है । अब देश श्पीरी मोदी की परिकल्पना के अनुसार 'विश्व गुरु' की ओर बढ़ रहा है। कैट ने दिल्ली में एक मेगा अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित करने की भी इच्छा जताई है और मोदी से मिलने का समय मांगा है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया ने मोदी को भेजे पत्र में कहा कि जी20 की प्राथमिकताओं में एमएसएमई को शामिल करना, जैसा कि दिल्ली घोषणापत्र में बताया गया है, वित्तीय समावेशन, डिजिटल अर्थव्यवस्था को अपनाना और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अधिक से अधिक उपयोग शामिल हैं। ये वो बेहतरीन बिंदु हैं जो भारत और दुनिया भर में व्यापार की मजबूत वृद्धि में परिणत हो सकते हैं। यह निश्चित रूप से भारत में छोटे व्यवसायों को तेजी से बढ़ने के लिए सशक्त बनाएगा और उन्हें वैश्विक बाजार में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा। उन्होंने 'भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियार' बनाने की घोषणा की भी सराहना की, जो निश्चित रूप से भारत के व्यापार को अगले स्तर तक बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा यह जानकर खुशी हो रही है कि शिखर सम्मेलन में मोदी का दृष्टिकोण दिखाई दिया और सदस्य देशों ने इसे स्वीकार कर लिया है।

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख

नयी दिल्ली । विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा। तेल-तिलहन -वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 22 रिंगिट बढ़कर 3620 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.62 सेंट की तेजी लेकर 60.68 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 146 रुपये और वनस्पति तेल में 881 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही जबकि मूंगफली तेल के भाव 147 रुपये प्रति क्विंटल उतर गए। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही।

## सुवेन फार्मास्युटिकल्स में 9589 करोड़ रुपये तक के विदेशी निवेश को सरकार की स्वीकृति

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने मेसर्स सुवेन फार्मास्युटिकल्स लि में साइप्रस की कंपनी द्वारा 9589 करोड़ रुपये तक के विदेशी शेयरपूंजी निवेश के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बुधवार को बैठक में साइप्रस की कंपनी मैसर्स बरहयांदा लिमिटेड की ओर से मैसर्स सुवेन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड में 9589 करोड़ रुपये तक के विदेशी निवेश के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रस्ताव को मंजूरी दी। सरकार की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह मंजूरी अनिवार्य ओपन ऑफर के माध्यम से मौजूदा प्रमोटर शेयरधारकों और सार्वजनिक शेयरधारकों से सुवेन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड की 76.1 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए है।

विज्ञप्ति के अनुसार इस निर्णय के तहत सुवेन फार्मास्युटिकल्स में कुल विदेशी निवेश 90.1 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है। यह निर्णय इस निवेश प्रस्ताव पर सेबी, आरबीआई, सीसीआई और अन्य संबंधित एजेंसियों की मूल्यांकन रिपोर्ट के बाद किया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 'यह स्वीकृति संबंधित विभागों, आरबीआई और सेबी द्वारा प्रस्ताव की जांच के बाद स्वीकृति दी गई है और यह इस संबंध में लागू सभी नियमों और विनियमों की पूर्ति के अधीन है।'

मेसर्स बरहयांदा लिमिटेड में संपूर्ण निवेश एडवेंट फंड्स के पास हैं। एडवेंट फंड का प्रबंधन एडवेंट इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन द्वारा किया जाता है, जो अमेरिका में पंजीकृत इकाई है। वर्ष 1984 में स्थापित एडवेंट इंटरनेशनल कॉरपोरेशन ने 42 देशों में लगभग 75 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है और इसने 2007 से भारत में निवेश करना शुरू किया है और अब तक इसने स्वास्थ्य सेवा, वित्तीय सेवाओं, औद्योगिक विनिर्माण, उपभोक्ता वस्तुओं और आईटी सेवा क्षेत्रों की 20 भारतीय कंपनियों में लगभग 34000 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

## वित्तीय समावेशन पर चौथी जी-20 वैश्विक साझेदारी बैठक आज से मुंबई में

नयी दिल्ली। वित्तीय समावेशन पर चौथी जी-20 वैश्विक साझेदारी (जीपीएफआई) बैठक 14-16 सितंबर, 2023 तक मुंबई में आयोजित होने वाली है। इस बैठक में जी-20 सदस्य देशों, विशेष आमंत्रित देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के 50 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक में डिजिटल वित्तीय समावेशन और एसएमई वित्त के क्षेत्रों में जी-20 भारत अध्यक्षता के तहत वित्तीय समावेशन एजेंडा के चल रहे काम पर चर्चा होगी।

इस बैठक से पहले, एमएसएमई को सक्रिय करने के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर एक परिचर्चा 14 सितंबर, 2023 को आयोजित की जाएगी। परिचर्चा में दो प्रमुख विषयों 'डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के माध्यम से उच्च आर्थिक विकास के लिए एमएसएमई को सक्रिय करना' और 'क्रेडिट गारंटी और एसएमई परितंत्र' पर वैश्विक विशेषज्ञों के बीच पैनल चर्चा होगी। इस परिचर्चा में एमएसएमई के तेजी से बढ़ते वित्तीय समावेशन में डीपीआई की भूमिका पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

दो दिनों के दौरान, जीपीएफआई सदस्य डिजिटल वित्तीय समावेशन के लिए जी20 जीपीएफआई उच्च स्तरीय सिद्धांतों के कार्यान्वयन, राष्ट्रीय प्रेषण योजनाओं के अद्यतन और एसएमई वित्तपोषण में आम बाधाओं को दूर करने के लिए एसएमई सर्वोत्तम प्रथाओं और नए उपकरणों के संबंध में जीपीएफआई कार्य पर चर्चा करेंगे।

जीपीएफआई बैठक के हिस्से के रूप में 16 सितंबर, 2023 को 'डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के माध्यम से वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाना- डिजिटल और वित्तीय साक्षरता एवं उपभोक्ता संरक्षण के माध्यम से उपभोक्ताओं को सशक्त बनाना' विषय पर एक परिचर्चा भी आयोजित की जाएगी। चौथी जीपीएफआई डब्ल्यूजी बैठक में भाग लेने वाले प्रतिनिधि मुंबई में कन्हेरी गुफाओं का भी दौरा करेंगे।

## बैंक ऑफ इंडिया ने जुटाये दो हजार करोड़

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ने आज एनएसई के इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म के माध्यम से टियर 2 बांड के माध्यम से दो हजार करोड़ रुपये की पूंजी जुटायी। बैंक ने यहां जारी बयान में कहा कि 7.88 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से यह पूंजी जुटायी है। बैंक को कुल 3770 करोड़ रुपये के 83 बोलियां प्राप्त हुईं। इनमें से कुल 48 सफल बोलीदाता थे। आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार दीर्घकालिक संसाधनों को बढ़ाने के लिए बैंक ने पूंजी जुटाई है। इस इश्यू के माध्यम से बैंक द्वारा जुटाई गई धनराशि किसी विशेष परियोजना के वित्तपोषण के लिए नहीं है। बैंक इस इश्यू से प्राप्त पूंजी का उपयोग अपनी नियमित व्यावसायिक गतिविधियों के लिए करेगा।

## 'बायजू ने तीन साल पुराने हेज फंड में छिपाए 4400 करोड़ रुपये'

नई दिल्ली। भारत की सबसे प्रमुख टेक कंपनियों में से एक बायजू ने कथित तौर पर तीन साल पुराने एक हेज फंड में 533 मिलियन डॉलर (4,400 करोड़ रुपये) छिपाए, जिसने एक बार कहा था कि उसका मुख्य व्यवसाय मियामी में एक आईएचओपी (इंटरनेशनल हाउस ऑफ पैनकेक्स) पैनकेक रेस्तरां है। नकदी की वसूली की कोशिश कर रहे ऋणदाताओं ने यह दावा किया है।

टेक कंपनी के कुछ कर्जदाताओं ने एक मुकदमे में दावा किया है कि बायजू ने पिछले साल विलियम सी मॉर्टन द्वारा स्थापित निवेश फर्म कैमशाफ्ट कैपिटल फंड को आधा अरब डॉलर से अधिक ट्रांसफर किए। तब मॉर्टन सिर्फ 23 साल के थे।

ऋणदाताओं के मुताबिक, निवेश में औपचारिक प्रशिक्षण की कमी के बावजूद मॉर्टन के फंड को पैसा मिला। अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, इसके अलावा पैसे ट्रांसफर होने के बाद से मॉर्टन के नाम पर लक्जरी कारें (2023 फेरारी रोमा, 2020 लेम्बोर्गिनी हुराकन ईवीओ और 2014 रोल्स-रॉयस रेथ) पंजीकृत हैं।

यह आरोप भारत की ऐड टेक कंपनी बायजू और ऋणदाताओं के बीच बढ़ती सार्वजनिक लड़ाई में नया मोड़ है। दोनों पक्ष ऋण को लेकर एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। ऋणदाताओं का दावा है कि यह डिफॉल्ट है और बायजू ने ऋणदाताओं पर बाजार बिगाड़ने की रणनीति अपनाने का आरोप लगाया है।

## शार्ट न्यूज

### गोरखपुर ने काशी को 18 रन से हराया

कानपुर । सलामी बल्लेबाज ध्रुव जुरेल (90) और अभिषेक गोस्वामी (64) के बीच 137 रन की शतकीय साझीदारी की बदौलत गोरखपुर लायंस ने यूपी लीग के एक मुकाबले मे बुधवार को काशी रूद्राक्ष को 18 रन से हरा दिया। ग्रीनपार्क स्टेडियम में गोरखपुर लायंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 201 रन बनाये जिसके जवाब में काशी रूद्राक्ष सात विकेट पर 183 रन ही बना सकी। गोरखपुर की जीत में ध्रुव और अभिषेक के बीच तूफानी साझेदारी अहम रही। शतक से चूके ध्रुव ने आउट होने से पहले 49 गेंदों में 13 चौके और तीन छक्के जड़े जबकि दूसरे छोर पर अभिषेक ने 39 गेंदों में आठ चौके और तीन ऊंचे छक्के लगाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। करीब दस रन प्रति ओवर के हिसाब से विजय लक्ष्य का पीछा करने उतरी काशी का शुरूआत ठीकठाक रही। कप्तान करन शर्मा (80 रन,45 गेंद,4 चौके,आठ छक्के) ने तेज शुरूआत की मगर दूसरे छोर पर उन्हे बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। गोरखपुर की धारदार गेंदबाजी और बेहतरीन क्षेत्ररक्षण ने काशी के बल्लेबाजों को खुल कर खेलने का मौका नहीं दिया। अब्दुल रहमान ने काशी के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया जबकि अरनब बालियान और शिवा सिंह रन चुराने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे।

### विश्व कप के लिए अफगानिस्तान की टीम का एलान

काबुल। भारत में अगले महीने (अक्टूबर) से खेले जाने वाले एकदिवसीय पुरूष विश्व कप के लिए अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी 15 सदस्यीय टीम का एलान किया है। यह टीम एशिया कप की टीम से काफी अलग है। भारत में होने वाले विश्व कप के लिए दो साल के अंतराल के बाद तेज गेंदबाज नवीन उल हक की अफगानिस्तान वनडे टीम में वापसी हुई है, जबकि सीनियर ऑलराउंडर गुलबदीन नैब मौजूदा एशिया कप में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद टीम से बाहर हैं। आईसीसी रिपोर्ट में बताया गया कि कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई वाली टीम में अफगानिस्तान ने अपने वर्ल्ड कप स्क्वाड में चार स्पिनर्स को मौका दिया है। इसमें मोहम्मद नबी, राशिद खान, मुजीब उर रहमान और नूर अहमद शामिल हैं। वहीं नवीन उल हक और फजलहक फारूकी को मुख्य तेज गेंदबाज के रूप में शामिल किया गया हैं। साथ ही उनका साथ देने के लिए अब्दुल्लाह ओमरजई और अब्दुल रहमान को भी टीम में जगह मिली है। नायब के अलावा करीम जनत, शराफुद्दीन अशरफ और सुलेमान सफी को टीम में जगह नहीं मिली है। विश्व कप 2023 के लिए अफगानिस्तान की टीम में हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जादरान, रहमतुल्लाह गुरबाज, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, मुजीब उर रहमान, फजल हक फारूकी और नवीन उल हक शामिल हैं।

### सबसे तेज 150 एक दिवसीय विकेट लेने वाले भारतीय स्पिनर बने कुलदीप

कोलंबो। अपनी कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत भारत को आसानी से एशिया कप 2023 के फाइनल में पहुंचने में मदद करने वाले कुलदीप यादव एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे तेज गति से 150 विकेट के आंकड़े को छूने वाले भारतीय स्पिनर बन गए हैं। चाइनामैन गेंदबाज ने मंगलवार को एशिया कप के सुपर फोर मुक़ाबले में श्रीलंका के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। मैच में कुलदीप ने 9.3 ओवर में 4.52 की इकोनॉमी रेट से 43 रन देकर चार विकेट लिए। उन्होंने मध्यक्रम के बल्लेबाज सदीरा समरविक्रमा और चैरिथ असलांका के महत्वपूर्ण विकेट लिए। बाद में उन्होंने कासुन राजिथा और मथीशा पथिराना को भी सस्ते में निपटा कर भारत की जीत का मार्ग प्रशस्त कर दिया। अब तक 88 एकदिवसीय मैचों में, कुलदीप के नाम 25.64 की औसत से 150 विकेट हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 6/25 है। उन्होंने एकदिवसीय में भारत के लिए सात बार चार विकेट और दो बार पांच विकेट लिए हैं। वह तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के बाद इस आंकड़े तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय हैं, जिन्होंने 80 मैचों में 150 विकेट हासिल किए।

### दुनिथ वेल्लालागे श्रीलंका में भविष्य का सबसे बड़ा सितारा : मलिंगा

कोलंबो। श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने दुनिथ वेल्लालागे को प्रतिभा का धनी बताते हुये कहा कि युवा खिलाड़ी से श्रीलंका क्रिकेट की उम्मीदें बढ़ गयी हैं और वह अगले एक दशक में श्रीलंका के सबसे सफल हरफनमौला खिलाड़ी बनने की राह पर हैं। मंगलवार को एशिया कप में भारत के पांच अहम विकेट चटकाने के साथ बल्लेबाजी से भी क्रिकेट दिग्गजों को प्रभावित करने वाले वेल्लालागे की मलिंगा ने तारीफ करते हुये कहा कि 20 वर्षीय खिलाड़ी की प्रतिभा से वह खासे अभिभूत है। उन्होने कहा यह कहना उचित है कि श्रीलंका ने आज 12 खिलाड़ियों के साथ खेला। दुनिथ कितना अच्छा था। उनके युवा कंधों पर हरफनमौला कौशल की जिम्मेदारी है। मेरा मानना है कि वह अगले दशक में वनडे में श्रीलंका के लिए सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनने की राह पर हैं। वेल्लालागे ने अब तक अपने देश के लिए केवल 13 एकदिवसीय मैच खेले हैं। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज अगले महीने भारत में शुरू होने वाले श्रीलंका के आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप अभियान में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए तैयार है। वेल्लालागे ने पिछले साल आईसीसी अंडर19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में 13.58 की औसत से सबसे अधिक 17 विकेट चटकाये थे।

### राष्ट्रीय स्टैंड-अप पैडलिंग चैंपियनशिप रामेश्वरम में

रामेश्वरम। देश भर के 80 से अधिक स्टैंड-अप पैडलर्स 14 और 15 सितंबर को पाल्कबे राष्ट्रीय स्टैंड-अप नौकायन चैंपियनशिप 2023 में हिस्सा लेंगे। सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में खेली जाने वाली चैंपियनशिप में गत चैंपियन और शीर्ष भारतीय स्टैंड-अप पैडलर्स शेखर पचाई, मोनिका पुगझारसु और गायत्री जुवेकर भी रामेश्वरम के प्राचीन पिरप्पनवलसाई समुद्र तट पर एक्शन में दिखाई देंगे। पल्कबे नेशनल स्टैंड-अप पैडलिंग चैंपियनशिप में पुरुष, महिला और ग्रोम्स (यू16) श्रेणियों के प्रतियोगी स्प्रिंट (200 मीटर), तकनीकी (2 किमी) और दूरी (12 किमी) स्पर्धा में भाग लेंगे। स्प्रिंट वर्ग में अपनी पैडल ताकत और गति का परीक्षण करने के लिए गैर-रैंकिंग एथलीटों के लिए एक खुली श्रेणी की दौड़ भी होगी। सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जेहान ड्राइवर ने कहा पल्कबे एसयूपी चैलेंज का उद्देश्य स्टैंड-अप पैडलिंग के रोमांचक खेल को बढ़ावा देना था। हमें खुशी है कि कम समय में हमने इतना आकर्षण इकट्ठा कर लिया है कि दूसरे संस्करण में लड़ने के लिए नए चेहरे तैयार हो रहे हैं। निस्संदेह यह खेल विश्व स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाला जल खेल है। देश भर से हमारे प्रतिभागियों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए इसका प्रभाव भारत में भी दिखाई दे रहा है।

### हैरी डिक्स ने किया मेलबर्न रेनेगेड्स के साथ करार

कैनबरा। इंग्लैंड के खिलाफ इस साल बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले ऑस्ट्रेलिया के अंडर 19 सलामी बल्लेबाज हैरी डिक्सन ने अपना पहला पेशेवर अनुबंध मेलबर्न रेनेगेड्स के साथ किया है। डेविड वार्नर को आदर्श मानने वाले 18 वर्षीय डिक्सन ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के लिए धमाकेदार रन बना रहे हैं। हाल ही में उन्हें मेलबर्न रेनेगेड्स के साथ दो साल का करार सौंपा गया है। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज डिक्सन ने विक्टोरिया ग्रेड सिस्टम के पिछले सीज़न के अंतिम दौर में सेंट किल्डा के लिए अपना पहला शतक लगाया था और इंग्लैंड में भी पहले यूथ टेस्ट मैच के दौरान उन्होंने 167 रन बनाए थे। पहली पारी में उन्होंने शतक बनाया जबकि दूसरी पारी में सैम कोनस्टास के साथ 17.2 ओवर में 156 रन जोड़े। उन्होंने ईएसपीएनक्रिकइंफो को बताया, ¬मैं 66 रन पर था, शायद जब खेल में लगभग 40 मिनट बाकी थे, तब मैंने एक ओवर में कुछ चौके लगाए और खुद से कहा कि मैं खेल के खत्म होने से पहले शतक लगा कर ही रहूँगा। इस साल की शुरुआत में जब इंग्लैंड अंडर-19 टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आई थी, तब डिक्सन ने एकदिवसीय श्रृंखला में 125 गेंदों पर 148 रन बनाए थे। न्होंने कहा मैंने हमेशा डेविड वार्नर को अपना आदर्श माना है।

# विकेट लेने पर नहीं, बल्लेबाज को बांधे रखने में होता है फोकस : कुलदीप



**कोलंबो।** चोट से उबरने के बाद अपनी बदली हुयी गेंदबाजी शैली से विरोधी टीमों के लिये परेशानी का सबब बन चुके चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव का कहना है कि गेंदबाजी के दौरान उनका फोकस बल्लेबाजों को बांधे रखने का होता है। स्टार स्पोर्ट्स से खास बातचीत में कुलदीप ने कहा मै अब विकेट लेने के लिये ज्यादा नहीं सोचता बल्कि हमेशा बल्लेबाज को लॉक करने के बारे में सोचता हूं। सामने खड़े बल्लेबाज को बाजू खोलने का मौका नहीं मिलना चाहिये, इसलिये स्टंप्स पर गेंदबाजी करता हूं। मेरा लक्ष्य अच्छी लेंथ पर गेंदबाजी करना और बल्लेबाज को बांधे रखना होता है। उन्होने बताया कि चोट से वापसी के बाद उन्होंने अपनी गेंदबाजी शैली में कैसे बदलाव किया है। उन्होंने कहा,बेशक, जब मैं चोटिल था, तब हमारे फिजियो ने कहा था कि चाहे कुछ भी हो जाए, मुझे अपने घुटनों पर कोई बोझ नहीं लेना चाहिए। मुझे नहीं पता था कि यह कैसे करना है। दो या तीन महीने बीत गए। मैं धीरे-धीरे ठीक हो रहा था। मैंने अपना रन-अप छोटा करना शुरू किया, और सीधे गेंदबाजी करने के बारे में सोचने लगा। यह मेरे लिए आसान हो गया। मैं अधिक आक्रामक हो गया हूं और मेरी लय बेहतर हो गई है। इसमें लगभग 5-6 महीने लग गए। चाइनामैन गेंदबाज ने कहा 6-7 महीनों के बाद मुझे अपनी उचित लय मिल गई और अब गेंदबाजी करना आसान हो गया है। इसलिए हम हमेशा लेंथ के बारे में बात करते हैं और एक स्पिनर जितनी अधिक गेंदबाजी करेगा, उसे उतना अधिक अनुभव मिलेगा। इसलिए मैं अब विकेट लेने के बारे में उतना नहीं सोचता। मैं इस बारे में ज्यादा सोचता हूं कि मेरी लंबाई कितनी होनी चाहिए. मैं अच्छी लेंथ की गेंदों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा हूं, चाहे वह लेफ्टी हो या राइटी और इसके साथ ही लाइन भी मायने रखती है. जिस तरह से सफेद गेंद का प्रारूप है, आप बल्लेबाज को अपनी बाहों को मुक्त करने के लिए जितनी अधिक जगह देंगे।

## 'निसान' लगातार आठवें साल क्रिकेट विश्व कप का आफीशियल पार्टनर

कोलकाता। निसान मोटर ने लगातार आठवें वर्ष आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 के आधिकारिक प्रायोजक के रूप में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साथ साझेदारी की घोषणा की। आईसीसी विश्व कप पांच अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच भारत में होगा। विश्व कप की आधिकारिक कार के रूप में निसान मैग्नाइट को पेश किया जाएगा। आईसीसी के साथ अपनी स्थायी साझेदारी का जश्न मनाने के लिए निसान मोटर इंडिया ने बिल्कुल नया निसान मैग्नाइट कुरो स्पेशल एडिशन पेश किया है। निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक राकेश श्रीवास्तव ने बुधवार को कहा निसान सभी आईसीसी टूर्नामेंटों का आधिकारिक भागीदार बनकर खुश है।

## भारतीय कप्तान रोहित ने की हार्दिक, कुलदीप की गेंदबाजी की सराहना



**कोलंबो।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को एशिया कप सुपर फोर मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के लिए ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की सराहना की।

रोहित शर्मा ने उपकप्तान हार्दिक पंड्या के गेंदबाजी की तारीफ की है। पांच ओवर में 14 रन देकर उन्होंने एक विकेट लिया। रोहित ने हार्दिक की गेंदबाजी को लेकर कहा, हार्दिक ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी गेंदबाजी पर कड़ी मेहनत की है। यह रातोंरात नहीं होता और यह देखना सुखद है। ऐसा लग रहा था जैसे वह हर गेंद पर विकेट ले रहे हों। लक्ष्य बचाना आसान नहीं था क्योंकि अंत में पिच आसान हो गई। हमें एक लाइन पकड़कर बॉलिंग की। मुझे लगता है कि हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया।

हार्दिक पंडया ने अपनी गेंदबाज़ी से महीश तीक्ष्णा (2) का विकेट चटकाया जिनका शानदार कैच मिड आन पर स्थानापन्न खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव ने डाइव लगाते हुये लिया।

हार्दिक के साथ-साथ कुलदीप ने एक बार फिर चार विकेट लेकर सुर्खियां बटोरीं और वह मोहम्मद शमी के बाद दूसरे सबसे तेज 150 वनडे विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए।

रोहित ने कुलदीप की सराहना करते हुए कहा, कुलदीप पिछले एक साल से काफी अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। उन्होंने अपनी लय पर काफी मेहनत की है।

## हांगकांग ओपन से लक्ष्य ने लिया नाम वापस

हांगकांग। राष्ट्रमंडल खेल के चैंपियन और इस साल कनाडा ओपन का ख़िताब जीतने वाले भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने बुधवार को अपने मैच से ठीक पहले बीडब्लूएफ सुपर 500 सीरीज की प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया। एशियाई खेल 2023 की तैयारियों के मद्देनज़र एचएस प्रणॉय, किदांबी श्रीकांत और पीवी सिंधु के द्वारा प्रतियोगिता से अपना नाम वापस लेने के बाद लक्ष्य सेन भारत की ओर से ख़िताब के प्रबल दावेदार थे। प्रतियोगिता में 8वीं वरीयता प्राप्त भारत के लक्ष्य सेन, शीर्ष रैंकिंग वाले भारतीय पुरुष खिलाड़ी एचएस प्रणॉय की ग़ैर-मौजूदगी में हांगकांग ओपन 2023 में सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी थे। वर्तमान बैडमिंटन रैंकिंग में एचएस प्रणॉय सातवें स्थान पर हैं जबकि लक्ष्य सेन दुनिया में 13वें नंबर के शटलर हैं। उधर, हांगकांग ओपन बैडमिंटन 2023 के दूसरे दिन बुधवार को दुनिया की 50वें नंबर की तनीषा क्रेस्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ी ने अपना राउंड ऑफ 32 का मुक़ाबला जीतकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि मालविका बंसोड़, आकर्षी कश्यप और प्रियांशु राजावत को अपने-अपने मुक़ाबलों में हार मिली। इसके अलावा पहले दौर में, दुनिया के 28वें नंबर के भारतीय शटलर प्रियांशु राजावत को जापान के कांता सुनेयामा के ख़िलाफ़ 13-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही पुरुष एकल स्पर्धा में भारत का अभियान ख़त्म हो गया।

## हार्वेस्ट गोल्ड ने की 'हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस 2023' के लॉन्च की घोषणा

नयी दिल्ली। भारत के अग्रणी ब्रेड ब्रांड में से एक हार्वेस्ट गोल्ड ने बुधवार को यहाँ ले मेरीडियन होटल में आयोजित एक कार्यक्रम में %हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस 2023 के लॉन्च की घोषणा की। ब्रांड ने पूर्व बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियन साइना नेहवाल को रेस एंबेसेडर के रूप में अपने साथ जोड़ा है।

साइबर सिटी गुरुग्राम में 24 सितंबर 2023 को आयोजित होने वाली इस रेस का यह आठवां संस्करण होगा। इस रेस का उद्देश्य सभी के लिए पोषण की व्यवस्था करना है। इस वर्ष ब्रांड ने अपनी थीम -'रन द डिस्टेंस, टू मेक ए डिफरेंस' के तहत एक अग्रणी एनजीओ रॉबिन हुड आर्मी के साथ हाथ मिलाया है, जो समाज के वंचित वर्गों के लिए पोषण सुनिश्चित करने का प्रयास करता है।



दुनिया की सबसे बड़ी बेक्ड फूड कंपनी ग्रुपो बिम्बो के तत्वावधान में हार्वेस्ट गोल्ड ने भारत में ग्लोबल रेस के लिए प्राप्त प्रत्येक रजिस्ट्रेशन के लिए 20 स्लाइस ब्रेड दान करने का वादा किया है।

इस अवसर पर ग्रुपो बिम्बो, इंडिया के प्रबंध निदेशक राज कंवर सिंह ने कहा, हम हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस 2023 की घोषणा करते हुए अत्यंत रोमांचित हैं। एक बेहतर दुनिया बनाने के लक्ष्य से प्रेरित, हार्वेस्ट गोल्ड स्वस्थ जीवन शैली विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने इस मौके पर कहा, मैं एक समय में एक कदम उठाने और लगातार प्रयास करने में विश्वास करती हूं। मैं हार्वेस्ट गोल्ड के साथ साझेदारी करके बहुत ही सम्मानित महसूस कर रही हूं। एक एथलीट के रूप में मैंने हमेशा माना है कि हमारा प्रभाव' फिनिश लाइन 'से परे जाता है, और यह साझेदारी उस विश्वास का प्रतीक है। पोषण तक पहुंच की कमी अभी भी हमारी दुनिया के लिए सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है और हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस हम सभी को एक उद्देश्य के लिए एकजुट होने और ' एक बेहतर दुनिया के पोषण ' की दिशा में बहुमूल्य योगदान देने का अवसर प्रदान करती है।

ग्रुपो बिम्बो के संचालन वाले सभी देशों में विश्व स्तर पर इस रेस का यह आठवां वर्ष है। इसके आयोजन में पिछले साल 60 लाख से अधिक स्लाइस ब्रेड दान किए गए हैं।

# बाइडेन के खिलाफ महाभियोग की जांच शुरू

### बेटे को बिजनेस में फायदा पहुंचाने का आरोप; रिपब्लिकन पार्टी ने फोन कॉल्स, मनी ट्रांसफर के सबूत दिए

वॉशिंगटन। अमेरिका में हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के स्पीकर और रिपब्लिकन पार्टी के नेता केविन मैक्कार्थी ने राष्ट्रपति बाइडेन के खिलाफ महाभियोग जांच शुरू कर दी है।

रॉयटर्स के मुताबिक बाइडेन पर उप-राष्ट्रपति रहते हुए 2009-17 के बीच अपने बेटे हंटर को बिजनेस डील्स में फायदा पहुंचाने के आरोप लगे हैं। अब इसके लिए हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में औपचारिक प्रस्ताव लाया जाएगा। मैक्कार्थी ने बताया कि रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं ने कई फोन कॉल्स, मनी ट्रांसफर और दूसरी गतिविधियों से जुड़े सबूत दिए हैं। इनसे बाइडेन परिवार के भ्रष्टाचार में शामिल होने के संकेत मिलते हैं। हालांकि, इसमें बाइडेन खुद शामिल थे या नहीं, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।



#### यूक्रेन में हंटर बिडेन की डील्स की होगी जांच

बाइडेन के खिलाफ जांच यूक्रेन में हंटर बिडेन के व्यापारिक सौदों पर केंद्रित होगी। रिपब्लिकन पार्टी इस साल की शुरुआत से मामले में सबूत जुटाने की कोशिश कर रही है। रॉयटर्स के मुताबिक, 2020 में सीनेट की जांच और इस साल रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं की तरफ से की गई छानबीन में बाइडेन के खिलाफ सबूत नहीं मिले थे।

इस पर हाउस स्पीकर मैक्कार्थी ने कहा- हम उसी दिशा में बढ़ेंगे जहां सबूत हमें ले जाएंगे। 535 सदस्यों वाली प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन पार्टी के 222 सदस्य हैं।

अमेरिका में अब तक महाभियोग के जरिए किसी भी राष्ट्रपति को हटाया नहीं गया है। अगर जांच पूरी होने पर बाइडेन दोषी पाए जाते हैं तो वो पहले अमेरिकी राष्ट्रपति होंगे जिन्हें इस तरह पद को छोड़ना पड़ेगा।

#### रिपब्लिकन पार्टी ने यूक्रेन में अवैध इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट का आरोप लगाया

हंटर क्राक्र पार्टनर्स (शंघाई) इन्वेस्टमेंट फंड मैनेजमेंट कंपनी के बोर्ड मेंबर रहे हैं जो एक चीनी कंपनी है। इसके अलावा हंटर बरिस्मा होल्डिंग्स लिमिटेड के भी बोर्ड मेंबर रहे हैं। यह यूक्रेन में नेचुरल गैस उत्पादन करने वाली कंपनियों में से एक है। रिपब्लिकन पार्टी का आरोप है कि इसी कंपनी के जरिए बाइडेन यूक्रेन में अवैध इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट करते थे।

#### क्या है महाभियोग प्रस्ताव, कैसा होता है यह पारित

इम्पीचमेंट यानी महाभियोग प्रस्ताव अमेरिकी संविधान के आर्टिकल 1, सेक्शन 2 के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति को उसके पद से हटाने के लिए बनाया गया है। यह प्रस्ताव सदन के प्रतिनिधियों द्वारा लाया जा सकता हैं। राष्ट्रपति द्वारा अपराध, भ्रष्टाचार या दुराचार किए जाने के आरोप में यह प्रस्ताव सदन के पटल पर लाए जाता है। अमेरिकी इतिहास में अब तक कोई भी महाभियोग प्रस्ताव सफल नहीं रहा है।

पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ 2 बार महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था। इसके अलावा 1868 में एंड्रू जॉनसन और 1998 में बिल क्लिंटन के खिलाफ भी यह प्रस्ताव अंत में जाकर विफल हो गया था। 1974 में रिचर्ड निक्सन ने इम्पीचमेंट प्रोसेस से गुजरने के पहले ही इस्तीफा दे दिया था।

## फिलिस्तीनी बलों को अमेरिकी हथियार नहीं भेजा गया

तेल अवीव। इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने बुधवार को उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया जिनमें दावा किया गया था कि इजरायल ने अमेरिकी हथियारों को फिलिस्तीनी बलों को देने की मंजूरी दे दी है और उन्हें हस्तांतरित कर दिया है। गैलेंट ने 'एक्स' पर लिखा, मैंने झूठे दावे सुने हैं। विभिन्न रिपोर्टों से गलत बयानी सामने आने के बावजूद मैंने रक्षा मंत्री का पद संभालने के बाद से फिलिस्तीनी राष्ट्रीय प्राधिकरण को हथियारों के हस्तांतरण को न तो मंजूरी दी है और न ही इसे अंजाम दिया है। चीजों को अलग ढंग से पेश करने का कोई भी प्रयास ज़बरदस्त झूठ है। इससे पहले दिन में इजरायली सेना के रेडियो गैली तजाहल ने बताया कि फिलिस्तीनी अधिकारियों को हाल ही में फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास और इस्लामिक जिहाद आंदोलन के खिलाफ आतंकवाद विरोधी अभियानों में उपयोग के लिए निर्देशित अमेरिकी हथियारों तथा गोला-बारूद की एक खेप मिली थी। पिछले कुछ दिनों में जॉर्डन में अमेरिकी ठिकानों से कथित तौर पर कम से कम 1,500 राइफलें और कई अमेरिकी बख्तरबंद वाहन फिलिस्तीन भेजे गए थे। इस रिपोर्ट की कई इजराइली कैबिनेट मंत्रियों ने आलोचना की जिन्होंने इस समाचार कहानी को आधिकारिक तौर पर वापस लेने की मांग की।

## ओबैदुल हसन बंगलादेश का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त

ढाका। बंगलादेश गणराज्य के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने बुधवार को सर्वोच्च न्यायलय के अपीलीय प्रभाग के न्यायाधीश ओबैदुल हसन को देश का नया मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया। मौजूदा मुख्य न्यायाधीश हसन फोएज़ सिद्दीकी 25 सितंबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है, संविधान के अनुच्छेद 95 (1) के तहत उन्हें मिले अधिकार के तहत, राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट के अपीलीय प्रभाग के न्यायाधीश ओबैदुल हसन को बांग्लादेश का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। कानून मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा दिलाई जाने वाली पद की शपथ के बाद प्रभावी होगी। न्यायमूर्ति हसन देश के 24वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। उनको वर्ष 2009 में सर्वोच्च न्यायलय के उच्च न्यायलय डिवीजन के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था, जबकि वर्ष 2011 में स्थायी न्यायाधीश के रूप में उनकी नियुक्ति की पुष्टि की गई थी। उन्हें तीन सितंबर, 2020 को शीर्ष अपीलीय प्रभाग में न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। न्यायमूर्ति हसन का जन्म एक जनवरी 1959 को नेट्रोकोना के मोहनगोंज उपजिला के चयाशी गांव में एक सम्मानित परिवार में हुआ था, उनके माता-पिता डॉ. अखलाकुल हुसैन अहमद और बेगम होस्ने आरा हुसैन थे।

## विशेष अदालत ने सिफर मामले में इमरान, कुरैशी की न्यायिक हिरासत 26 सितंबर तक बढ़ाई

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने सिफर मामले में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी की न्यायिक हिरासत 26 सितंबर तक बढ़ा दी। सिफर मामला एक राजनयिक दस्तावेज से संबंधित है जो कथित तौर पर खान के पास से गायब हो गया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ का आरोप है कि इसमें अमेरिका की ओर से खान को सत्ता से बाहर करने की धमकी दी गई थी। तोशाखाना मामले में पीटीआई अध्यक्ष की तीन साल की जेल की सजा के निलंबन के बाद यह सामने आया कि वह सिफर मामले में न्यायिक हिरासत में थे , जिसे गत सप्ताह 13 सितंबर तक बढ़ा दिया गया था। उसी दिन खान ने आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत दायर मामलों की सुनवाई के लिए स्थापित विशेष अदालत में आतंकवाद विरोधी अदालत के न्यायाधीश अबुअल हसनत जुल्कारनैन की नियुक्ति के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था ।पीटीआई ने सुनवाई से न्यायाधीश जुल्करनैन की अनुपस्थिति की आलोचना की है ।न्यायपालिका के सूत्रों ने कहा कि ऐसा उनकी पत्नी के बीमार और गंभीर स्थिति में होने के कारण हुआ। खान की 14 दिन की न्यायिक हिरासत मंगलवार को समाप्त हो गई थी और उसी दिन जारी कानून मंत्रालय की ताजा अधिसूचना के अनुसार न्यायाधीश जुल्करनैन ने अनुरोध किया था कि कार्यवाही 'सुरक्षा कारणों से' अटोक जेल में की जाए ।

# लीबिया में तूफान-बाढ़ से 7 हजार लोगों की मौत

### 20 हजार लापता; 2 डैम टूटने से डेर्ना शहर तबाह, मदद पहुंचाना भी बेहद मुश्किल

काहिरा/त्रिपोली। अफ्रीकी देश लीबिया में डेनियल तूफान और बाढ़ ने भयंकर तबाही मचा दी है। तूफान के बाद 10 हजार आबादी वाले डेर्ना शहर के पास दो डैम टूट गए। इससे पूरा शहर तबाह हो गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक- देश में अब तक 7 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। 20 हजार से ज्यादा लोग लापता हैं। सिर्फ 700 शव ऐसे हैं, जिनकी शिनाख्त हो सकी है।

रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे 123 सैनिकों के बारे में भी पता नहीं चल रहा है। यही वजह है कि अब फौज भी बेबस नजर आ रही है। देश में मौजूद चुनिंदा एयरपोर्ट्स इस लायक नहीं बचे हैं कि वहां कोई हैवी या कार्गो एयरक्राफ्ट लैंड कर सके। यही वजह है कि यहां मदद पहुंचाना भी मुश्किल हो रहा है। हेल्थ मिनिस्टर ने बताया कि कई



इलाकों में पानी में लाशें तैरती नजर आ रही हैं। कई घरों में शव सड़ चुके हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि एक समंदर में लाशें तैरती देखी गई हैं। सऊदी अखबार 'द नेशनल' के एक जर्नलिस्ट के मुताबिक- अब तक 6886 शव मिल चुके हैं।

#### पूरे डेर्ना शहर में बाढ़, लाशों की शिनाख्त नहीं हो पा रही

अल जजीरा के मुताबिक, पोर्ट सिटी डेर्ना के पास दो डैम थे, तूफान और बाढ़ से ये टूट गए। इनमें से एक डैम की हाइट 230 फीट थी। सबसे पहले यही डैम तबाह हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन डैम्स की 2002 से देखरेख नहीं हुई थी।

पूरे शहर में बाढ़ का पानी आ गया है। 10 हजार आबादी वाले इस शहर में अब तक 4 हजार लोगों की मौत हुई है। हालात इस कदर खराब हैं कि मरने वालों को दफनाने तक की जगह नहीं बची। लाशें सड़कों पर देखी जा सकती हैं।

## माली के सशस्त्र बलों ने आतंकवादी हमले को किया नाकाम

बमाको। पश्चिमी अफ्रीकी देश माली के सशस्त्र बलों ने देश के पूर्वी हिस्से में आतंकवादियों के एक कार बम हमले को विफल कर दिया है। मालियान एबामाको समाचार पोर्टल ने बुधवार को यह जानकारी दी। समाचार पोर्टल ने कहा कि माली के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के अनुसार हमला मंगलवार सुबह बौरेम शहर में हुआ और कारों तथा मोटरसाइकिलों पर आतंकवादियों के एक समूह ने इसे अंजाम दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि मालियन सशस्त्र बलों ने उसी दिन बौरेम के पास आतंकवादियों के खिलाफ दो और अभियान चलाए। कुल मिलाकर बौरेम के पास तीन ऑपरेशनों को अंजाम देने के बाद, सशस्त्र बलों ने तीन कमांडरों सहित 46 आतंकवादियों को मार गिराया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### ''अयोध्या के श्री राम'' और वेब सीरीज ''दिल नवाजी'' का मुहूर्त मुंबई में : निरंजन सिन्हा



यूँ तो प्रभु श्रीराम के बारे में हर कोई अपने अपने स्तर से गुणगान करते रहता है लेकिन यह मौका बेहद खास है क्योंकि अगले साल अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर का भव्य उद्घाटन होने जा रहा है और इस मौके पर उनके भक्त के द्वारा उनका गुणगान किया जाना बेहद रोमांचक घटना ही है। जी हाँ हम बात कर रहे हैं श्री मॉन्क एंटरटेनमेंट के आगामी प्रोजेक्ट अयोध्या में श्रीराम के संगीत रिकॉर्डिंग की जो आज मुम्बई के यशराज स्टूडियो में किया गया । इसके निर्देशक और संगीतकार हैं बॉलीवुड के जाने माने संगीत निर्देशक माधव एस राजपूत और गीत लिखी है मीनाक्षी एस आर ने । आवाज दिया है माधव एस राजपूत व सृष्टि नवीन ने । जल्द ही इस गाने की शूटिंग भी दिल्ली और अयोध्या में की जाएगी ताकि दर्शक जल्द से जल्द ही अपने आराध्य प्रभु के इस भजन का आनंद ले सकें। इस मौके पर मुंबई में एक वेब सीरीज दिल नवाजी का भी मुहूर्त भी किया गया । जिसके लेखक प्रणव वत्स हैं । निर्माता निरंजन सिन्हा द्वारा बनाये जा रहे इस वेब सीरीज के निर्देशक हैं माधव एस राजपूत । इस मुहूर्त के मौके पर बॉलीवुड के जाने माने हास्य कलाकार सुनील पॉल ,राज प्रेमी, श्रेया नविन ,ताहिर कमाल खान ,संजय भूषण पटियाला, श्याम शर्मा ,कमर हाज़ीपुरी और हेमंत कुमार के साथ बहुत सारी सेलिब्रिटी ने अपनी शुभकामनाएं पूरी टीम को दिया ।

### विरह और रैप का अनोखा संगम है सुमित चंद्रवंशी की बलमुआ चल गइले परदेश .!



नेचुरल स्टार सिंगर सुमित सिंह चंद्रवंशी और प्रियंका सिंह की आवाज़ में रिलीज़ हुआ विरह रैप सॉन्ग बलमुआ चल गइले परदेश मुम्बई में एक समारोह में धूम धाम से म्यूजिक लॉन्च किया गया । म्यूजिक लॉन्च के मौके पर फिल्म के कई लोग मौजूद थे - अमरीश सिंह,रौशन सिंह ,सुनील पाल ,प्रियंका सिंह ,विनोद गुप्ता,राज प्रेमी ,आशुतोष खरे ,एम आई राज ,विष्णु शंकर बेलु ,ब्रज भूषण ,आनन्द सिंह ,मुकेश पांडे ,मुरली लालवानी ,नीरज यादव ,संजय भूषण पटियाला ,कमर हाजीपुरी ,सुनील मांझी ,शाहिद शम्स ,संजना सिल्क ,राधा सिंह ,राकेश देवगन,अजीत चौबे ,भगवान पांडे,मदन सिंह,अभय झा ,दिनेश यादव आदि लोग उपस्थित थे। इस वीडियो गाने बलमुआ चल गइले परदेश में विरह की तड़प के साथ मे रैप का तड़का भी देखने को मिल रहा है । यह अपनेआप में एक बेहद अनूठा प्रयोग है जो भोजपुरी दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने में अवश्य ही कामयाब होगा । गाने में भोजपुरी की सुपर स्टार अभिनेत्री रानी चटर्जी ने एक विरहन का किरदार निभाया है जो बेहद ही खूबसूरत अदाओं के साथ इस कैरेक्टर में जँच रही हैं । रानी चटर्जी का गेटअप और लुक इस गाने में ऐसा बन पड़ा है कि कोई भी इस रूप को देखने के बाद आकर्षित होने से खुद को नहीं रोक पायेगा । उनको सफेद साड़ी में सिंदूर के साथ जो रूप सज्जा की गई है उसमें वो बेहद आकर्षक लग रही हैं ।


### लाभार्थियों को वितरण किया आयुष्मान कार्ड

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



बलरामपुर। विकास खण्ड रेहरा बाजार ब्लाक परिसर में स्वास्थय विभाग द्वारा बुधवार को आयुष्मान भव: अभियान चलाया गया । आयुष्मान योजना के अभियान के तहत जिलाउपाध्यक्ष भाजपा रामकरन मिश्रा तथा भाजपा वरिष्ठ नेता भारतनरेश सिंह और संतोष कुमार सिंह उर्फ पिंकू सिंह की मौजूदगी में लगभग पचासों आयुष्मान लार्भारिथयो में आयुष्मान कार्ड का वितरण कराया गया आपको बताते चलें ब्लाक परिसर में प्रभारी चिकित्साधिकारी रेहराबाजार डा उत्कर्ष मिश्रा की उपस्थिति में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया है आयुष्मान कार्ड वितरण के समय स्वास्थय विभाग के द्वारा मौजूद आशा बहुओं और मौजूद लाभार्थियों ने आनलाइन राष्ट्रपति का अभिभाषण भी सुना । इस अवसर पर भी सी पी एम रेहरा के साथ शानू सिंह, दिनेश सिंह, अखिलेश सिंह एल टी सहित तमाम आशा बहुओं और लाभार्थी भी मौजूद रहे।

### सोनभद्र में आसमानी आफत का एक और कहर, तीन भैंस हुई कालकवलित



सोनभद्र । जिले ही नहीं बल्किदक्षिणी छोर पर उत्तरप्रदेश के अंतिम जनपद सोनभद्र के सीमान्त क्षेत्र में मध्यप्रदेश , छत्तीसगढ़ , झारखण्ड और बिहार के आबाद गांव सीधे स्पर्श करते हैं सोनभद्र - सोनञ्चल से और सभी इलाके प्रभावित हैं आकाशीय विद्युत प्रताड़ना से। कैमूर विंध्य पर बसे ग्रामों में आसमानी आफत कहर बरपाती ही रहती है दीगर प्रान्तों तक। बुधवार सन्ध्या वेला जब पशुओं के घरों पर वापसी का समय होता है , उसी वक्त गर्जना के साथ चमक से उपजी बिजली ने घोरावल के दुबखिली ग्राम में तीन भैस की जान ले ली। गुलाब पुत्र मन्नी की तीन भैस धनावल विद्यालय के पास चर रही थीं कि अकस्मात आसमानी बिजली कड़कती और तीनों के प्राणान्त हो गए।

### 56 लाख की शराब लदी ट्रक बरामद



सोनभद्र। एसओजी ,थाना करमा पुलिस व आबकारी विभाग सोनभद्र की संयुक्त टीम को नशे के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता मिली। करमा थाने के अंतर्गत 656 पेटी में 5840 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब से भरी डीसीएम ट्रक गाड़ी को पुलिस ने जब्त किया बरामद हुई जिसकी अनुमानित कीमत 55 लाख रूपय बताई गई। साथ ही इस दौरान अन्तर्राज्यीय शराब तस्करी करने वाले 2 अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। एसपी सोनभद्र डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि उक्त शराब पंजाब राज्य में विक्रय हेतु अनुमन्य था, परन्तु फ़र्ज़ी कागज़ात बना इसे सोनभद्र के रास्ते अन्यत्र ले जाया जा रहा था।

# जिलाधिकारी ने ईवीएम मशीन की एफएलसी प्रक्रिया का किया निरीक्षण

▸ एफएलसी प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत एस0ओ0पी0 का अक्षरश: अनुपालन किया जाय सुनिश्चित- जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी



**सोनभद्र** । जिलाधिकारी - जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने ई0वी0एम0 मशीन के एफ0एल0सी0 प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एफ0एल0सी0 भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत एस0ओ0पी0 का अक्षरश: अनुपालन किया जाना सुनिश्चित हो । मौके पर उपस्थित राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों से डीएम ने कहा कि वह एफ0एल0सी0 प्रक्रिया प्रारंभ होने के दौरान प्रात: 09.00 बजे से सायं 07.00 बजे तक उपस्थित रहकर एफ0एल0सी0 प्रक्रिया को देख सकते हैं और उन्हें इस प्रक्रिया में यदि किसी प्रकार की समस्या प्रतीत होती है तो उसके सम्बन्ध में भारत निर्वाचन आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत करा सकते हैं। कहा कि इस मामले में तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। एफ0एल0सी0 प्रक्रिया के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि मॉक पोल हेतु रेण्डम आधार पर मशीनों को चिन्हित किये जाने हेतु मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अनुमति दी जायेगी तथा यदि वो चाहे तो स्वयं भी मॉक पोल भी करा सकते हैं। मॉक पोल के दौरान उपस्थित प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर भी रजिस्टर पर प्राप्त किया जायेगा। उन्होंने कहा कि एफ0एल0सी0 हॉल के प्रवेश द्वार पर डी0एफ0एम0डी0 सिस्टम लगाया गया है, जिसकी फ्रिसकिंग के उपरान्त ही प्रवेश की अनुमति होगी।

इस प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा हेतु एक सेक्शन सुरक्षा कर्मी तैनात किये गये हैं, जो 24 म 7 घण्टे उपस्थित रहकर सुरक्षा व्यवस्था की कार्यवाही सुनिश्चित कर रहे हैं। एफ0एल0सी0 के उपरान्त रिजेक्ट पायी गयी एफ0एल0सी0 मशीनों का स्टेटस टेलीबेसिस पर ई0एम0एस0 पर अपडेट किया जायेगा। एफ0एल0सी0 हाल में प्रवेश तलाशी एवं बिना वैध पहचान पत्र के बाद ही समस्त अधिकारियों, इंजीनियरों व कार्मिकों को प्रवेश की अनुमति दी जायेगी, ई0वी0एम0 गोदाम की एफ0एल0सी0 के दौरान प्रतिदिन प्रात: 09.00 बजे से पूर्व तथा सायं 07.00 बजे के बाद बन्द किया जायेगा। एफ0एल0सी0 प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के क्रम में मोबाइल कार्डलेस, पैनड्राइव, कैमरा आदि एफ0एल0सी0 हाल में ले जाना पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा।

## सोन नदी संगम तट गोठानी में सोन संगम आरती संपन्न

**सोनभद्र।** चोपन ब्लाक अन्तर्गत अगोरी किले के पास स्थित गोठानी ग्राम में गुप्त काशी के नाम से सुप्रसिद्ध सिद्ध देवालय बाबा सोमनाथ मंदिर के सामने स्थित सोन,बिजुल व रेणुका नदी के संगम पर मंगलवार को हर वर्ष की भांति सोन संगम आरती स्थानीय लोगों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इसके पूर्व इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सुधाकर मिश्र ने सपरिवार बाबा सोमनाथ मंदिर में रूद्राभिषेक पूजन का कार्यक्रम पं.अरविन्द शुक्ला ने सम्पन्न कराया । तत्पश्चात बंश की रक्षा करने वाली मां बंसरा देवी का सपत्नीक दर्शन पूजन किया व मित्रों व स्थानीय जनों संग संगम का पूजन अर्चन कर आरती किया। मौके पर उपस्थित जनों को प्रसाद देकर ,भोजन भी कराया ।

बता दें कि वर्ष 2012 से सोन संगम आरती प्रति वर्ष संयोजक सुधाकर मिश्र के जरिए कराई जा रही है। रुद्राभिषेक पूजन, हरिकीर्तन, विशाल भंडारा भी कराया जाता रहा है। कोरेना कल के समय से ही यह आयोजन वृहद



स्तर पर नहीं किया जा रहा है। इसके पहले जिले के आला अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों आदि की मौजूदगी में असहाय ,निर्धन ,जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल, वस्त्र वितरण के साथ ही विशिष्ट लोगों का सम्मान आदि कार्यक्रम भी होता रहा है। उक्त अवसर पर एसपी तनेजा,आचार्य रामप्यारे सिंह,पं अरविन्द शुक्ला शास्त्री, दुर्गेश पाणडेय, श्यामलाल पाण्डेय, राम विलास यादव योग शिक्षक, देवी दयाल गिरी, पंचम गिरी, मन्नी महंत, रामबचन गिरी,सुभास गिरी व सभी गिरी परिवार के लोग व स्थानीय ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## ओबरा तापीय परियोजना में लगी भीषण आग, 12वीं इकाई ठप होने से बिजली आपूर्ति बाधित



सोनभद्र। ओबरा तापी परियोजना के स्विच यार्ड में आज सुबह आईसीटी में 60 सर्किट से आग लग जाने के कारण परियोजना की 200 मेगावाट की 12वीं इकाई ट्रिप कर गई। इससे प्रदेश के कई जिलों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। वहीं कर्मचारियों की सतर्कता से अन्य इकाइयों को ट्रिप होने से बचा लिया गया। मौके पर पहुंचे सीआईएसएफ अग्निशमन विभाग के जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया वही 12वीं इकाई ट्रिप करने के बाद सोनभद्र समेत कई जिलों में बिजली की कटौती चालू कर दी गई है। बिजली कटौती किए जाने से उमस भरी गर्मी में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तापीय परियोजना के प्रबंधक ने आईसीटी में शॉर्ट सर्किट से लगे आग के जांच के आदेश दिए हैं। तापीय परियोजना के इंजीनियर ट्रिप हुई इकाई के तकनीकी गड़बड़ियों को दूर कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने में जुटे हुए हैं। परियोजना प्रबंधन का मानना है कि देर रात तक इसे चालू कर दिया जाएगा।

## प्रयास सामाजिक सेवा समिति लखनऊ के अध्यक्ष बने डा. नागेश्वर दूबे

सोनभद्र। शिक्षा जगत में देश विदेश में ख्यातिप्राप्त डा. नागेश्वर दूबे को सामाजिक सेवा कार्यों के प्रति समर्पित संस्था प्रयास सामाजिक सेवा समिति की लखनऊ शाखा का अध्यक्ष बनाया गया है। गौरतलब है कि लखनऊ में प्रयास सामाजिक सेवा समिति के महिला शाखा की अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार मुक्ति भट्टाचार्या है।

प्रदेश में जन सेवा के कार्यो को गति देने हेतु संगठन प्रयास के प्रदेश संयोजक वरिष्ठ पत्रकार सरदार रणवीर सिंह ने गत दिवस प्रदेश की राजधानी लखनऊ में डा. नागेश्वर दूबे को प्रयास सामाजिक सेवा समिति की लखनऊ शाखा का अध्यक्ष मनोनीत किया है।



इस मनोनयन पर समाज के प्रबुद्ध संवेदनशील लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए डा. दुबे को बधाई एवं प्रदेश संयोजक जी का आभार व्यक्त किया है बताते चलें कि डा नागेश्वर दुबे का जन्म अविभाजित जनपद मिर्जापुर के चोपन गांव के एक कृषक परिवार में छ: मार्च 1963 को हुआ, जो अब सोनभद्र जनपद में है। इनके पिता का नाम पं जगदीश राम दुबे और माता का नाम बलराजी देवी था। बचपन में ही जब नागेश्वर कक्षा 3 के छात्र थे, पिता जी का असामयिक निधन हो गया। इस कारण आपका विद्यार्थी जीवन कठिन और चुनौतीपूर्ण रहा।

ईश्वर की कृपा और स्वजनों की शुभकामनाओं से येन- केन- प्रकारेण संघर्ष करते हुए आप सफलतापूर्वक प्रगति पथ पर अग्रसर रहे। आप की प्रारम्भिक स्कूली शिक्षा, कक्षा 1 से 5 तक, प्राथमिक पाठशाला चोपन से हुई। कक्षा 6 से 10 तक की शिक्षा रेल कर्मचारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चोपन और कक्षा 11 से 12 तक की शिक्षा सीमेंट फैक्ट्री इन्टर कालेज चुर्क से हुई। तदोपरान्त, स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएच डी की शिक्षा और उपाधि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के भौमिकी त्नद्बश्वद्यश्वद्द4 विभाग से हुई। पीएच डी के बाद भी सन 2000 के सितम्बर तक लेखक ने विभिन्न क्षमताओं में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में अपनी सेवाऐं देते रहे। यहीं दो दशक तक आप को पद्मश्री से सम्मानित व विख्यात शल्य चिकित्सक टी के लहरी (प्रो डा तपन कुमार के लाहिरी) के सानिध्य में रहने और आशीष प्राप्त करने का सौभाग्य भी मिला।

# एनडीआरएफ की टीम ने उतरौला चीनी मिल एवं तहसील उतरौला परिसर में आपदा से बचाव को लेकर किया जागरूक

### एनडीआरएफ टीम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की रेकी कर जुटाई जानकारी

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



**बलरामपुर।** जिलाधिकारी अरविन्द सिंह के निर्देशन में एनडीआरएफ वाराणसी की 11 वाहिनी के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में एनडीआरएफ की टीम द्वारा बुधवार को तहसील उतरौला अन्तर्गत चीनी मिल एवं तहसील परिसर में आपदा से बचाव को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की रेकी करने का काम किया गया। एनडीआरएफ टीम द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ मिलकर आपदा जोखिम को कम करने के लिए विभिन्न संसाधनों और हितकार्यों को सशक्त बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अरविंद कुमार सिंह से मार्गदर्शन प्राप्त करके बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया और प्रशिक्षित और अनुभवी टीमों द्वारा औद्योगिक संस्थानों एवं ग्रमों में कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम चलाया, जा रहा है जिसमें भूकंप, बाढ़ में बचाव के तरीके, आकाशीय बिजली से बचाव, गले में फँसी बाहरी बस्तु को निकालने के तरीके, रक्तस्राव प्रबंधन, उपलब्ध संसाधनों से स्ट्रेचर बनाना, और उपलब्ध संसाधनों से फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाने का आयोजन किया।

चीनी मिल में अग्नि सुरक्षा एवं भूकम्प तथा अन्य आपदाओं से बचावश् संसाधनों की उपलब्धता आदि को लेकर तथा ग्रामों में लोगों को पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण के महत्त्व के बारे में जागरूक किया और इस अभियान को अपने जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया।

टीम की अगुआई उप-निरीक्षक जयप्रकाश और उनके सहायक टीम के सदस्यों ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

## घरेलू गैस कनेक्शन गैस सिलेंडर रिफिल 450 रुपये में मिलेगा

भोपाल। मध्यप्रदेश शासन ने निर्णय लिया है कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के समस्त एलपीजी गैस कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं और गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रेणी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में पंजीकृत ऐसी लाड़ली बहनें जिनके स्वयं के नाम से घरेलू गैस कनेक्शन हैं उन्हें एक सितम्बर से गैस सिलेंडर रिफिल 450 रुपये (रूपये चार सौ पचास) में उपलब्ध कराया जायेगा। गैस सिलेंडर की बकाया राशि राज्य सरकार भरेगी। बकाया राशि पात्र लाड़ली बहनों के खातों में डाली जायेगी। राज्य शासन ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए प्रक्रिया निर्धारित कर दी है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनांतर्गत गैस कनेक्शनधारी समस्त उपभोक्ता और गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रेणी में मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना में पंजीकृत ऐसी लाड़ली बहनें जिनके स्वयं के नाम से घरेलू गैस कनेक्शन हैं इसके लिये पात्र होंगी। गैस सिलैंडर रिफिल के लिए अनुदान राशि पात्र कनेक्शनधारियों को एक सितम्बर से देय होगी। पात्रताधारी उपभोक्ताओं को प्रतिमाह अधिकतम एक रिफिल पर अनुदान मिलेगा। पात्रताधारी उपभोक्ताओं को ऑयल कंपनी से रिफिल निर्धारित फुटकर विक्रय दर पर क्रय करना होगा। भारत सरकार द्वारा दिये गए समस्त अनुदान तथा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित फुटकर विक्रय दर (रूपये 450) को कम करने पर शेष राशि राज्य अनुदान के रूप में पात्रताधारी उपभोक्ताओं के आधार लिंक बैंक खाते में अंतरित की जाएगी। घरेलू एलपीजी रिफिल की फुटकर विक्रय दर में परिवर्तन होने पर राज्य अनुदान भी परिवर्तित होगा।

मुख्यमंत्री लाइली बहना योजना के पोर्टल पर ऐसी बहनों को पंजीयन किया जायेगा जो पूर्व से गैस कनेक्शनधारी है। ऐसी बहनें प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की भी लाभार्थी हो सकती है। पंजीयन का कार्य उन सभी केंद्रों पर किया जाएगा जहां मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का पंजीयन होता है।

पंजीयन के लिये गैस कनेक्शन कंज्यूमर नंबर एवं एलपीजी कनेक्शन आईडी आवश्यक होंगे। मुख्यमंत्री लाइली बहना योजना का पंजीयन आईडी योजना अंतर्गत हितग्राहियों की पहचान का कार्य सभी ऑयल कंपनी से प्राप्त डेटा के आधार पर शासन दवारा भी किया जाएगा। शासन की ओर से स्वत: पंजीकृत हितग्राहियों की जानकारी 25 सितंबर से पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी तथा समय-समय पर उसे अद्यतन किया जाएगा। संबंधित हितग्राही इस जानकारी को गैस कंज्यूमर नंबर/गैस कनेक्शन आईडी और लाडली बहना आईडी की सहायता से पोर्टल पर 25 सितंबर से देख सकेंगे।

## बीना रिफाइनरी पेट्रो केमिकल प्रोजेक्ट प्रदेश में एक स्थान पर आया हुआ सबसे बड़ा निवेश



भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि 14 सितंबर बीना की पावन धरा पर एक नया इतिहास रचेगा। चौहान आज सागर जिले के बीना रिफाइनरी परिसर में 14 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जाने वाले पेट्रोकेमिकल प्रोजेक्ट के शिलान्यास की तैयारियों का अवलोकन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पेट्रो केमिकल प्रोजेक्ट मध्य प्रदेश में अब तक का एक स्थान पर आया हुआ सबसे बड़ा निवेश है। रूपये 50 हजार करोड़ के इस निवेश के साथ ही एक लाख करोड़ रूपये के निवेश प्रदेश के अलग-अलग स्थान पर होंगे, जिससे 2 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। इस प्रोजेक्ट से प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्ष रूप से 2.15 लाख और शेष 2 लाख को मिलाकर 4 लाख 15 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित होंगे। चौहान ने कहा कि युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे, जिससे उनकी जिंदगी आशाओं और उमंग से भर जाएगी। उन्होंने जनता से अपील की कि 50 हजार करोड़ के पेट्रोकेमिकल प्रोजेक्ट के निवेश को उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। चौहान ने यह भी कहा इस प्रोजेक्ट के निर्मित होने से बीना रिफाइनरी सहित अन्य क्षेत्रों में उद्योग धंधे स्थापित होंगे, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट के लिए पूर्व में इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था, जिसे राज्य सरकार ने आगे बढ़ाकर निवेश का रास्ता खोला है। इतने वृहद स्तर पर रोजगार के ऐसे अवसर कम ही आते हैं। इस प्रोजेक्ट के शुरू होने के बाद बीना सहित सागर, सिरोंज, कुरवाई, बासौदा सहित समीप के इलाकों में औद्योगिक हब बनेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बीना में औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार होने से होटल व्यवसाय बढ़ेगा। साथ ही अन्य व्यवसायिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार ने पेट्रोकेमिकल प्रोजेक्ट के लिए अनेक सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई हैं। मध्यप्रदेश में निवेश बढ़ने के साथ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इससे राज्य में सभी क्षेत्रों में प्रगति होगी। नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह, सहकारिता, लोक प्रबंधन मंत्री और सागर जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया, सांसद राजबहादुर सिंह, विधायक महेश राय, गौरव सिरोठिया सहित अनेक जन-प्रतिनिधियों के साथ वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## शिवराज ने उन्नत महिला किसान को बधाई दी

भोपाल। मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रपतिद्रौपदी मुर्मु द्वारा डिंडोरी जिले की उन्नत कृषक लहरी बाई को सम्मानित होने पर बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। चौहान ने कहा है कि लहरी बाई को मिला सम्मान, मध्यप्रदेश का सम्मान है। श्रीअन्न (मिलेट) के संरक्षण एवं संवर्धन में आपके द्वारा किए गए कार्य सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम श्रीअन्न के क्षेत्र में मध्यप्रदेश की न सिर्फ देश, बल्कि विश्व में एक विशेष पहचान स्थापित करें। प्रदेश में मोटे अनाज का जितना अधिक उत्पादन होगा, हमारे जनजातीय वर्ग के किसान भाई-बहन भी उतने ही अधिक आर्थिक रूप से सशक्त होंगे। अच्छे स्वास्थ्य के लिए भी मोटा अनाज लाभकारी है, इसलिए यह आवश्यक है कि अधिकाधिक लोग श्रीअन्न को अपनाएं और जीवन को स्वस्थ बनाएं।

# विदेशी आक्रांताओं को अपना आका मानने वालों के लिए भारत में कोई जगह नहीं

### सीएम योगी ने छत्रपति शिवाजी महाराज राज्यभिषेक की 350वीं वर्षगांठ पर इंदौर में आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

इंदौर/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विदेशी आक्रांताओं को अपना आका मानने वालों के लिए भारत में कोई जगह नहीं है। ऐसे विकृत मानसिकता के लोगों को प्रभु श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी और गुरु गोविंद सिंह की परंपरा का सम्मान अच्छा नहीं लगता है। उन्होंने बिना नाम लिए विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया की एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। वहीं कुछ लोग ऐसे हैं जो भारत और भारतीयता पर प्रश्न खड़ा करके भारत की विरासत को अपमानित करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं।

सीएम योगी ने बुधवार को छत्रपति शिवाजी महाराज राज्यभिषेक की 350वीं वर्षगांठ पर एमआई चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा का आवरण किया। उसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने आज से 350 वर्ष पहले मुगलों के सबसे क्रूर और बर्बर शासक को चुनौती देकर हिंदवी साम्राज्य की स्थापना की थी। यही वजह है कि आज हम सब उसी श्रद्धा और सम्मान के साथ छत्रपति शिवाजी महाराज का पुण्य स्मरण कर गौरव की अनुभूति कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि 17वीं सदी में शिवाजी महाराज ने लोक कल्याणकारी शासन सत्ता देकर राष्ट्रवाद को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि उनके इस शौर्य और पराक्रम को देखकर के उत्तर प्रदेश के महाकवि भूषण ने एक बात कही थी- दावा द्रुम दंड पर, चीता मृगझुंड पर, भूषन वितुंड पर, जैसे मृगराज हैं। सीएम योगी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की गौरवशाली परंपरा पर सम्मान व्यक्त करने के लिए भारत की नौसेना ने उनकी निशानी को अंगीकार करते हुए उसे अपना प्रतीक चिन्ह बनाया है। यह प्रधानमंत्री मोदी के कारण संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की हमारी सरकार छत्रपति शिवाजी महाराज को सम्मान देते हुए आगरा में म्यूजियम बना रही है, जो शिवाजी महाराज के शौर्य पराक्रम के साथ ही साथ भारत के इतिहास के प्रति गौरव की अनुभूति कराएगा।